आषाढ़ शुक्ल तृतीया 09:54 तक उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 जून 2025
वर्ष 6, अंक 90, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता 14

कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक 12

## भीषण उमस से राहत मिलने की आस, आज से बारिश के आसार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मौसम विभाग ने दिए अच्छी बारिश के संकेत, 55 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी आने और बिजली गिरने का अलर्ट

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण उमस से अब राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार से झमाझम से बारिश के आसार हैं। हालांकि मानसून होने के बावजूद कुछ दिन बारिश नहीं हुई लेकिन अब मौसम विभाग ने अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस दौरान राज्य के लगभग 50 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी चलने और बिजली गिरने का अलर्ट भी जारी किया गया है।

उधर, प्रदेश के पश्चिमी और तराई इलाकों में बीते दो दिनों से बारिश का सिलसिला चल रहा है। लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, सोनभद्र, गोरखपुर और वाराणसी सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, लेकिन पूर्वी प्रदेश में धीमी बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को खास राहत नहीं मिल पाई थी। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार 28 से 30 जून के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आने और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ, गोरखपुर, देवरिया आदि जिलों में भारी बारिश, बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। तेज हवा चलने और आंधी का भी अंदेशा है। मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, नोएडा, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा आदि जिलों में आंधी और बौछारों की संभावना है।

## देशभर के डाकघरों में अगस्त से शुरू होगा डिजिटल भुगतान

**नई दिल्ली।** देश में डाकघर अगस्त से काउंटरों पर डिजिटल भुगतान स्वीकार करना शुरू कर देंगे। आईटी व्यवस्था में एक नए एप्लिकेशन के क्रियान्वयन के बाद यह कदम उठाया जाएगा। फिलहाल डाकघर डिजिटल भुगतान स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनके खाते यूपीआई (यूनिक पेमेंट इंटरफेस) प्रणाली से जुड़े नहीं हैं।

आधिकारिक सूत्र ने बताया कि डाक विभाग अपने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) ढांचे को लागू कर रहा है, जिसमें नए एप्लिकेशन होंगे जो क्यूआर कोड के साथ लेनदेन करने में सक्षम होंगे। अगस्त, 2025 तक सभी डाकघरों में क्रियान्वयन पूरा हो जाएगा। आईटी 2.0 के तहत नई प्रणाली का परीक्षण के तौर पर उपयोग कर्नाटक सर्कल में शुरू किया गया है। मैसूर मुख्यालय (एचओ), बागलकोट मुख्यालय और इसके अधीनस्थ कार्यालयों में मेल उत्पादों की क्यूआर-आधारित बुकिंग सफलतापूर्वक की गई।

## लिव-इन अवधारणा महिला हितों के खिलाफ

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**हाईकोर्ट की टिप्पणी**

- लिव-इन रिलेशनशिप को वैध घोषित किए जाने के बाद से कोर्ट ऐसे मामलों से आ चुका तंग
- ऐसे रिश्तों के खत्म होने का प्रभाव पुरुषों की तुलना में महिलाओं पर पड़ता है अधिक

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले व्यक्ति को अपनी महिला मित्र का शोषण करने के आरोप से दोष मुक्त करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिव-इन रिलेशनशिप को वैध घोषित किए जाने के बाद से कोर्ट ऐसे मामलों से तंग आ चुका है। क्योंकि लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा भारतीय मध्यम वर्गीय समाज में स्थापित कानून के खिलाफ है।

कोर्ट ने कहा कि प्रायः देखा गया है कि जब ऐसे रिश्तों में खटास आ जाती है तो अंततः ऐसे रिश्तों में पड़े लोग अदालतों में कानूनी लड़ाई लड़ते हैं। ऐसे रिश्तों के खत्म होने का प्रभाव पुरुषों की तुलना में महिलाओं पर अधिक पड़ता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा महिलाओं के हितों के खिलाफ है। क्योंकि एक पुरुष एक या कई महिलाओं के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद भी शादी कर सकता है। लेकिन अलगाव के बाद महिलाओं के लिए जीवनसाथी ढूंढना मुश्किल हो जाता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकल पीठ ने बीएनएस, 2023 और पाक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में शाने आलम को जमानत देते हुए की।

याची पर आरोप है कि उसने पीड़िता से शादी का झूठा वादा करके उसके साथ अनैतिक संबंध बनाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता की अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आरोपी के दुष्कृत्य ने पीड़िता का जीवन बर्बाद कर दिया है। अब उसके लिए विवाह हेतु उपयुक्त वर ढूंढना मुश्किल हो रहा है। इस पर कोर्ट ने निष्कर्ष दिया कि यद्यपि युवा पीढ़ी लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा से बहुत प्रभावित है। इसका प्रतिकूल प्रभाव भी उनके जीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

## अब एप बताएगा किस राजमार्ग पर सबसे कम टोल

- एनएचएआई ने बनाया राजमार्ग यात्रा एप

**नई दिल्ली।** एनएचएआई का राजमार्गयात्रा एप जल्दी ही यह बताएगा कि किन्हीं दो स्थानों के बीच सबसे कम टोल वाला रास्ता कौन सा है। यह नई विशेषता अगले महीने से एप पर उपलब्ध होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि राजमार्गयात्रा एप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में व्यापक जानकारी देता है और उन्हें एक कुशल शिकायत निवारण प्रणाली भी प्रदान करता है।


भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) के कुशल परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के मुख्य उत्पाद अधिकारी अमृत सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करने के लिए तीन रास्ते हैं और एप यात्रियों को सबसे अच्छा रास्ता चुनने में मदद करेगा। सिंह ने कहा कि आप दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ की यात्रा कर सकते हैं, या गाजियाबाद- अलीगढ़- कानपुर- लखनऊ के रास्ते जा सकते हैं या मुरादाबाद- बरेली- सीतापुर- लखनऊ के रास्ते यात्रा कर सकते हैं। एप वाहन चालकों को दिल्ली और लखनऊ के बीच सबसे कम टोल वाले रास्ते के बारे में बताएगा।

# युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा रखती है मायने : योगी

### विश्व एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री ने योजनाओं का खोला पिटारा

- पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा, माफियाराज और जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा : योगी
- बरेली, मुरादाबाद में ओडीओपी की 18 करोड़ रुपये की सीएफसी परियोजनाओं का किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवा उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा**

यूथ अड्डा यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, सीएम युवा मोबाइल ऐप युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

**ओडीओपी से जिलों की विशिष्टता को मिला अंतर्राष्ट्रीय बाजार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं। बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी सबसे आगे है।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं की जाति नहीं, प्रतिभा मायने रखती है। हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती। हर युवा की प्रतिभा को मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा होती थी, बड़े उद्योग चलाने वाले ही नहीं, एमएसएमई भी बदहाल और बर्बाद थे। इससे पीछे एक जिला एक माफिया और जातीय संघर्षों को बढ़ावा देना प्रमुख कारण था।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को विश्व एमएसएमई दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल एप की शुरूआत समेत बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। योगी ने जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। साल 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था।

## भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता कर सकता है अमेरिका

### व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कार्यक्रम में ट्रंप ने दिए संकेत

वाशिंगटन, एजेंसी



- दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण प्रगति बताई

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया।

ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा... ट्रंप ने कहा कि चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। ट्रंप ने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था कि क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे। यह एक आसान तरीका है लेकिन मेरे लोग इसे इस तरह से नहीं करना चाहते हैं। वे इसको लेकर कुछ करना चाहते हैं। समझौते करने की ललक उनमें मुझसे भी अधिक है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए गुरुवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।

**अमेरिका को दुग्ध क्षेत्र में रियायतें देना कठिन**

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत मांग रहा है।

## प्रदेश के 20 लाख उपभोक्ताओं को बिजली दर में राहत देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घरो में छोटी दुकान करने वालों को मिल सकती है नई दरों में राहत
- पावर कॉरपोरेशन से नियामक आयोग को नई दरों का प्रस्ताव



**1 किलोवॉट की गैर घरेलू श्रेणी का प्रस्ताव**

यूपी पावर कॉरपोरेशन के ताजा प्रस्ताव में 1 किलोवॉट की गैर-घरेलू श्रेणी शामिल की गई है। ग्रामीण इलाकों में इसकी दर 7 रुपये प्रति यूनिट और शहरी इलाकों में 8 रुपये प्रति यूनिट प्रस्तावित है। यह दरें महंगे कॉमर्शियल टैरिफ की तुलना में किफायती हैं।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में स्व-व्यवसाय करने वाले उन लोगों को बिजली विभाग राहत देने की तैयारी में है जो अपने घर से ही दुकानदारी कर रहे हैं। ऐसे छोटे व्यवसायियों को बिजली के बढ़ते बिल और जुर्माना की चिंता सताती रहती है। इन उपभोक्ताओं को शीघ्र बड़ी राहत मिल सकती है। बिजली दरों में बदलाव अब सीधे इनकी जेब का बोझ कम करेगा।

दरअसल, यूपी पावर कॉरपोरेशन ने एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे लगभग 20 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंच सकता है। घर में छोटी दुकान चलाने वालों के लिए 1 किलोवॉट की नई बिजली दर तय की जा रही है, जो पहले नहीं थी। यह बदलाव खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत होगी। हकीकत यह है कि, अब तक ऐसे उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन से ही अपनी दुकान की जरूरतें पूरी करते थे। जिससे नियमों का उल्लंघन मानते हुए उन पर जुर्माना लगाया जाता था।

## 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

- पीएम कृषि सिंचाई योजना में लापरवाही पर सीएम के निर्देश पर कार्रवाई

**लखनऊ।** परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि परियोजना प्रबंधक और जेई से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों के विवरण की छानबीन में 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई ने कार्यों का विवरण नहीं दिए। जिसके बाद प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा के संजय कुमार, चित्रकूट कर्वी (2) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह के साथ ही प्रयागराज के जेई विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के जेई दिनकर और आशीष कुमार यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

**श्री जगन्नाथ का रथ खींचने उमड़ा सैलाब**



ओडिशा के पुरी में गुरुवार को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हुई। इस वार्षिक रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ पड़ा। इस दौरान परिवार और विश्व शांति की कामना से जयकारे भी गूंज रहे थे।

## ग्राम पंचायत स्तर पर चलेगी वित्तीय समावेशन योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय योजनाओं का लाभ गांवों तक पहुंचाने को चलेगा अभियान
- 1 जुलाई से 30 सितंबर तक अभियान चलाने के निर्देश

**अमृत विचार :** राज्य में वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष संतृप्तीकरण अभियान चलाने की तैयारी है।

1 जुलाई से 30 सितंबर सभी ग्राम पंचायतों में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के तहत पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ा जाएगा। साथ ही निष्क्रिय जनधन खातों की केवाईसी का पुनः सत्यापन, नए बैंक खाते खोलने समेत बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। संस्थागत वित्त महानिदेशक द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा।

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन लोग पकड़े गए

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' नामक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है और एक किशोर को पकड़ा है।

राज्य पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याएं करने की साजिश रच रहा था। डीजीपी ने कहा कि एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है, जिससे अनगिनत निर्दोष लोगों की जान बच गई है।

# चीन के साथ सभी जटिल मुद्दों को सुलझाएगा भारत

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष से सीमा निर्धारण के साथ सरहद पर तनाव घटाने पर की बात

चिंगदाओ/नई दिल्ली, एजेंसी



एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीनी समकक्ष डोंग जून के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

**रूस के रक्षा मंत्री से सुखोई विमानों के उन्नयन पर चर्चा**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के चिंगदाओ शहर में अपने रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ हुई वार्ता में भारत के सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू बेड़े का उन्नयन करना, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उत्पादन और एस-400 मिसाइल प्रणालियों की दो खेप की शीघ्र आपूर्ति पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष दोंग जून से कहा है कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने से संबंधित कदम उठाकर एक सुव्यवस्थित रूपरेखा के तहत जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने गुरुवार को चीन के बंदरगाह शहर चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार रक्षा मंत्री ने सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ के लिए अच्छे पड़ोस की परिस्थितियां कायम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए गतिरोध के परिणामस्वरूप उत्पन्न विश्वास की कमी को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई का आह्वान किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने दोंग को निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए पहलगाम आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने मौजूदा तंत्रों के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने, सीमा प्रबंधन और अंततः सीमा निर्धारण से संबंधित मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में सहमति बनी थी, जिसके बाद नई दिल्ली और बीजिंग के संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के बीच भारतीय रक्षा मंत्री की यह चीन यात्रा हुई है।

## शहर में आज



☞ विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक सर्किट हाउस सभागार में 2 :30 बजे

☞ लाल मस्जिद में जिक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल रात 9 :00 बजे


एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।

अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धर्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!

स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001

भागवत आचार्य: श्री शिव कुमार जी

संपर्क करें: 9410478735


# ईपीसीएच के मुख्य संयोजक ने की जिलाधिकारी से मुलाकात

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के महासचिव एवं ईपीसीएच के मुख्य संयोजक अवधेश अग्रवाल ने शुक्रवार को डीएम अनुज सिंह से मुलाकात की। इसमें पीतल नगरी के निर्यातकों से जुड़ी समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की।

डीएम कार्यालय में उन्होंने बताया कि प्रदूषण विभाग द्वारा थर्ड पार्टी से कराए जा रहे निरीक्षणों से निर्यातकों को परेशान किया जा रहा है। सुझाव दिया कि ऐसे किसी भी सर्वे से पूर्व डीएम की अनुमति अनिवार्य की जाए। लेवर, फायर और फैक्ट्री जैसे विभागों द्वारा किए जाने वाले निरीक्षणों की सूचना दी जाए। साथ ही लाभकारी योजनाओं की जानकारी कैंप लगाकर दी जाए। कांवड़ यात्रा के दौरान निर्यातकों के लिए एक निर्धारित मार्ग से यातायात सुगम बनाए जाने की भी मांग रखी गई। सुझाव दिया कि सभी विभागों और निर्यातक संघ के प्रतिनिधियों को शामिल कर समिति बनाई जाए और डीएम स्तर पर संयुक्त बैठक कर समस्याओं का समाधान किया जाए। डीएम ने क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से वार्ता कर निर्देश दिया कि बिना उन्हें जानकारी दिए कोई कार्रवाई न की जाए।



डीएम अनुज सिंह से मुलाकात करते निर्यातक अवधेश अग्रवाल।

# टीएमयू इंजीनियरिंग कॉलेज को आरवर्ल्ड में 130वीं रैंकिंग

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी को इंजीनियरिंग श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित आर वर्ल्ड इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग- 2025 में 130वां स्थान मिला है।

यह रैंकिंग शैक्षणिक प्रतिष्ठा, अनुसंधान आउटपुट, छात्र संतुष्टि उद्योग इंटरफेस, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बुनियादी ढांचे आदि का प्रतिफल है। टीएमयू के चांसलर सुरेश जैन ने कहा कि यह रैंकिंग टीएमयू परिवार के प्रत्येक सदस्य की निरंतर कड़ी मेहनत, दृढ़ता और तालमेल को दर्शाती है। ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन ने कहा कि यह उपलब्धि इंजीनियरिंग शिक्षा में गुणवत्ता और नवाचार के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने इस पर प्रसन्नता जताई।

## शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने से इनफर्टिलिटी का शिकार हो रही महिलाएं

# न होने दें खून की कमी, मां बनने में होती है दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **महिला अस्पताल समेत सीएचसी व पीएचसी पर प्रतिदिन पहुंच रहे 30 प्रतिशत मामले**



**अमृत विचार :** बेहतर भोजन न लेने, जीवनशैली में बदलाव के कारण गर्भवती महिलाओं में खून की कमी यानी एनीमिया और कुपोषण के मामले सामने आ रहे हैं। महिला अस्पताल में जांच के बाद ऐसी महिलाओं को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में दर्ज कर इलाज किया जा रहा है।

चिकित्सकों के अनुसार, मां ही गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत की जिम्मेदार होती है। मां कुपोषित या एनिमिक हुई तो बच्चे की सेहत प्रभावित होती है। महिला अस्पताल में प्रतिदिन जांच के लिए आने वाली 120-140 महिलाओं में 30 प्रतिशत गर्भवती इस परेशानी से पीड़ित हैं। महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. निर्मला पाठक के अनुसार, कुषोषित व एनिमिक गर्भवती महिलाओं की सेहत में अनुमान के अनुसार सुधार न होने पर प्रसव के दौरान जोखिम की आशंका होती है। दूसरी ओर, ऐसे बच्चों को जन्म के बाद बच्चों को एनआईसीयू वार्मर में रखा जाता है। महिलाओं को खासतौर पर गर्भवती होने पर विटामिन सी व ए वाले खाद्य पदार्थ जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, दाल, फल, अंजीर, खजूर, चना, गुड़, अंकुरित अनाज का सेवन करना चाहिए।

### क्या है एनीमिया

शरीर में हीमोग्लोबिन कम होने से एनीमिया का खतरा बढ़ जाता है। हीमोग्लोबिन एक तरह का प्रोटीन है। जब शरीर में आयरन की कमी होती है तो यह समस्या बढ़ जाती है। ज्यादा कैफीन, सिगरेट और एल्कोहल भी एनीमिया का कारण हो सकता है। ऐसे में महिलाओं को इन चीजों से दूरी रखनी चाहिए।

### ये हैं लक्षण

थकान, हाथ-पैर ठंडे होना, सांस लेने में परेशानी, त्वचा पीली होना, कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, हड्डियों, जोड़ों, पेट, सीने में दर्द, दिल की धड़कन अनियमित होना।

### क्या हैं कारण

आयरन और विटामिन बी12 की कमी, अनुवांशिकता, बहुत ज्यादा कॉफी, चाय, सिगरेट, शराब पीना, पौष्टिक आहार न लेना इसका मुख्य कारण है।जोखिम की आशंका होती है। दूसरी ओर, ऐसे बच्चों को जन्म के बाद बच्चों को एनआईसीयू वार्मर में रखा जाता है। महिलाओं को खासतौर पर गर्भवती होने पर विटामिन सी व ए वाले खाद्य पदार्थ जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, दाल, फल, अंजीर, खजूर, चना, गुड़, अंकुरित अनाज का सेवन करना चाहिए।

# सीडीओ ने ली पीएम आवास योजना की जानकारी


**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने विकास भवन सभागार में पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवास प्लस के सत्यापन को आयोजित बैठक में सत्यापन की जानकारी ली। चेकरों ने बताया कि 44,533 आवास के लिए आवेदन आए हैं। सहायक और लाभार्थी द्वारा आवेदन किए जाने उनके प्रपत्रों का सत्यापन किया जा रहा है।

सभी ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारियों, एडीओ पंचायत समेत सभी एडीओ को लगाया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत और ग्राम सचिवों पंचायत सहायकों भी सत्यापन का कार्य दिया गया है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने पारदर्शिता के आधार पर पात्र लाभार्थी का चयन करने का निर्देश दिया। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए आदि मौजूद रहे।

# छह सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन

## नगर निगम कार्यकारिणी के लिए सहमति से भाजपा व कांग्रेस ने किया सदस्यों का चुनाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



नगर निगम में चुने गए सदस्यों के साथ महापौर विनोद अग्रवाल। ● अमृत विचार

- **नगर निगम में छह सदस्यों का एक साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद चुने गए नए सदस्य**

**अमृत विचार :** नगर निगम की कार्यकारिणी के 6 सदस्यों का एक साल का कार्यकाल पूरा होने के चलते शुक्रवार को इतने ही सदस्यों का चुनाव कराया गया। थोड़ी बहुत गहमागहमी के बीच भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने सहमति से कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव निर्विरोध रूप से कराया। महापौर विनोद अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष अनुभव मेहरोत्रा और अन्य पार्षदों ने कार्यकारिणी में चुने गए सदस्यों को ने बधाई देकर जनता व निगम हित में कार्य करने के लिए कहा।

टाउनहॉल स्थित नगर निगम कार्यालय के सभागार में कार्यकारिणी के 6 पदों पर पार्षदों का चुनाव की प्रक्रिया नामांकन के साथ शुरु हुई। महापौर व भाजपा पार्षदों ने पार्टी के अधिक से अधिक सदस्यों को कार्यकारिणी में स्थान दिलाने के लिए दाव आजमाए लेकिन संख्या बल के हिसाब से गणित पुराने आंकड़े पर आकर टिकी। 23 पार्षदों वाली कांग्रेस ने पहले के दो सदस्यों की जगह फिर दो पार्षदों को कार्यकारिणी में स्थान दिलवाने में सफलता हासिल की। वहीं भाजपा की ओर से नये चेहरे के रूप में चार पार्षदों को कार्यकारिणी में स्थान मिल गया। आपसी समन्वय व सहमति से हुए चुनाव में सभी 6 सदस्य निर्विरोध रूप से चुन लिए गए। निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों में भाजपा के शिव प्रसाद शर्मा, शैलेंद्र कुमार, शिखा परमार, प्रशांत कुमार सागर और कांग्रेस के पार्षद मोहम्मद जुनैद, मोहसिन अहमद को कार्यकारिणी में स्थान मिला।

नगर निगम में उप नेता व पार्षद सुरेंद्र विश्नोई ने बताया कि कार्यकारिणी के सदस्यों में भाजपा के डॉ. गौरव श्रीवास्तव, तुषार, गीता शर्मा और देशरत्न कत्याल का कार्यकाल पूरा हो गया था। इनके स्थान पर पार्टी की ओर से पार्षद शिव प्रसाद शर्मा, शैलेंद्र कुमार, शिखा परमार, प्रशांत कुमार सागर को कार्य करने का अवसर मिला है। यह सभी जनता के हितों को और मजबूती से कार्यकारिणी में रखेंगे।

### कांग्रेस के मोहसिन अहमद को फिर अवसर

नगर निगम बोर्ड में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस पार्षद अनुभव मेहरोत्रा ने बताया कि वार्ड 35 से कांग्रेस पार्षद मोहसिन अहमद को कार्यकारिणी में दोबारा निर्विरोध चुना गया है। इसके अलावा इस बार वार्ड 64 के पार्षद मोहम्मद जुनैद को वार्ड 69 की कांग्रेस पार्षद रुबी की जगह कार्यकारिणी में पार्टी की ओर से स्थान दिलवाया गया है। यह सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

# कृषि स्नातक बेरोजगार बनें स्वावलंबी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कृषि स्नातकों के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर है। प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों को उनके फसल उत्पादन के लिये कृषि केंद्र (एग्रीजंक्शन) के बैनर तले समस्त सुविधायें वन स्टॉप शॉप के माध्यम से उपलब्ध कराई जानी है।

उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि इसके लिए जनपद के बेरोजगार कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबंधक स्नातक, स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों और उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन ऐसी गतिविधियों में डिग्रीधारी हैं, वह आवेदन करें। आईसीएआर, यूजीसी एवं अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी, कृषि विषय में इंटर मीडिएट योग्य प्रार्थी पर पहले विचार किया जाएगा। एग्री जंक्शन केंद्र की स्थापना के लिए विभाग की वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया है। जो दिनांक 20 जुलाई की शाम 5:00 बजे तक किया जा सकेगा। आवेदन निःशुल्क है। 2025-26 के लिए 07 एग्री जंक्शन केंद्र स्थापित किये जाने का लक्ष्य है।

# भगवान जगन्नाथ के दर्शन और कथा दिलाती है मोक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



भगवान की महिमा बताते धीरशांत दास अर्द्धमौनी।

- **नवीन नगर में आयोजित महोत्सव में अर्द्धमौनी ने बताईं प्रभु की महिमा**

**अमृत विचार :** हरे कृष्ण धाम नवीन नगर में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ छप्पन भोग व महाआरती महोत्सव आयोजित किया गया। भगवान जगन्नाथ जी को छप्पन भोग अर्पित करते हुए महाआरती की गई। आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने बताया कि कलियुग में भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन, आरती एवं स्वागत से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

भक्तों ने छप्पन भोग अर्पण कर भगवान का दिव्य श्रृंगार किया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की सेवा से जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मनुष्यों में इतनी शक्ति है कि परमात्मा की प्राप्ति कर सकते हैं।

जिस प्रकार बूढ़े मां- बाप छिपी हुई पूंजी, अपनी विशेष कृपा पात्र संतान को ही बताते हैं, उसी प्रकार भगवान अपने प्यारे संतों के सामने खुद प्रकट हो जाते हैं। जिन पर भगवान की कृपा होती है, उन्हें सच्चा सत्संग मिलता है। कन्या का विवाह हो जाता है तो वह उस घर की नहीं रहती, ससुराल की होतो जाती है, ऐसे ही सत्संग मिल जाय तो मनुष्य इस संसार का नहीं रहता, स्वतः-स्वाभाविक भगवान का हो जाता है।

कार्यक्रम में राम मोहन सिंह, सोनाली सरोज, राजीव शर्मा, आकाश शर्मा, माधुरी सक्सेना, अनुज सिंह, अजय पाल, गौरांग एडवोकेट, देव कुमार, देवांश अग्रवाल, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, सौरभ अग्रवाल, निखिल आदि भक्तों ने सहयोग दिया।

# इंसान का असल मकसद-ए-हयात अल्लाह की रजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **लाल मस्जिद में शुरू हुई 10 रोजा जिक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल**

**अमृत विचार :** मोहर्रम चांद दिखने के बाद महानगर की लाल मस्जिद में ईशा की नमाज के बाद 10 रोज़ा ज़िक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल की शुरूआत हो गई। इस महफिल में रोजाना मुफ्ती मोहम्मद दानिश कादरी खिताब करेंगे।

शुक्रवार की रात महफिल में मुफ्ती मोहम्मद दानिश कादरी ने अल्लाह और उसके बंदों का ताल्लुक के मौजू पर तफ्सील से बयान किया। उन्होंने कहा कि इंसान का असल मकसद-ए-हयात अल्लाह की रज़ा और क़ुर्ब हासिल करना है। लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आज के दौर में इंसान दुनियावी जिंदगी की रगबत और समाजी बुराइयों में इस कदर उलझ चुका है कि वह अपने रब से दूर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि झूठ, धोखा, रिश्वत, गीबत, हसद, नफरत, जुल्म और समाजी बिगाड़ इंसान के दिल को सियाह कर देता है, जिससे अल्लाह की रहमतें रुक जाती हैं। अगर इंसान अपने अंदर झांके, अपने गुनाहों पर शर्मिंदा होकर तौबा करे और समाज में फैल रही बुराईयों से बचकर नेक राह अख्तियार करे तो अल्लाह उसे अपने करीब कर लेता है। उन्होंने कहा कि ज़िक्र-ए-कर्बला हमें यही पैगाम देता है कि जुल्म, नाइंसाफी और बुराई के खिलाफ डट जाना और अपने अमल से अल्लाह की रज़ा हासिल करना ही असल मकसद है। उन्होंने कहा कि इन दस दिनों में हर रोज समाजी इस्लाह, तौबा, अल्लाह का क़ुर्ब और नेकियों की अहमियत पर तफ्सील से बयानात पेश किए जाएंगे। महफिल में रिजवान, रहमान, फुरकान कादरी, रेहान कादरी, शुजात अशरफ, रईस अशरफ, इमरान अशरफ, शादमान अशरफ शामिल रहे।

### इमाम हुसैन की शान में पेश किए कलाम

महानगर की कांठ की पुलिया स्थित ऐवाने वारिस पर जिक्र हुसैन की महफिल की शुरूआत हाफिज मोहम्मद अली वारसी ने तिलावत-ए-कुरान से की। महफलिम में अहमद मुरादाबादी ने कहा कि यह बात किस तरह समझाऊं मैं तुझे अहमद, नबी की आल का किरदार ही शरीअत है। उबेद वारसी ने कहा कि मेरे दिल की जमीं पर है क़दम ज़हरा के बच्चों का, मेरी नस्लों पे है दस्त-ए-करम ज़हरा के बच्चों का, ज़माने का कोई भी रंज उसे रुस्वा नहीं करता, सुकूनत पा ले जिस सीने में ग़म जहरा के बच्चों का। इस मौके पर शायर काशिश वारसी, नसीम वारसी, बिलाल वारसी, निहाल वारसी, सादिक अली वारसी, हैदर वारसी, अनस वारसी, समीर वारसी, फैसल वारसी ने भी इमाम हुसैन की याद में कलाम पेश किए।

### मोहर्रम का चांद दिखने के बाद गम में डूबा शिया समुदाय, मजलिसों का दौर शुरू

शुक्रवार को मोहर्रम की पहली तारीख से शिया समुदाय में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया। महानगर के अलग-अलग स्थानों पर हुई मजलिसों में जिक्र-ए-कर्बला हुआ तो अजादारों की आंखे नम हो गई। महानगर के मोहल्ला लाकड़ी वालान स्थित मरहूम अली यावर नकवी के मकान पर हुई। जिसे मौलाना हसन मुज्तबा साहब ने खिताब किया। मजलिस में हाजी शबी हैदर साहब ने मर्सिया ख्वानी की और हैदर ने कलाम पेश किया। मौलाना हसन मुज्तबा ने मजलिस को खिताब करते हुए कर्बला में पहुंचने तक का मंजर बयान किया। मदीने से कर्बला तक का सफर और उस पर घर की औरतों व बच्चों का साथ होना। सफर की तकलीफों और कर्बला में हुई यजीद की ज्यादतियो को सुनकर आजादरो के आसू छलक आए। इस दौरान महफिल में हाय हुसैना की सदाए बुलंद होने लगी जिसमें आजादरों ने मातम किया। दूसरी मजलिस चौमुखापुल स्थित इमामबाड़ा मीर सआदत अली में हुई। यहां मजलिस को मौलाना कोसर मुजतबा ने खिताब किया। जबकि तीसरी मजलिस मोहल्ला लाकड़ीवालान में इमाम बाड़ा हकीम फरजंद अली में हुई। जिसको भी मौलाना हसन मुजतबा साहब ने खिताब किया। मजलिस में आसिम यावर, डॉ. तनवीर, हाजी अमीरूल हसन, हाजी कायम हसनैन, मोहम्मद अब्बास, शान हैदर, गुलरेज हैदर रिजवी, आलम आब्दी, नावेद यावर, शबाब हैदर, गौहर मिर्जा, आसिफ रजा, हैदर रिजवी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# धारदार हथियार से युवक पर हमला हालत गंभीर

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** अमृत विचारः युवक पर धारदार हथियार से गांव के ही लोगों ने हमला कर दिया। पड़ोस के लोगों ने लहूलुहान देख उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर है। आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

थाना क्षेत्र के गांव उमरी सब्जीपुर निवासी राकेश ने बताया कि वह और उसके मौसा सतीश कुमार बीते गुरुवार की रात को फैक्ट्री से काम कर कर रात को घर आ रहे थे। तभी पप्पू का फोन आया की सतीश तू मुझे रास्ते में मिलजा, तुझसे बात करनी है। हम सरकारी स्कूल के पास पहुंच गए। तभी उसके साथ सुदेश व रूपेश दोनों ने सतीश के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं पर गिर गए। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग वहां पर आ गए। उन्होंने सतीश को उठाकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। आरोपियों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 13608 अभ्यर्थी कल देंगे कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **पुलिस की रहेगी कड़ी निगरानी, हर केंद्र पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात**
- **30 केंद्रों पर एक पाली में 29 जून को सुबह 10 से 12 बजे तक कराई जाएगी परीक्षा**

**अमृत विचार :** 29 जून को कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर पद के लिए परीक्षा यूपी एसएससी की ओर से जिले के 30 परीक्षा केंद्रों पर कराई जाएगी। प्रश्न पत्रों की पुलिस की निगरानी और जिला विद्यालय निरीक्षक की देखरेख में सुरक्षित रखवाया गया है। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से पुलिस बल का कड़ा पहरा रहेगा। जिला प्रशासन की ओर से हर केंद्र पर निगरानी के लिए स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। दो सचल दल भ्रमण करेंगे।

रविवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एक पाली में कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक पद के लिए 30 परीक्षा केंद्रों पर 13608 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके सकुशल कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि हर परीक्षा केन्द्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। केंद्रों में परीक्षा के लिए एक घंटे पहले परीक्षार्थियों को प्रवेश लेना होगा। पुलिस अधीक्षक नगर ने हर परीक्षा केंद्र पर एक उपनिरीक्षक, दो पुलिस कांस्टेबल, दो महिला पुलिस कांस्टेबल की तैनाती की है।

सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की व्यवस्था कोषागार से प्रश्न पत्रों के शील्ड बंडलों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने एवं परीक्षा समाप्ति होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के शील्ड बंडलों को पुलिस बल की कड़ी निगरानी में कोषागार में रखा जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं के शील्ड बंडल परीक्षा के बाद आयोग को दो सशस्त्र पुलिस बल के जवान की निगरानी में भेजे जाएंगे।

### ये कॉलेज बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र

अब्दुल सलाम मुस्लिम कन्या इंटर कॉलेज, अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज, अंसार इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, बलदेव आर्य इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, फलाहे दारेन इंटर कॉलेज, जी.जी. हिन्दू इंटर कॉलेज, गोकुल दास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, राजकीय पॉलीटेक्निक, एचएसबी इंटर कॉलेज, हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज, हिंदू कॉलेज, हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज, जे.आर. अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज, के.जी.के. इंटर कॉलेज, कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, महाराजा हरीशचन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज, पी.एल.जे.एल. रस्तोगी इंटर कॉलेज, लाजपत नगर, पीएम श्री गर्वमेन्ट इंटर कॉलेज, पारकर इंटर कॉलेज, प्रभा देवी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, आरएन इंटर कॉलेज, रामचन्द्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज व एसएस इंटर कॉलेज।

# 50 प्लस मिक्स डबल्स में मधु -नगेंद्र जीते

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पुलिस लाइन में हो रही प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- **42वीं यूपी पुलिस वार्षिक बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता**

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन में चल रही 42वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक बैडमिंटन क्लस्टर (बैडमिंटन/टेबल टेनिस) प्रतियोगिता में शुक्रवार को हुए मुकाबलों में टेबल टेनिस 50 प्लस मिक्स डबल्स में मधु कश्यप और नगेंद्र सिंह राठौर की जोड़ी ने विश्राम सिंह और सुनीता को हराकर पहला स्थान प्राप्त किया।

40 प्लस मिक्स डबल्स में महेश चंद्र पांडे और अर्चना ने आलोक मिश्रा और सुनीता सिंह को मात दी। व्यक्तिगत ओपन महिला वर्ग में रानी सिंह (प्रयागराज) प्रथम और प्रियंका (मेरठ) द्वितीय स्थान पर रहीं। बैडमिंटन 45 प्लस पुरुष डबल्स में कदीम अली और वरुण पंवार की जोड़ी ने प्रीतम भाटी और राजेश चौधरी को हराया। 55 प्लस मिक्स डबल्स में संजय सिंह और शीला यादव ने विपिन सिंह और मधु कश्यप को हराकर जीत दर्ज की। 45 प्लस पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में कदीम अली (कानपुर जोन) ने चंद्रभूषण (पीएसी पूर्वी जोन) को हराया। 50 प्लस व्यक्तिगत वर्ग में डीडी तिवारी (जीआरपी जोन) ने अनिल सिरोही (मेरठ जोन) को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायक मंडल की भूमिका अहम रही। निर्णायकों में आरएसओ अजय पाठक, मनोज कुमार, वर्षा चाहर, आसिफ सिद्दीकी, फिरोज खान, महेश चंद्र पांडे, शिवनारायण राजपूत, सतीश कुमार, पीटीआई सुधीर शर्मा और आरक्षी रविंद्र कसाना मौजूद रहे।

**पहचान** | दिल्ली रोड पर विज्ञान पथ में मिसाइल मैन, खिलाड़ियों के चित्र से उपलब्धियों का बखान

# विकास के रंगों से स्मार्ट दिख रहीं मुरादाबाद की सड़कें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **डबल फाटक फ्लाईओवर के नीचे बना चित्र ब्रास की नक्काशी परंपरा को कर रहा जीवंत**

**अमृत विचार :** महानगर की सड़कें अब विकास के नये रंग से स्मार्ट दिख रही हैं। दिल्ली रोड पर विज्ञान पथ में जहां मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की वैज्ञानिक क्रांति की गाथा से रूबरू हो रहे हैं तो कांठ रोड, रामपुर रोड के अलावा डबल फाटक फ्लाईओवर के नीचे बनी ब्रास की नक्काशी विश्व प्रसिद्ध पीतलनगरी की परंपरा को मजबूत कर रही है।

महानगर में ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, धार्मिक, साहित्यिक विरासत की झलक हर ओर लोगों को लुभा रही है। यहां की सड़कों पर विकास का नया रंग दिख रहा है। दिल्ली मुरादाबाद रोड पर जहां कई धार्मिक, साहित्यिक व खेल के क्षेत्र की प्रसिद्ध हस्तियों के चित्र लोगों को आकर्षित कर रही है। तो इसी रोड पर विज्ञान पथ पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की मिसाइल तकनीक की उपलब्धि देश की गौरव गाथा प्रदर्शित कर रही है। सड़कों के दोनों पटरियों व डिवाइडरों की गई चित्रकारी व पेंटिंग से यह खूबसूरत दिख रही हैं। डबल फाटक फ्लाईओवर के नीचे की गई चित्रकारी विश्व प्रसिद्ध पीतलनगरी में ब्रास की नक्काशी परंपरा को और जीवंत बना रही है। इस फ्लाईओवर के पिलरों पर देश की महान विभूतियों छत्रपति शिवाजी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आदि का चित्रण कर वंदे भारत की प्रेरणा को बढ़ाया जा रहा है। जो युवा वर्ग को ज्ञान व अपनी विरासत का संदेश दे रहा है।



डबल फाटक पुल के नीचे मुरादाबाद ब्रास सिटी की झलक।



मुरादाबाद मंडल के कलाकारों के चित्रों की पेंटिंग।

### सांस्कृतिक, धार्मिक सैन्य पराक्रम व संविधान की विरासत को संजोया

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल बताते हैं कि नगर निगम विकास के साथ ही देश की सांस्कृतिक, धार्मिक, सैन्य पराक्रम व संविधान के मूल्यों की विरासत को संजोकर वर्तमान व भावी पीढ़ी को ज्ञान के साथ ही अपनी विरासत पर गर्व करने का अवसर प्रदान कर रही है। सड़कों पर दिख रही यह विरासत मुरादाबाद से होकर आने जाने वालों को नई अनुभूति करा रही है।

**आज का मौसम**

धूप के बीच कभी कभी हल्के बादल छाए रहेंगे।

35.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:17

## तीन बार डीआईजी के सामने पेश हुई दुष्कर्म पीड़िता, तब लिखा गया मुकदमा

# डीआईजी का आदेश किया दरकिनार, इंस्पेक्टर निलंबित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डीआईजी का आदेश दरकिनार करना मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक को भारी पड़ गया। लगभग एक माह तक भटकने के बाद डीआइजी के तीसरे आदेश पर मझोला पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता का केस दर्ज किया। फिर थाना पुलिस समझौता कराने के प्रयास में लगी रही। डीआईजी के तीसरे आदेश पर पुलिस ने 29 मई को मुकदमा दर्ज किया। दो बार के आदेश को दरकिनार करने वाले इंस्पेक्टर रामप्रसाद शर्मा की डीआईजी ने एसपी क्राइम से जांच करा दी। जांच रिपोर्ट में दोषी मिलने पर गुरुवार की देर रात इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया। पुलिस लाइन में रहने के निर्देश देते हुए बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी है।

- एक माह तक थाना पुलिस मामले को समझौता कराकर निपटाने के प्रयास में लगी रही

थाना मझोला क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती की शादी भगतपुर निवासी सेल्सटैक्स में तैनात बाबू ओमकार के साथ तय हुई थी। जनवरी माह में युवती के घर में देखने की रस्म के दौरान युवती के पिता ने युवक को दो लाख रुपये दिए। इसके बाद गोदभराई एक होटल में हुई, जिसमें दहेज में पांच लाख रुपये दिए। शादी में देने के लिए 19 अप्रैल को युवती के पिता ने कार खरीद ली, लेकिन कुछ दिन बाद युवक के पिता ने दहेज में 30 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। युवती का आरोप है कि शादी तय होने के बाद मार्च में युवक मुरादाबाद में मकान दिखाने के बहाने साथ लेकर गया और नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया। इसी बीच शादी की तारीख 9 मई तय हो गई, लेकिन युवक ने शादी से इंकार कर दिया। मामला खुशहालपुर चौकी तक पहुंच गया। चौकी इंचार्ज की मौजूदगी में एक माह के अंदर शादी होने की बात तय हो गई, लेकिन दो दिन बाद फिर से युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया।

इसके बाद पीड़ित ने माता पिता के साथ पहुंचकर थाना पुलिस को दुष्कर्म और दहेज के लिए शादी नहीं करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। दुष्कर्म पीड़ित के अनुसार 23 अप्रैल को वह माता पिता के साथ डीआईजी मुनिराज जी के पास पहुंची। डीआईजी ने शिकायत सुनने के बाद शादी कराने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शादी कराने के लिए दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने, लेकिन इसके बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसके बाद 22 मई को युवती फिर से डीआईजी के पास पहुंची। डीआईजी ने थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए।

डीआईजी के कहने पर युवती थाने पहुंची तो उसकी सुनवाई नहीं हुई और थाने टरका दिया गया। तीसरी बार युवती 28 मई को फिर से डीआईजी के पास पहुंची। डीआईजी ने एक बार फिर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए, लेकिन पुलिस ने फिर भी मुकदमा दर्ज नहीं किया। 29 मई को युवती के माता-पिता डीआईजी के पास पहुंच गए। डीआईजी को जब पता चला कि आदेश के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो उन्होंने अपने कार्यालय से इंस्पेक्टर को फोन कराया। नाराजगी व्यक्त की तो 29 मई की शाम पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर ओमकार, सुरजीत सिंह, विवेक, राहुल, सुरेंद्र सिंह, हरि सिंह, राजेंद्री, प्रियंका और पूजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। देर से मुकदमा दर्ज करने पर डीआईजी मुनिराज जी ने जांच एसपी क्राइम सुभाषचंद्र गंगवार को सौंप दी। उन्होंने जांच करने में पाया कि पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती है। गुरुवार की शाम जांच रिपोर्ट डीआइजी के पास पहुंची तो उन्होंने देर रात इंस्पेक्टर रामप्रसाद शर्मा को निलंबित कर दिया।




## एक नजर

### प्रेमी पर ब्लैकमेलिंग कर रेप का आरोप

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती गांव निवासी एक विवाहिता ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका गांव के ही साजिद नाम के युवक के साथ सात साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ बलात्कार किया। मां-बाप को पता चला तो उन्होंने ऑनर किलिंग की धमकी देते हुए उसकी शादी कोतवाली क्षेत्र के ही एक युवक से कर दी। शादी के बाद प्रेमी साजिद उसकी ससुराल में पहुंचा जहां वह उसे साथ जाने का दवाब बनाता रहा। वह मायके आई तो साजिद उसे होटल में ले गया और जबरन बलात्कार किया। अब वह उसके साथ जाने से मना कर रही है तो आरोपी उसके अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ई रिक्शा पलटा, दबकर आम विक्रेता घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा डिलारी मार्ग पर ई रिक्शा पलटने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव किशनपुर गांधी निवासी लाला (45) थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरा से ई-रिक्शा में आम की पत्तियां भरकर गांव जा रहा था तभी रास्ते में तेज रफ्तार ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गई। जिसमें आम विक्रेता ई रिक्शा के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने आम की पेटी हटाकर ई रिक्शा के नीचे से आम विक्रेता को निकाला। गंभीर हालत में उसे एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

### प्रधान को ब्लैकमेल कर रहा फर्जी यूटयूबर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रूपपुर टंडोला गांव के ग्राम प्रधान लेखराज सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एक व्यक्ति खुद को यूटयूबर बताकर उन्हें झूठे वीडियो बनाकर बदनाम करने की धमकी दे रहा है। साथ ही 10,000 रुपये रंगदारी मांग रहा है। प्रधान ने आरोप लगाया है कि उक्त व्यक्ति पहले से ही रंगदारी के मामले में आरोपी है। महिलाओं से जुड़े झूठे वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दे रहा है। प्रधान ने कोतवाली पुलिस से मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### बस से टकराई डॉक्टर की कार, दो घायल

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर सीएनजी पंप के पास गुरुवार देर रात ठाकुरद्वारा सीएचसी के डॉ. जुनेद आलम की कार में दिल्ली की ओर से आ रही डबल डेकर बस ने टक्कर मार दी। जिसमें डॉक्टर व चालक अरशद घायल हो गए। हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। उसके बाद बस व कार को हाईवे से हटाया गया। यातायात को सुचारू रूप से चालू किया गया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि कार दिल्ली की ओर से आ रही थी। सामने से डबल डेकर बस जा रही थी। सीएनजी पंप के पास टकरा गई। जिसमें चालक एवं डॉक्टर के चोटे आई हैं। अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

# 12 करोड़ की भूमि से हटवाया कब्जा

## जेसीबी से ध्वस्त कराया निर्माण, कब्जाधारकों ने की नगर निगम टीम से नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को निगम की भूमि पर कब्जा कर किए निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराया। उसे अपने अधिकार में लिया। इस जगह की कीमत 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है। निगम की बेशकीमती भूमि पर लंबे समय से कब्जे को हटवाने के लिए नगर आयुक्त ने आदेश दिया।

महानगर के पॉश इलाके सिविल लाइंस के मंदिर के सामने स्थित नगर निगम के गाटा संख्या 398 पर 400 वर्गमीटर सरकारी भूमि पर कई लोगों ने अनाधिकृत कब्जा कर दो मंजिला मकान का निर्माण करा लिया था। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के आदेश पर अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल और स्थानीय थाने की पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। टीम के पहुंचने पर कब्जेदार महिलाओं ने विरोध कर नोकझोंक की। हंगामे की स्थिति बनी रही। हालांकि अपर नगर आयुक्त ने स्थानीय थाने की पुलिस बुलाकर निगम की इस भूमि पर कराए गए निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराकर दिया। इसे निगम के अधिकार में टीम ने ले लिया। बताया कि इस संपत्ति की अनुमानित कीमत 12 करोड़ रुपये है। बार बार नोटिस देने के बाद भी कब्जाधारी इसे खाली नहीं कर रहे थे। जिसके बाद टीम ने कार्रवाई की है।



सिविल लाइंस में मंदिर के सामने से निगम की भूमि पर किए कब्जा को हटवाते अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार व साथ में अन्य। • अमृत विचार



कार्रवाई करती नगर निगम की जेसीबी।

- अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में पहुंची थी टीम

नगर आयुक्त ने कहा कि महानगर में नगर निगम की भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं है। हर हाल में कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

यदि इसमें नगर निगम के किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आई तो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। निगम के संपत्तियों की सुरक्षा हर अधिकारी व कर्मचारी का दायित्व है।

## इंस्टाग्राम पर महिला व उसके परिवार की फोटो वायरल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** इंस्टाग्राम पर आईडी बनाकर महिला व उसके परिवार के फोटो पोस्ट करने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना मुगलपुरा क्षेत्र के मोहल्ला कानून गोयान निवासी महिला ने बीते दिनों मुगलपुरा थाना और साइबर क्राइम थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि किसी व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर आई एम रामप्रसाद रस्तोगी नाम से फर्जी आईडी बना रखी है। आरोप है कि इस आईडी से उसके और उसके परिवार के लोगों के फोटो पोस्ट किए जा रहे हैं। जिससे पूरा परिवार काफी परेशान है। थाना मुगलपुरा के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### छह साल से फरार जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में छह साल से फरार चल रहे आरोपी बिट्टू और उसके भाई धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अगवानपुर क्षेत्र में दंपती से मारपीट और फायरिंग की थी। थाना सिविल लाइंस के अगवानपुर बाईपास निवासी राजदुलारी ने बीती 28 जनवरी 2019 को जानलेवा हमला और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह पति बाबू के साथ बाइक से जा रही थी। तभी बाईपास पर आरोपी बिट्टू ने भाई धर्मेंद्र और साथियों के साथ मिलकर बाइक रोक ली। बिट्टू ने बाबू के ऊपर तमंचा से फरार किया था। जबकि धर्मेंद्र ने राजदुलारी पर चाकू से हमला किया था। एसपी सिटी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोर्ट से कुर्की नोटिस जारी कराया। बाद में थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना और एसआई अनुज कुमार की टीम ने पड़ताल की तो पता चला कि दोनों आरोपी भोजपुर के गांव लालूवाला स्थित जमीन और मकान बेच कर जा चुके हैं। पता चला कि आरोपी अमरोहा के नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के याहियासूद मिल के पास रह रहे हैं। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि एसआई अनुज कुमार की टीम ने दबिश देकर दोनों को नौगांवा सादात से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया।

### मुर्गा मीट विक्रेता को तमंचा दिखाकर एक लाख की लूट

**बिलारी, अमृत विचार :** कुंदरकी के मोहल्ला लाइनपार निवासी मोहम्मद नईम पुत्र छिद्दा हुसैन की रुस्तमनगर सहसपुर में मुर्गा मीट की दुकान है। वह शाम 6:30 बजे सहसपुर से एक्टिवा से घर जा रहा था। इसी बीच हाथीपुर तेवरखास गांव के पास में बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने एक्टिवा को रुकवा लिया। तमंचा दिखाकर जेब में रुपये न मिलने पर डिक्की खुलवाई। डिक्की में एक लाख रुपए रखे हुए थे। जिसे लूटकर आरोपी फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा मौके पर पहुंचे। आसपास छानबीन की लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं लगा। पुलिस ने एक टीम सीसीटीवी कैमरे को खंगालने के लिए लगा दी ताकि बाइक सवार बदमाशों की पहचान हो सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जांच जारी है।

### फ्लाई ओवर पर कोयले से भरा ट्रक पलटा, चालक घायल

**अगवानपुर, अमृत विचार :** टांडा बादली मोहनपुर जनपद रामपुर निवासी नाहिद रामपुर से कोयला भरकर अगवानपुर जीनस पेपर मिल लेकर जा रहा था। ट्रक में लगभग 360 क्विंटल कोयला भरा हुआ था। शुक्रवार को फ्लाई ओवर पर पहुंचा तो ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। चालक घायल हो गया। चौकी प्रभारी सुनील राठी ने क्रेन बुलवाकर चालक को सकुशल केबिन से निकलवाकर अस्पताल भिजवाया गया।

# भाकियू ने लगाया परिवहन विभाग की डीटीआई शाखा में भ्रष्टाचार का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के किसानों ने शुक्रवार को संभागीय परिवहन विभाग की कांठ रोड स्थित डीटीआई शाखा में भ्रष्टाचार व अनियमितता का आरोप लगाकर धरना दिया। एआरटीओ प्रशासन को ज्ञापन दिया। चार दिन में कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

टिकैत के किसान युवा प्रभारी पश्चिमी उ. प्र शुभम राठी के नेतृत्व में डीटीआई के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने विभाग के एक अधिकारी व संविदा कर्मचारी पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाकर धरना दिया। युवा प्रभारी ने कहा कि लाइसेंस बनवाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। इसमें कुछ किसान भी हैं जिनको ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा। उन्होंने मारपीट करने का भी आरोप लगाया। धरना प्रदर्शन की सूचना पर एआरटीओ प्रशासन आंज्यनेय सिंह मौके पर पहुंचे। उन्हें ज्ञापन दिया गया। आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की। एआरटीओ ने चार दिन में मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। किसान नेता ने ऐसा न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष ऋषभ चौधरी, ब्लॉक महामंत्री कुंदरकी रागिब चौधरी, नगर अध्यक्ष कुंदरकी साजिद खान बब्लू, तस्लीम बाबा, आस्कार लम्बरदार, अरविंद चौधरी, छवी चौधरी, शिखर राठी, युवा जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह, युवा जिला महासचिव संदीप सांगवान आदि मौजूद रहे।



एआरटीओ आंज्यनेय सिंह को ज्ञापन देते भाकियू टिकैत के किसान।

- कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर एआरटीओ को ज्ञापन दिया

## बारिश के बाद चिलचिलाती धूप ने बढ़ा दी उमस

**कांठ, अमृत विचार :** मौसम का मिजाज शुक्रवार को एक बार फिर बदल गया। दो दिन पहले कांठ क्षेत्र में बारिश के बाद शुक्रवार को चिलचिलाती धूप ने आमजन को बेहाल कर दिया। दोपहर में उमस भरी गर्मी में लोग पसीने से तरबतर हो गए। देर शाम तक लोग गर्मी से परेशान रहे। हालांकि मौसम विज्ञानियों के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश की संभावना बनी हुई है।

एक सप्ताह से आसमान में बादलों का डेरा होने व रुक रुक कर तेज तो कहीं रिमझिम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई थी, वहीं खेती किसानी में भी जोर आया था। लेकिन शुक्रवार को निकले सूरज से लोग परेशान हो गए। ज्यों ज्यों दिन चढ़ता गया चिलचिलाती धूप ने आमजन को बेहाल कर दिया। गर्मी ऐसी कि कूलर, पंखे भी फेल हो गए। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में बारिश की संभावना बनी हुई है।

# आषाढ़ में भीषण गर्मी से लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आषाढ़ के महीने में लोग ज्येष्ठ की दोपहरी की तरह तप रहे हैं। दोपहर में सूरज की किरणें झुलसाने के लिए बेचैन हैं। दिन में सड़कों पर आवाजाही कम होने के बाद भी घर में रहने वाले भी तपिश व उमस से बीमार हो रहे हैं। तापमान 36 डिग्री से अधिक होने से गर्मी से लोग व्याकुल हो रहे हैं। रात को नींद पूरी न होने से लोग अनिद्रा, बेचैनी से परेशान हो रहे हैं।

मानसून की दस्तक नाम मात्र की साबित हुई। एक दिन आधे घंटे की बारिश के बाद फिर हर दिन बदरा बिन बरसे उमड़ घुमड़ रहे हैं। सुबह लगा मानों आज मौसम अच्छा रहेगा लेकिन धूप निकलते ही एक बार फिर गर्मी चरम पर पहुंचने लगी। दोपहर में सूरज की तपिश इतनी रही कि मानों त्वचा झुलस जाएगी। अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री और न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 48 प्रतिशत रहा। गर्म हवा लू के थपेड़ों की तरह रही। अगले कुछ दिन अभी ऐसे ही मौसम रहने का अनुमान मौसम विशेषज्ञ जता रहे हैं।

वहीं गर्मी व उमस से बड़े व बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। जिला अस्पताल में फिजिशियन व बालरोग विभाग की ओपीडी में डायरिया, बुखार, पेट दर्द के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा बेचैनी, उलझन व सांस फूलने की कई मरीज शिकायत कर चिकित्सकों से इलाज कराने पहुंचे।



चेहरा ढांककर निकली युवती।

- दोपहर में धूप में निकलने से बच रहे लोग, जरूरी होने पर ही निकल रहे

### डायरिया, उल्टी दस्त के अलावा सांस फूलने की समस्या

जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एनके मिश्र ने बताया कि गर्मी व उमस से दिनचर्या पर काफी असर पड़ रहा है। तेज धूप से लोगों को डायरिया, उल्टी दस्त के अलावा सांस फूलने की समस्या भी अधिक हो रही है। जरा सी असावधानी मुश्किल में डाल रही है। इन दिनों बाहर की खुली खाद्य सामग्री व कटे फटे फल आदि का सेवन करने से परहेज करें। शीतल पेय पदार्थों व स्वच्छ पानी का प्रयोग करें। इसके बाद भी तबीयत बिगड़ने पर विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श से इलाज कराएं।

# एसएसपी ने परेड के बाद लिया फिटनेस परीक्षण और व्यवस्थाओं का जायजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली। साथ ही परेड में सम्मिलित पुलिस अधिकारियों व कर्मियों का टर्नआउट चेक किया। एसएसपी ने परेड ग्राउंड में पुलिसकर्मियों का फिटनेस परीक्षण लिया और अनुशासन व चुस्ती-फुर्ती पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

परेड के बाद एसएसपी सतपाल अंतिल ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों, ड्रिल अभ्यास, शस्त्र संचालन सहित अन्य तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की। साथ ही, प्रचलित आरक्षी भर्ती के परिप्रेक्ष्य में पुलिस प्रशिक्षण की तैयारियों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने निर्माणाधीन भवनों, बैरक, मेस तथा साफ-सफाई की स्थिति को देखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था और आवासीय सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंत में एसएसपी ने आदेश कक्ष में गार्द कमांडरों के रजिस्टरों का अवलोकन किया और दस्तावेजों के रखरखाव में पारदर्शिता व नियमितता बनाए रखने के निर्देश दिए।



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसएसपी सतपाल अंतिल। • अमृत विचार

- अनुशासन व चुस्ती-फुर्ती पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए

## मां-बेटी व देवरानी से छेड़खानी विरोध पर मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खेत पर गई मां-बेटी व देवरानी के साथ गांव के युवकों ने छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध पर बेटी-देवरानी से मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। जब वह उन्हें बचाने पहुंची तो उससे भी मारपीटी की। दहशत में बेटी बेहोश हो गई।

शरीफ नगर निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि शुक्रवार सुबह वह, बेटी व देवरानी खेत पर गए थे। इसी दौरान गांव के तीन दबंगों ने बेटी व देवरानी को देखकर गाली गलौज करते हुए उनके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी जब उन्होंने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। उसे बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट कर अश्लील हरकतें करते हुए सरेआम बेइज्जत किया। घटना में उसकी बेटी बेहोश हो गई, जो सरकारी अस्पताल में भर्ती है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

**भाजपा का कार्यक्रम** | महिला मोर्चा महानगर व जिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मॉक पार्लियामेंट आयोजित

# कांग्रेस के आपातकाल की यातना आज भी जेहन में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाया था। इस दौरान लोगों पर ढाए गए जुल्म व यातना आज भी लोगों के जेहन में याद है।

भाजपा महिला मोर्चा मुरादाबाद महानगर व जिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में मॉक पार्लियामेंट को मुख्य अतिथि पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री ने कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल पर चर्चा की। आपातकाल की घोर निंदा की। कहा कि आपातकाल के 50 साल पूरे हो चुके हैं लेकिन वह काला दिन अभी तक तमाम लोगों के जेहन में बना हुआ है। विडंबना यह है कि 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस की मानसिकता नहीं बदली है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं राज्यसभा सांसद और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि इमरजेंसी एक ऐसा काला अध्याय था जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी रहीं। कार्यक्रम संयोजिका भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल व सह संयोजिका प्रदेश उपाध्यक्ष दीक्षा गंगवार व भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, कमलेश सैनी, मंजू शिवाच, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा आदेश चौधरी, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा डॉ. विजय लक्ष्मी, हेमा खत्री, सुनीता सैनी, डॉ. शशि चौहान, ज्योति बंसल, मदालसा शर्मा, शीतल राजपूत, वनीता मल्होत्रा, लता चंद्रा, पारुल अग्रवाल, विनीत मल्होत्रा, सुषमा सरन, अनीता लोधी सहित अन्य की मौजूदगी रही।




मॉक पार्लियामेंट में मौजूद भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, शिक्षा मंत्री गुलाब देवी व अन्य। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कुंदरकी विधायक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**कुंदरकी, अमृत विचार :** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों, जनहित से जुड़े मुद्दों एवं आवश्यक परियोजनाओं पर चर्चा की। विधायक ने कुंदरकी – डींगरपुर – रतनपुर कंला – पाकबड़ा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 40 करोड़ स्वीकृत करने के लिए क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। विधायक कुंदरकी ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुरादाबाद में एस0ई0जेड0( स्पेशल इकोनोमिक जोन) वर्षों पहले बनाया गया था। औद्योगिक युनिट लगाने के लिए सैकड़ो किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया था, जिन्हें बहुत कम मुआवजा मिला था। क्योंकि उस समय 4 गुना का प्रावधान नहीं था। अभी तक यहां बहुत कम औद्योगिक युनिट लग पाए है जिसके कारण अधिकांश भूमि खाली पड़ी है। अत: यहां युनिटों की स्थापना कराई जाये, जिससे क्षेत्र की जनता के लिए रोजगार के अवसर पैदा हों। नगर निगम के विस्तार के लिए जनपद के 15 गावों को जोड़ने का प्रस्ताव भेजा गया है। अगले वर्ष पंचायत चुनाव होने है, अत: 15 गांव मोरा मुस्तकम, मोरा एहतमाली, भटावली पहतमाली, सोनकपुर का आंशिक भाग, भोला सिंह की मिलक, मंगूपुरा, वसंतराम राय, रामनगर मझरा मुस्तकम, पहतमाली, मुस्तफाबाद मुस्तकम, एहतमाली, भैसिया, वरवारा मझरा, रसूलपुर, सुनवाती, मनोहरपुर, डिडोरी, डिडोरा, खदाना और चौधरपुर को शामिल करने के प्रस्ताव पर पंचायत चुनाव से पहले निर्णय लिया जाए। जिससे इन ग्रामों के पंचायत चुनाव पर सरकारी पैसा अनावश्यक व्यय न हो। भेंट के दौरान निर्यातक राहुल सिंह भी उपस्थित रहे।

### समाजसेवियों ने किया वेज बिरयानी का वितरण




**कांठ, अमृत विचार :** शुक्रवार को हजरत उमर फारुख की शहादत पर नगर के गांधी आश्रम के सामने समाजसेवियों एवं मुस्लिम युवाओं के द्वारा स्टॉल लगाकर राहगीरों को वेज बिरयानी का वितरण किया गया। इस अवसर पर, अनीस अहमद,हाजी रिजवान शकील, इदरीसी, नफीस अहमद, इदरीश अहमद, रिजवान अल्वी,हाफ़िज़ मजहर, शमशाद सलमानी, एवं मुस्लिम युवा मौजूद रहे।

### घर से भागकर दो बहनों ने प्रेमियों से किया निकाह

**भोजपुर, अमृत विचार :** गुरुवार की रात दो बहनें प्रेमियों के साथ फरार हो गईं। आधी रात में काजी ने निकाह करा दिया। दो दिन पूर्व भी कस्बे में एक युवक ने दूसरे संप्रदाय की लड़की के साथ फेरे लिए थे। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी अंसारी जाति के ग्रामीण की पत्नी की सात वर्ष पूर्व बीमारी में मौत हो गई थी। ग्रामीण पांच बच्चों का मेहनत मजदूरी कर पालन–पोषण कर रहा था। ग्रामीण मजदूरी करने चला जाता था। घर पर दो बेटियां बेटों के साथ रहतीं थीं। दो बेटे को कस्बे के सलमानी व कुरैशी बिरादरी के युवकों ने प्रेम जाल में फंसा लिया। ग्रामीण गुरुवार को मजदूरी करने बाहर गया था। मौका देखकर दोनों प्रेमियों के साथ फरार हो गईं। ग्रामीण देर शाम को घर पहुंचा तो बेटियां घर पर नही थी। मोहल्ले एवं रिश्तेदारियों में पता किया तो वहां भी नही मिली। रास्ते में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली तो प्रेमियों के साथ जाते दिखाई दीं। ग्रामीण ने मोहल्ले के लोगों को साथ लेकर युवकों के परिजनों से लड़कियों को घर भेजने को कहा तो उन्होंने जानकारी से साफ इंकार कर दिया। पुलिस में रिपोर्ट करने की बात कही तो दोनों युवकों के परिजन निकाह करने की बात कहने लगे। इस पर दोनों पक्षों सहमति बन गई। रात को डेढ़ बजे एक लड़की का कुरैशी बिरादरी के और दूसरी युवती का सलमानी बिरादरी के प्रेमियों से निकाह करा दिया गया। लगातार हो रहे प्रेम विवाह कस्बे में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

# बिजली विभाग की समस्याओं पर जोर

## त्रिपक्षीय वार्ता में भाकियू टिकैत ने एसडीएम को कई समस्याओं से अवगत कराया

संवाददाता, कांठ




तहसील परिसर में मौजूद भाकियू टिकैत कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम कांठ की मध्यस्थता में भारतीय किसान यूनियन टिकैत एवं अधिकारियों की वार्ता हुई जिसमें भाकियू टिकैत ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

शुक्रवार को टिकैत संगठन की एक त्रिपक्षीय वार्ता एसडीएम की मध्यस्तथा में संपन्न हुई। जिसमें बिजली विभाग के जर्जर तारों, खराब बिलों, खराब मीटर बदलने पर उपभोक्ताओं पर डाले जा रहे गलत बिलों एवं सुचारू रूप से बिजली न मिलने व स्मार्ट मीटरों के द्वारा ज्यादा बिल निकालने की समस्याएं प्रमुख रही। खलीलपुर कद्दीम में चल रही ट्रांसफार्मर के बार-बार फुंकने की समस्या को भी समस्त ग्राम वासियों ने एसडीओ के सामने रखा। अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाने की बात हुई। गन्ना विभाग एवं मिल विभाग संबंधी समस्याओं को रखा गया जिसमें पूर्व में किए गए अधूरे वादों जैसे क्रय केंद्रों के प्लेटफार्म को बड़े करने एवं उचित समय पर कीटनाशक किसानों तक पहुंचाने व क्रय केंद्रों पर बनने वाली तोल पर्ची को 24 क्विंटल तक करने की मांग प्रमुख रही।

● **समस्याओं का निवारण न होने पर बंधक बनाने की दी चेतावनी**

बताया कि इस संबंध में 11 जुलाई को फिर उप जिलाधिकारी के साथ त्रिस्तरीय वार्ता होगी। तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि समस्याओं का निवारण नहीं हुआ तो अगली वार्ता में संबंधित विभाग के अधिकारियों को बंधक बना तब तक रखा जाएगा, जब तक सभी समस्याओं का निवारण नहीं हो जाता। इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरदीप सिंह, नगर अध्यक्ष अरविंद बिश्नोई जॉनी, सतवीर सिंह मान, विशाल हिंदू, भविष्य बिश्नोई, प्रिंस चौधरी, महेश ठाकुर, रामकला गुर्जर, धर्मपाल सैनी, पंकज सिंह, भानु बिश्नोई, सलीम अहमद, ओम राज सिंह, महेंद्र, सोनू व समस्त खलीलपुर ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

### विभागों ने 10 जुलाई तक का समय मांगा

नगर पंचायत कांठ में नाले का पानी की व्यवस्था, बंदरों को पकड़वाए जाने की व्यवस्था एवं वन विभाग की तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे की संख्या बढ़ाने की मांग प्रमुख रही एवं नहर विभाग, सिंचाई विभाग, पीडब्लयूडी की समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें विभागों ने आगामी 10 जुलाई तक सभी समस्याओं का निवारण हेतु समय मांगा है।

# ठाकुरद्वारा में 91 स्कूल 50 से कम छात्र संख्या वाले मिले

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● **कम संख्या वाले परिषदीय स्कूलों को दूसरे स्कूल मे शामिल करने का कार्य शुरू**

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा के परिषदीय स्कूलों में 50 छात्र संख्या वाले स्कूलों को दूसरे स्कूलों में जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ठाकुरद्वारा के विकासखंड के परिषदीय स्कूलों में पहले 20 से कम छात्र संख्या वाले 19 स्कूलों को दूसरे स्कूलों से जोड़ने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ने संबंधित स्कूलों को इस संबंध में प्रबंधन समिति का प्रस्ताव देने को कहा है।

ठाकुरद्वारा के खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार ने बताया कि क्षेत्र में 161 परिषदीय स्कूल है इसमें शिक्षा विभाग के महानिदेशक के आदेश पर कराई गई जांच में इन स्कूलों में निर्धारित मानक से अधिक शिक्षक नियुक्त हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल 420 छात्र संख्या वाले 19 स्कूलों को समाहित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह स्कूल प्राथमिक विद्यालय घोटो की मंड्या , प्राथमिक विद्यालय नाहर वाला, प्राथमिक विद्यालय पीपली घनश्याम, इनायतनगर ,महमूदपुर केशो, जूनियर हाई स्कूल राजपुर मिलक, टॉडा अफजल ,जूनियर हाई स्कूल मदारपुर, प्राथमिक विद्यालय भागीयावाला ,मैडय्या मीरपुर , माधो वाला, जूनियर हाई स्कूल रुपपुर टंडोला, प्राथमिक विद्यालय जूनियर हाई स्कूल निर्मलपुर, लालावाला, विजय रामपुर है ।

इन गांवों के प्रधान अध्यापकों के साथ खंड विकास अधिकारी ने ऑनलाइन बैठक कर निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह में बता दें कि किस स्कूल से पेयरिंग चाहते हैं।

### एक शिक्षक वाले भी तीन स्कूल

क्षेत्र में एक शिक्षक वाले भी तीन स्कूल हैं इनमें निर्मलपुर रोड को टंडोला और मदारपुर कम छात्र संख्या वाले स्कूलों के दूसरे स्कूल में शामिल होने से शिक्षकों की संख्या बढ़ेगी। साथ ही आर्थिक बचत होगी और स्कूलों में और बेहतर माहौल में शिक्षा मिलेगी ।

## गुरुद्वारा सिंह सभा के संरक्षक ने बार महासचिव का किया स्वागत

संवाददाता, कांठ



बार एसोसिएशन के महासचिव का स्वागत करते गुरुद्वारा सिंह सभा कांठ के संरक्षक।

**अमृत विचार:** श्री गुरु द्वारा सिंह सभा के संरक्षक ने नवनिर्वाचित तहसील बार एसोसिएशन कांठ के महासचिव के चेंबर पर पहुंचकर उनका फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।

तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में नगर के मोहल्ला पट्टीवाला निवासी दीपक बिश्नोई एडवोकेट ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर महासचिव बने हैं। उनके स्वागत में शुक्रवार को चेंबर पर पहुंचे श्री गुरु द्वारा सिंह सभा के संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा ने एडवोकेट दीपक बिश्नोई को महासचिव बनने पर फूल मालाएं पहना व मिसठान खिलाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर संजीव बिश्नोई एडवोकेट, शहजाद रफी खान, प्रदीप कुमार, महावीर सिंह, विनीत नैन, शुभम बिश्नोई, चंद्रपाल सिंह, चरन सिंह, शीशराम सिंह, अतुल कुमार, शमशाद अहमद, प्रवीण गुप्ता,आदि मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार:** मोहल्ला घोसीपुरा निवासी तबस्सुम की शादी 31 अगस्त 2020 को मोहम्मद शादाब पुत्र मुबारक हुसैन निवासी देहरादून उत्तराखंड के साथ हुई थी।

मायके वालों ने हैसियत के अनुसार काफी दहेज भी दिया था। पति शराबी है। पति शादाब, कौसर जहां, मुबारक हुसैन, फिरोज हुसैन, सारिक, शान, मोईन, गुलअफशा, अदीब, तनु दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और 5 लाख रुपये की मांग की। असमर्थता जताई तो आरोप है कि सभी ने उसके साथ लात घूंसों से मारपीट की इसके बाद 15 जनवरी 2025 को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। 29 जनवरी को उसने पुलिस को तहरीर दी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई इसके बाद उच्च अधिकारियों से शिकायत की तो थाना कांठ पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, कांठ




नागरिकों की समस्याएं सुनते क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सपा के कांठ विधायक कमाल अख्तर ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वस्त किया है कि समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित कराने का प्रयास किया जाएगा।

जनसुनवाई के दौरान लोगों ने राशन न मिलने, राशन के लिए पात्रता सूची में नाम न होने या गलत नाम दर्ज किए जाने, जमीन की पैमाइश न हो पाने, विधवा, वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन में समस्या, बिजली, पानी आदि को लेकर शिकायतें लिखित और मौखिक रूप से दर्ज कराईं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निस्तारण कराने की बात कही। विधायक ने कहा कि जन प्रतिनिधि के नाते लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना उनका दायित्व है। भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाकर जनता को परेशान करने का आरोप लगाया। सपा के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता परेशान है। लगातार भाजपा सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है। इस मौके पर विक्रम सिंह यादव,नाज़िम सैफी, अरशद फुरक़ान खा,नईम अंसारी, अमजद अली, डा. दानिश, अतीकउरेहमान,सगीर नेता जी, शमीम कुरैशी, पंकज भदौरिया,सुमित यादव, ज़ैनुल एड., मसरूफ उर्फ़ काला, नफीस अंसारी, मुकेश प्रधान, अफ़ज़ाल, फुरक़ान, शमीम अंसारी, पिंटू विश्नोई, भूरा खा, उम्मेद चौधरी, दानिश चौधरी, हरपाल यादव,मुजीब चौधरी, उस्मान मेंबर,अंजार चौधरी,मुजाहिद आदि मौजूद रहे।

● **अधिकारियों से वार्ता कर निस्तारण कराने के निर्देश**

# भीषण गर्मी में बिजली संकट... ग्रामीण बेहाल, किसान परेशान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** देहात क्षेत्र के 50 गांवों में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच बिजली विभाग की लापरवाही से देहात क्षेत्र के लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। ग्रामीणों को 24 घंटे में महज 6 घंटे बिजली मिल रही है, जबकि योगी सरकार की स्पष्ट गाइडलाइन है कि ग्रामीण इलाकों में कम से कम 18 घंटे बिजली दी जानी चाहिए। लोगों का कहना है कि न केवल बिजली कम मिल रही है, बल्कि जो बिजली मिल भी रही है, वह भी लो वोल्टेज के साथ आ रही है, जिससे पंखे और कूलर जैसे जरूरी उपकरण भी ठीक से काम नहीं कर रहे। पूरी-पूरी रात बिजली न मिलने से लोग नींद पूरी नहीं कर पा रहे, बुजुर्गों और बच्चों की हालत सबसे खराब हो रही है।लोगों का कहना है कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान गोपी वाला नवासी कुलदीप कुमार, धर्मेंद्र चौहान, होरी सिंह, विपिन कुमार हरकेश, नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

### समय पर नहीं मिल रही बिजली, कैसे करें सिचाईं

सुबह 11 बजे आती है और शाम 5 बजे कट जाती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। धान की रोपाई का समय चल रहा है, ऐसे में समय पर बिजली न मिलने से सिचाईं न हो पाना फसल की पैदावार को प्रभावित करेगा। जिसमें किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई और जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है। गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है


## कार्यालय जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई

**पत्रांक: एस0एस0ए0(गुण0वि0) / 1775–84 /2025–26** **दिनांक– 26.06.2025**

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक : एस0एस0ए0 (गुण0वि0) / 1707–14 / 2025–26 दिनांक 25.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से ई0सी0सी0ई0 एजूकेटर एवं तकनीकी अनुदेशकों की आउट सोर्सिंग के माध्यम से चयन किये जाने मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया है। मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है । शैक्षिक अर्हता के आधार पर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कर सकते है। **पदों का विवरण निम्नवत् है :–**

| क्र0 सं0 | पद का नाम | | पदों की संख्या | शैक्षिक अर्हता | नियत मानदेय | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईसीसीई एजूकेटर | | 110 | विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत के अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो । आरक्षित वर्गो को नियमानुसार न्यूनतम अंकों में 05 प्रतिशत की छूट होगी । **अथवा** नर्सरी अध्यापक शिक्षा/एन0टी0टी0/सी0टी0 (नर्सरी) / डी0पी0एस0ई0 का कम से कम दो वर्ष का डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता, जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) से मान्य होना चाहिए । | 10313.00 | आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो । |
| 2 | तकनीकी अनुदेशक | इंजीनियर एण्ड वर्कशॉप ट्रेड | 06 | राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट कन्स्ट्रक्शन एण्ड वुडवर्किंग / फैब्रिकेशन (फिटिंग एण्ड वेल्डिंग) फिटर/जनरल कॉरपेंटर / प्लम्बर / शीट मेटल वर्कर / पेंटर | 10450.00 | आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो । |
| | | एनर्जी एण्ड इन्वायरमेन्ट ट्रेड | 06 | राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट– इलेक्ट्रिक / इलोक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक | | |
| | | एग्रीकल्चर, नर्सरी एवं गार्डनिंग | 05 | बी0एस0सी0 एग्रीकल्चर | | |
| | | होम एण्ड हेल्थ ट्रेड | 06 | बी0एस0सी0 होम सांइस अथवा राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट – फूड प्रोडक्शन / फैशन डिजायइन टेक्नोलॉजी / सीविंग टेक्नोलॉजी | | |

**चन्द्रप्रकाश**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जालौन


### प्रसव एवं नसबंदी का लक्ष्य पूर्ण नहीं करने पर पांच संगिनी को नोटिस

**कांठ, अमृत विचार :** सीएचसी कांठ में एक संगिनी को कम से कम 12 प्रसव एवं 12 नसबंदी करने का लक्ष्य दिया था। चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव सिंह ने जब जननी सुरक्षा योजना के लक्ष्य की समीक्षा की तो उन्हें नसबंदी व प्रसव दोनों का लक्ष्य कम मिला जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संगिनी रीना, संतोष, रुचि, लक्ष्मी, आदेश को नोटिस जारी कर उनका 7 दिन का वेतन रोक दिया। साथ ही 7 दिन के अंदर लक्ष्य के अनुरूप प्रसव एवं नसबंदी कराने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शिक्षकों ने शिक्षण विधियों से सरल की पढ़ाई




स्कूल में प्रधान के साथ अभिनव प्रयास के नवाचारी शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **एडम एंड इव्ज कान्वेंट स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित**

● **नवाचारों से पढ़ाई को आसान कर बच्चों को जोड़ा**

**अमृत विचार :** एडम एंड इव्ज कान्वेंट स्कूल दलपतपुर में शुक्रवार को अभिनव प्रयोग करने वाले शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें नवाचारी शिक्षकों ने अपने नवाचारों को प्रस्तुत किया।

नवाचारी शिक्षकों ने बेहतर स्कूल प्रबंधन, शिक्षण विधियां, नवीन शिक्षण तकनीक, बच्चों के ठहराव, नियमित उपस्थिति, विद्यालय के भौतिक परिवेश में सुधार के लिए मंत्र दिया। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में नवाचारों के बल पर शिक्षक व बच्चों के प्रति आकर्षण पैदा करें। एसआरजी डॉ. सचिन शुक्ला ने कहा कि नवाचारों को धरातल पर उतारकर बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने विद्यालय के भौतिक परिवेश में सुधार व विद्यालय प्रबंधन के नवाचार सुझाए। कार्यशाला में जितेंद्र कुमार जोली, जावेद अली, सुधीर कुमार, विजेंद्र सिंह, डॉ. दिव्या सिंह, अंजली सांगवान, नेहा वर्मा, अंजली सैनी ने पीपीटी व टीएलएम के माध्यम से अपनी रोचक गतिविधियों की प्रस्तुति दी। शिक्षकों के अभिनव प्रयासों को सराहा गया।

इस मौके पर डॉ. नीरज शर्मा,अजयपाल सिंह, संजय कुमार सिंह, सुमित कुमार सिंह, योगराज सिंह, सुरेंद्र सिंह, विनोद यादव, राजेश कुमार, लवकुश, मंजू सैनी आदि शिक्षकों ने भी नवाचार प्रस्तुत किए। बताया कि किस प्रकार बच्चों की रुचि पढ़ाई ओर बढ़ाई गई।

## कॉलेज प्रबंधक की अनियमितताओं की जांच को समिति गठित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक के खिलाफ अनियमिताओं के मामले में जांच के आदेश देकर समिति गठित की है।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रबंधक पर लगे आरोपों की जांच के बाद समिति ने रिपोर्ट भेज दी। जांच समिति ने रिपोर्ट में प्रबंधन पर लगे आरोपों को सही बताया है और उनके खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की। इस बीच ठाकुरद्वारा निवासी पंकज सिंह यादव ने संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी को प्रबंधक के खिलाफ एक शिकायत पत्र दिया जिसमें उन्होंने प्रबंधन पर 17 गंभीर आरोप लगाए हैं।

इनमें मुख्य रूप से कॉलेज की खेती की भूमि के आवंटन और दूसरों के हिसाब किताब समिति के सदस्यों को हटाकर अवैध रूप से नए सदस्य बनाने का आरोप है। तीन शिक्षकों और प्रधानाचार्य विक्रम सिंह का उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया है।

अब संयुक्त शिक्षा निदेशक ने इस प्रकरण में 25 जून को जांच के आदेश दिए हैं ।

# बूथ स्तर तक संगठन विस्तार में योगदान दें कांग्रेसी: गुंबर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



फरीदनगर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर।

● **नेताओं ने मिशन 2027 को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए दिशा निर्देश**

**अमृत विचार :** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया है। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि यदि संगठन को जड़ से मजबूत करना है तो हर कार्यकर्ता को पूरी ताकत के साथ गांव और बूथ स्तर पर काम करना होगा।

ग्राम फरीदनगर में शुक्रवार को आयोजित एक बैठक में एकजुटता और सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। बैठक के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर ने कहा कि भाजपा की हिटलरशाही नीतियों से आमजन बुरी तरह त्रस्त है। भ्रष्टाचार चरम पर है, ऐसे में जनता को कांग्रेस की नीतियों से जोड़ने का सुनहरा मौका है। हमें गांव-गांव जाकर निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना है। इस अवसर पर जिला प्रभारी सुधीर पाराशर ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों, युवाओं, बेरोजगारी, शिक्षा और महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों पर पूरी तरह विफल रही है। तय किया गया कि कार्यकर्ता मिशन 2027 के लिए घर-घर जाकर जन संवाद चलाएंगे। आयोजक नगर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष शमीम अहमद चौधरी, हाजी शराफत चौधरी, शेर मुहम्मद मंसूरी, पीसी सी मुशाहिद चौधरी, अजय गोपाल रस्तोगी, जहरा बी, शमीला सैफी, सलमा आगा अंसारी, शरीफ आज़ाद जहांगीर कुरेशी, पूर्व अध्यक्ष वसीम चौधरी, शराफत चौधरी, शेर मुहम्मद मंसूरी ने विचार रखे। इस दौरान यामीन सिद्दीकी, आलम अंसारी ,इलियास चौधरी, तहसीन रजा अंसारी,रईस नम्बरदार, हाजी हाशिम अंसारी, हाजी रईस कुरेशी, डॉ.अब्बास अल्वी, रियासत चौधरी, अली हसन चौधरी, मेहमूद हसन चौधरी आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0643025 का प्रमाण पत्र–सह–अंक पत्र खो गया है। **प्रदीप प्रजापति पुत्र हरिओम सिंह केयर ऑफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद 244413**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर


एसडीएम को प्रतिमा देते पदाधिकारी।

### उपजिलाधिकारी को भेंट की राधा-कृष्ण की तस्वीर

**रामपुर, मिलक :** भारतीय किसान यूनियन सुनील के जिलाध्यक्ष व समाजसेवी लालता प्रसाद गंगवार ने पदाधिकारियों के साथ मिलक पहुंचे। उसके बाद तहसील परिसर पहुंचकर नवनियुक्त उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया का को राधा-कृष्ण की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने तहसील मिलक की विभिन्न समस्याओं से उपजिलाधिकारी को अवगत कराया ।इस मौके पर राकेश कुमार गंगवार, महावीर गंगवार, विजयपाल गंगवार, मुन्ना लाल गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

### समस्या-समाधान विषय पर कार्यशाला आयोजित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** होली चाइल्ड स्कूल में समस्या-समाधान विषय पर कार्यशाला हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उपप्रधानाचार्य प्रशासन प्रदीप जोशी, उपप्रधानाचार्या शैक्षणिक मंजू अधिकारी ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला में मिलेनियम पब्लिकेशन के सुनंदा कपूर द्वारा शिक्षकों को जागरूक किया। उन्होंने नवीन समस्या-समाधान रणनीतियां, व्यावहारिक गतिविधियां एवं समूह चर्चा तथा वास्तविक जीवन में समस्या-समाधान के उपयोग पर चर्चा की।

### घरों में कूमल लगा चोरी

**रामपुर, अमृत विचार :** शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव तेलीपुरा निवासी इस्माइल रिक्शा चलाता है। वह गुरुवार रात घर के आंगन में सोया था। चोरों ने रात्रि में किसी समय घर के पीछे की दीवार में कूमल लगाकर घर के अंदर कमरे में दाखिल हो गए। चोर घर से 15 हजार नकदी समेत आभूषण ले गए। इस्माइल की रात में आंख खुली तो वह कमरे में जाने लगा। कमरा अन्दर से बंद देख वह घबरा गया। उसने पीछे जाकर देखा तो दीवार टूटी मिली और सामान बिखरा देख ग्रामीण के होश उड़ गए। इस दौरान चोरों ने पास के ही रहने वाले जमील के घर की दीवार काटकर भी सामान चोरी कर लिया।

## सभी तहसीलों में अब तक 197 स्कूलों की सूची जारी की गई है, 400 स्कूलों के मर्ज होने का अनुमान

# स्कूल मर्ज होने से बच्चों के साथ अभिभावक भी होंगे परेशान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** कम बच्चों की संख्या वाले सरकारी स्कूलों को मर्ज करने को लेकर बच्चों के अभिभावक भी परेशान है, क्योंकि स्कूल की दूरी अधिक हो जाने के कारण माता पिता को बच्चों को स्कूल तक छोड़कर आना पड़ा करेगा। इसके अलावा छुट्टी के समय भी ध्यान रखना पड़ेगा।

शासन की ओर से जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या 50 से कम है। उन स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज करने के आदेश हैं। जिसके बाद से विभाग के कर्मचारियों द्वारा तेजी के साथ काम किया जा रहा है। जिले में मौजूदा समय में 1596 सरकारी स्कूल हैं, करीब 400 स्कूलों से ज्यादा मर्ज होने का अनुमान हैं।

इसके बाद से बच्चों के अभिभावकों में खलबली मच गई है कि बच्चों की स्कूल की दूरी बढ़ जाने पर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर पहाड़ी की हेड मास्टर मधुबाला का कहना है कि उनके स्कूल को मर्ज किए जाने के का अभी कोई आदेश उनको नहीं मिला है। उनके स्कूल से दूसरा स्कूल करीब 2 किलोमीटर दूरी पर है।

**सभी ब्लॉकों के 197 स्कूलों की सूची जारी :** अब तक तहसीलों के 197 स्कूलों की सूची जारी कर दी है। कम संख्या वाले बच्चों के स्कूलों को मर्ज करने का आदेश शासन से मिलने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी सक्रिय हो गए थे। बेसिक शिक्षा विभाग के बाबू पन्ना लाल सैनी ने बताया अब तक सभी ब्लाकों के 197 स्कूलों की सूची जारी की है।

> स्कूलों को मर्ज करने की जानकारी मिली है, अभी तो स्कूल पास होने के कारण बच्चे खुद चले जाते थे अगर दूर स्कूल में जाया जाएगा, तो बच्चों को परेशानी आएगी। **- दानिश,** छात्रा जिकरा के अभिभावक

> अभी तो बच्चों के गर्मियों के अवकाश चल रहे हैं। स्कूल खुलने के बाद पता चलेगा कि बच्चों को कौन से स्कूल में जाना है। स्कूल दूर होने पर भेजने में परेशानी होगी। **- इकरार,** छात्रा महक के अभिभावक

> स्कूलों के मर्ज होने की लोगों से जानकारी मिली है एक जुलाई से बच्चे दूसरे स्कूल में जाएंगे। दूसरी स्कूल की दूरी होने पर बच्चों को बहुत ध्यान रखना पड़ेगा। **- भूरा,** रिफा के अभिभावक

> स्कूलों के मर्ज होने के बारे में हमारे को कोई जानकारी नहीं है। अभी तो बच्चों के अवकाश चल रहे हैं। एक जुलाई के बाद पता चलेगा कि कौन से स्कूल में जाना है। **- इरशाद,** छात्र सुभान के अभिभावक

### धरना किया स्थगित

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि शासन द्वारा 50 छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने वाले आदेशों के विरोध में धरना था, लेकिन तीन दिन का वरिष्ठ अधिकारियों ने समय मांगा। उसके बाद धरना स्थगित कर दिया।

### स्कूल मर्ज करने के विरोध में विधायक को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर विद्यालय मर्जर के विरोध में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा जिले का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष हेमलता सिंह के नेतृत्व में नगर विधायक आकाश सक्सेना से मिला। संगठन के जिला महामंत्री राम चंद्र ने विद्यालय मर्ज होने से होने वाली दिक्कतों से अवगत कराया कि यदि विद्यालय मर्ज होते है तो ग्रामीण क्षेत्र में गांव और विद्यालय की दूरी बढ़ जाएगी। विद्यालय में नामांकन कम होने से भविष्य में शिक्षकों के पद कम कर दिए जाएंगे। ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना को दिया। विधायक ने इस मामले पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रियंका पांडेय, अमित त्यागी, रेनू वर्मा, हवलदार राम, राजीव कश्यप, जनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।


विधायक को ज्ञापन देते शिक्षक नेता।

### स्कूल मर्ज के खिलाफ शिक्षकों ने की बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** आंबेडकर पार्क में उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई। जिला मंत्री चरन सिंह ने कहा कि कम नामांकन की आड़ में विद्यालयों को बंद किया जाना शिक्षक और छात्र -छात्राओं के पक्ष में नहीं है। गांव और मझरों में स्कूल साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए खोले गए थे। उन्हें मर्जर के नाम पर बंद करने की योजना बनाई जा रही है।

इस संबंध में 28 जून को पांच सूत्रीय ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया जाएगा। 30 जून 2025 को बीआरसी केंद्रों पर होने वाली बैठक को बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा होगी। बैठक में इंद्रेश कुमार, रहमत अली, नरेंद्र सैनी, राजेंद्र सिंह सरदार, तरुण उपाध्याय, प्रसन्न प्रकाश, अमितेश झा, रामप्रसाद, सलीम अहमद, जयपाल सिंह शिक्षक नेता आदि अनेकों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# निष्ठा से काम करें होमगार्ड : धर्मवीर

## गांव फैजनगर में कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय का विभागीय मंत्री ने किया भूमि पूजन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने तहसील सदर स्थित ग्राम फैजनगर में कमांडेंट होमगार्ड्स कार्यालय का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। राज्यमंत्री ने कहा कि सभी होमगार्ड्स अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करें, प्रदेश सरकार आपके साथ है। कोई भी होमगार्ड कर्मी ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे विभाग की छवि खराब हो।

उन्होंने बताया कि 2017 से पहले होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को मात्र 3 लाख रुपये ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर दुर्घटना बीमा मिलता था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अब होमगार्ड्स की आकस्मिक मृत्यु होने पर आश्रित को 5 लाख रुपये अनुग्रह राशि प्रदान की जा रही है। दुर्घटना होने पर होमगार्ड्स को बैंकों के माध्यम से 35 से 40 लाख रुपये दुर्घटना बीमा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में होमगार्डस विभाग को मजबूती देने के लिए लगातार कदम उठाये जा रहे हैं। जिन जनपदों में होमगार्ड्स विभाग के कार्यालय नहीं थे, वहां कार्यालय भवन का निर्माण किया जा रहा है। अतिशीघ्र प्रदेश के सभी जनपदों में होमगार्ड्स कार्यालय का निर्माण पूर्ण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यालय भवन न केवल प्रशासनिक कार्यों के संचालन को सरल बनाएगा, बल्कि जवानों को सुसज्जित और सम्मानजनक कार्यस्थल भी प्रदान करेगा। सरकार द्वारा होमगार्डों को समय समय पर वर्दी भत्ते का भुगतान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में होमगार्ड विभाग में कई ऐतिहासिक कार्य हुए है। इस अवसर पर डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड्स मुरादाबाद मंडल रामनारायण, जिला कमांडेंट होमगार्ड्स कमलेश चौहान, एक्सईएन यूपीपीसीएल दीपक कुमार शर्मा ने होमगार्डों को संबोधित किया। एसडीएम न्यायिक राजेश कुमार, संदीप अग्रवाल सोनी सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी व होमगार्ड स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


होमगार्डों व लोगों को संबोधित करते राज्यमंत्री। • अमृत विचार


नींव रखते राज्यमंत्री व अधिकारी।

### बारिश नहीं होने से धान रोपाई की लागत बढ़ी

**रामपुर, अमृत विचार :** धान की रोपाई के लिए किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बारिश नहीं होने से धान रोपाई पर अधिक लागत आ रही है। उप कृषि निदेशक के मुताबिक जिले में 1,37,390 हेक्टेयर धान का रकबा है। किसान रामपाल मौर्य बताते हैं कि गांव में बिजली कम आती है, डीजल पंपिंग सेट से खेत का पलेवा करने के बाद रोपाई करने पर लागत बहुत बढ़ जाती है।

जिले में धान का बड़ा रकबा है अधिकतर किसान बारिश होने पर ही धान की रोपाई कराते हैं। उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह बताते हैं कि बारिश में धान की रोपाई कराने पर लागत बहुत कम हो जाती है और उत्पादन अच्छा रहता है। बताते हैं कि डीजल पंपिंग सेट से पलेवा करने पर किसानों का अधिक पैसा खर्च होता है। बताते हैं कि बिलासपुर और स्वार क्षेत्र में सर्वाधिक धान की खेती होती है और किसानों ने बारिश नहीं होने पर डीजल इंजन या बिजली के ट्यूबवेल से खेत में पलेवा कर धान की रोपाई शुरू करा दी है। अर्जुन सिंह बताते हैं कि धान की रोपाई करने पर खर्च बढ़ता है। जबकि सरकार धान का दाम पिछले दो साल से नहीं बढ़ा रही है। ऐसे में बारिश हो जाए तो लागत कम हो जाएगी।

## सार-संक्षेप

### पूर्वदशम तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति की समय सारणी जारी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 पूर्वदशम तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्गों के छात्रों के लिए शासन द्वारा समय सारणी निर्गत की है। कक्षा 9-10 तथा कक्षा 11-12 के छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन करना 2 जुलाई से 30 अक्टूबर तक, अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के सामान्य, ओबीसी व अन्य 10 जुलाई से 20 दिसंबर तक, 18 से 21 नवंबर 2025 तक संदिग्ध डाटा छात्रों द्वारा सही करना तथा सामान्य, ओबीसी व अन्य 23 जनवरी 2026 से 28 जनवरी 2026 तक सही कर सकते है। एससी, एसटी के छात्र आनलाइन आवेदन व संदिग्ध डाटा को प्रथम एवं द्वितीय चरण 10 जुलाई से 31 मार्च 2026 तक, तृतीय चरण में 10 जुलाई से 31 मार्च 2026 व 23 जनवरी 2026 से 28 जनवरी तक एवं चतुर्थ चरण 10 जुलाई से 31 मार्च तक व 29 अप्रैल से 06 मई तक पूर्ण करा सकते हैं।

### एक्सीलेंट हाइजीन रेटिंग का प्रमाण पत्र सौंपा



**रामपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में द ओपल, रमा सिंघल होटल, यूपी 22 वेज ढाबा और दस्तरखान-ए-रामपुर को 5 स्टार एक्सीलेंट हाइजीन रेटिंग का प्रमाण प्रशासनिक अधिकारी द्वारा दिया। प्रमाण पत्र स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से जारी किया गया है। अभिहीत अधिकारी खाद्य एवं औषधि सुनील शर्मा व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति रहे। प्रमाण पत्र रमा सिंघल ग्रुप की तीनों इकाइयों के एमडी नरेश कुमार सिंघल को प्रदान किया। इस रेटिंग का उद्देश्य खाद्य व्यवसायों का उनके स्वच्छता मानकों को प्रदर्शित करने और उनमें सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर होटल ओपल के जीएम आशुतोष कुमार दुबे, यूपी 22 के जीएम अवधेश कुमार और शरीफ उर रहमान मौजूद रहे।

### नि:शुल्क टूल-किट्स के लिए 10 जुलाई तक करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित नि:शुल्क टूल-किट्स वितरण योजना के तहत योजना का लाभ लेने के लिए 10 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में माटीकला का कार्य कर रहे व्यक्तियों कुम्हार, परंपरागत कारीगर से माटीकला टूल किट्स पाटरी व्हील नि:शुल्क वितरण के लिए माटीकला बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल पर 10 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इसमें प्रजापति समाज के पिछड़े एवं बीपीएल परिवार के सदस्यों को वरीयता दी जाएगी। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है।

### छात्रावास के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**रामपुर,अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि छात्रावास के लिए इच्छुक छात्र 1 से 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में आवासीय सुविधा के लिए एटीएस परिसर में 48 शैय्या क्षमता के दो (बालक) छात्रावास एवं 48 शैय्या क्षमता का एक (बालिका) छात्रावास रोशनबाग में संचालित है। छात्रावासों की उपलब्ध क्षमता में 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति,जनजाति व 30 प्रतिशत पिछड़ें वर्ग व सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राएं जो गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी में आते हैं, रुपये 25 मासिक शुल्क पर छात्रावास में प्रवेश ले सकते हैं। जनपद स्थित डिग्री कालेजों, राजकीय पालीटेक्निक, राजकीय आईटीआई, इंटर कालेजों में संस्थागत नियमित रूप से अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राएं छात्रावासों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में 1 जुलाई से संबंधित छात्रावास अधीक्षक कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नि:शुल्क जमा कर सकते हैं।

# जिला अस्पताल में मरीजों की लगी लंबी कतार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल का हाल बेहाल है, अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है और मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। पर्चा काउंटर हो या फिर चिकित्सक कक्ष हर जगह मरीजों की कतारें सुबह से दोपहर तक लगी रहती हैं।

जिले की आबादी 23 लाख 35 हजार 398 है। जिसमें शहर की 3 लाख 49 हजार 258 है। जिसके सापेक्ष जिले में केवल एक ही चिकित्सालय है और उसमें 6 ब्लॉकों और 680 ग्राम पंचायतों के मरीज पहुंचते हैं। लेकिन, जिला अस्पताल में चिकित्सकों का टोटा है, जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। उमस भरी गर्मी के बीच मरीजों की भीड़ में खड़े-खड़े मरीजों को चक्कर आ जाते हैं। ग्राम बैजनी निवासी महमूदी बताती हैं कि उन्हें चिकित्सक को दिखाना है सुबह से लाइन में खड़ी थी, लेकिन नंबर ही नहीं आ रहा था। इसलिए वह अपने साथ आई महिलाओं के साथ चिकित्सक कक्ष के सामने फर्श पर बैठ गईं। पर्चा लगवा दिया है जब उनका नंबर आएगा तब दिखा देंगी। शुक्रवार को 986 लोगों ने पर्चा बनवाया, जबकि पुराने मरीज इसमें शामिल नहीं हैं। चिकित्सकों के कक्ष में मरीजों की संख्या अधिक होने से मारा-मारी की स्थिति रही। चिकित्सकों के टोटे का खामियाजा आम आदमी भुगत रहा है। जिला अस्पताल में महज 16 चिकित्सक तैनात हैं जोकि, मरीजों की संख्या के सापेक्ष बहुत कम हैं। जबकि, जिला अस्पताल में बड़ी बीमारी या दुर्घटना में घायल हुए लोगों का इलाज नहीं है उन्हें तत्काल मेरठ, मुरादाबाद या बरेली के लिए रेफर कर दिया जाता है।


पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों और उनके तीमारदारों की कतार।

> जिला अस्पताल से हर माह शासन को पत्र प्रेषित कर चिकित्सकों की मांग की जाती है। प्रतिदिन की ओपीडी एक हजार से 1400 तक पहुंच जाती है। **- डॉ. डीके वर्मा,** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

# कारियों ने की तिलावते कुरआन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** आल इंडिया हुस्ने किरात में जयपुर के मौलाना कारी हिदायत उल्लाह, कोलकाता के कारी अस्हाबुल हक, कश्मीर के कारी अरशद अमीन, लखनऊ के कारी मोहम्मद रियाज, अब्दुल रहमान लखनवी, सहारनपुर से कारी मोहम्मद तैयब जमाल ने तिलावते कुरआन किया। सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने भी तिलावते कुरआन मजीद की और कारियों को स्मृति चिह्न वितरित किए।

रजा डिग्री कालेज रोड स्थित मैरिज हॉल में कार्यक्रम में कारी अहमद फुरकानी, कारी बिलाल हसन फुरकानी, कारी ख्वाजा अहमद खां ने तिलावत की। कारी अब्दुल्लाह खां, कारी अब्दुल करीम खां ने कुरआन मजीद की तिलावत की। नासिर रफीक शम्सी, कारी मोहम्मद माहिर खां, कारी मोहम्मद आजम खां, कारी मोहम्मद तैयब जमाल ने मखसूस अंदाज में तिलावत की। जलसे के सदर डॉ. शायरउल्लाह खां वजही ने मेहमानों को स्वागत किया। अलहाज मोहम्मद आसिफ ने आभार जताया। सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी, मौलवी मोहम्मद रफी नूरी, डॉ. मोहम्मद महफूज, अजहर इनायती, डॉ. नूर मोहम्मद, डॉ. जावेद नसीमी, डॉ. अलिफ नाजिम, मौलाना असलम जावेद कासमी, मौलाना अंसार अहमद कासमी, मौलाना शादाब कदीरी, हाफिज फारूख चिश्ती, मुकर्रम रजा खां इनायती, गुलरेज अख्तर कादरी, मौलवी रहमत अली फुरकानी, मौलाना मोहम्मद रेहान खां, मौलाना मोहम्मद नासिर खां, मौलवी एहतेशाम उल्लाह खां, मौलवी मोहम्मद मआरिफ उल्लाह खां, मौलवी मोहम्मद मआसिर उल्लाह खां, मौलवी मोहम्मद हसीब, अलहाज मोहम्मद आसिफ खां, सलमान अहमद, सुल्तान खां और शमीम इकबाल रहे। जलसे की सरपरस्ती शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली ने की।


कारियों को स्मृति चिह्न देते सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी।

**गम का माहौल** | इमामबाड़ा किला से निकला जरीह का जुलूस, नजरो-नियाज का सिलसिला शुरू

# या हुसैन या हुसैन की सदाओं से गूंजी फिजा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शुक्रवार से मोहर्रम का महीना शुरू हो गया। इमामबाड़ा किला से शुक्रवार को जरीह का जुलूस निकला। या हुसैन-या हुसैन और या अली मौला-या अली मौला की सदाओं से फिजा गूंज उठी। माहे मोहर्रम शुरू होते ही इमामबाड़ों में मजलिस, मातम, रोशनी और नजरों-नियाज का सिलसिला शुरू हो गया है।

इमामबाड़ा किला से निकले जरीह के जुलूस में अजादारों ने नोहाख्वानी और मातम किया। जरीह का जुलूस इमाबाड़ा किला से इमामबाड़ा कदीम पहुंचा। जुलूस में अजादारों ने मातम किया और हसन मेहंदी ने नोहाख्वानी की। हमजा मियां ने बताया कि इमाबाड़ा खासबाग में हो रहे अशरा-ए-मजालिस को फैज अब्बास मशहदी खिताब फरमा रहे हैं। इमामबाड़ा खासबाग में रात 8 बजे मजलिस शुरू हो रही है। इमामबाड़ा मकबरा जनाबे आलिया और इमामबाड़ा किला मर्दाना में सुबह में मजलिस हो रही है। उन्होंने बताया कि इमामबाड़ा खासबाग, गुलजारे रफत, किला, मकबरा जनाबे आलिया, कर्बला शरीफ और मकबरा नवाबजादा आबिद अली खां में रिवायती तौर पर मजलिसों, रोशनी और नजरों-नियाज का सिलसिला शुरू हो गया है। सबील-ए- हुसैन भी लगाई जा रही हैं। मेहंदी, जुलजनाह और ताजिये के जुलूसों की तैयारियां पूरी हैं। मंगलवार को इमामबाड़ा किला से बरामद जरीह के जुलूस में शबाब हुसैन, आरिफ हुसैन, तस्लीम सहरी, मंसूर मियां, अब्बास हैदर, अकरम जैदी आदि मौजूद रहे।


जरीह के जुलूस में मातम करते अजादार। • अमृत विचार

• **जिले के इमामबाड़ों में शुरू हुआ मजलिसों-मातम का सिलसिला**

### एप से ऑनलाइन बनाया लाइफ सर्टिफिकेट

**रामपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन भृगु नारायण झा ने कोषागार कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अपने मोबाइल से पेंशनर महेश पाल का लाइफ सर्टिफिकेट स्वयं ऑनलाइन कर इसकी शुरुआत की।

वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि पेंशनरों को अब अपना जीवन प्रमाण पत्र लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए कोषागार आने की आवश्यकता नहीं है। सूचना एवं विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित जीवन प्रमाण फॉर लाइफ सर्टिफिकेट को गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ फेस आर डी एप फॉर आधार भी डाउनलोड कर अपनी पेंशन से सम्बन्धित विवरण दर्ज कर कैमरे के सामने बस दो बार पलकें झपकाने से ही लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन सबमिट हो जाएगा। कोषागार रामपुर द्वारा अब मात्र ऑनलाइन लाइफ सर्टिफिकेट ही जमा किए जा रहे हैं।

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली


भक्तों के स्वागत के लिए पुष्प लिए खड़े लोग।


सजा रथ और मौजूद भक्त।

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली। इससे पहले आरती के बाद भगवान का श्रृंगार हुआ। उसके बाद यात्रा प्रारंभ की।

यात्रा नगर में भ्रमण करते हुए ठाकुरद्वारा मंदिर पर जाकर समाप्त हो गई। उसके बाद कढ़ी चावल का प्रसाद लोगों को बांटा। रथयात्रा के संयोजक पंडित सौरभ शर्मा ने बताया कि यह लोक कथा प्रचलित है कि भगवान स्वस्थ होने के बाद अपनी बहन के आग्रह करने के बाद नगर में भ्रमण करने के लिए व लोगों को आशीर्वाद देने के लिए निकले थे। जो भक्त इस रथ को खींचता है भगवान जगन्नाथ उसकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर सुधीर बसंल, प्रेम कुमार अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सजल अग्रवाल, मुदित अग्रवाल, रमेश कुमार गुप्ता, विकास पांडेय, प्रथम गुप्ता, दृश गुप्ता, आशीष गुप्ता, राजेश चंद्र गुप्ता, नीना अग्रवाल, ममता सिंह, किशोरी शर्मा, बीना अग्रवाल रहीं।

### यात्रा पर बरसाए फूल

नगर में पारंपरिक तौर पर भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई मुनिश्वर दत्त ठाकुरद्वारा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा पर जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार उर्फ निक्कू पंडित के नेतृत्व में कांग्रेसियों व अन्य लोगों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पानी, शर्बत, कोल्ड ड्रिंक और विभिन्न तरह का प्रसाद वितरण किया।

## एक नजर

### सैफनी में महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर बताए

**रामपुर, अमृत विचार** : महिला पुलिस ने बाजार युवतियों और महिलाओं को कानून का पाठ पढ़ाया। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला सुरक्षा दल थाना सैफनी क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। इसके अलावा महिला संबंधी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों, 1930 साइबर क्राइम, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

### पैनकार्ड, पासपोर्ट मामले में 4 जुलाई को सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार** : पैनकार्ड और पासपोर्ट से जुड़े मामले में शुक्रवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 7 जुलाई को सुनवाई होगी। सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। सपा नेता आजम खान और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के ऊपर दो पैनकार्ड और दो पासपोर्ट मामले में मामले दर्ज हुए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। संदीप सक्सेना ने बताया कि गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब 7 जुलाई को सुनवाई होगी।

### आजम खां से जुड़े कई मुकदमों में हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार** : आजम खां से जुड़े कई मुकदमों में शुक्रवार को सुनवाई हुई। जहां सभी मामलों में अलग-अलग तारीखें लगी हैं। सपा आजम खां से जुड़े मामलों में सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। शुक्रवार को किसानों से जुड़े 27 मुकदमों में सुनवाई हुई। अब 9 जुलाई को होगी। क्वालिटी बार में 30 जून को होगी। आचार संहिता से जुड़े मामले में 9 जुलाई को होगी। शत्रु संपत्ति से जुड़े मामले में 1 जुलाई को और फांसी घर से जुड़े मामले में 11 जुलाई को होगी।

### साली को लेकर जीजा फरार

**रामपुर, अमृत विचार** : अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक ग्रामीण का कहना है कि उसकी 16 साल की बेटी को उसका दामाद अपने साथियों के साथ उसका अपहरण करके ले गया। जानकारी मिलने के बाद परिजनों को तहरीर दी है। जिसके बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

## एक घंटा पहले ही नोएडा से घर आया था इतिन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : युवक ने बीमारी के चलते कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।


मृतक का फाइल फोटो।

कोतवाली थाना क्षेत्र के निवासी सुनील रस्तोगी का 35 वर्षीय बेटा इतिन रस्तोगी नोएडा में निजी कंपनी में काम करता था। परिजनों ने बताया कि युवक गुरुवार को रात में 9 बजे नोएडा से आया था। इसके बाद उसने कमरे में जाकर करीब 10 बजे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता का कहना है कि तबीयत खराब होने की वजह से वह मेडिकल स्टोर से जाकर दवा लेकर आया। जब रात में उसे खाना खाने के लिए आवाज दी तो कोई जवाब नहीं आया। जब कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका था। सूचना के बाद पुलिस पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। जहां दोपहर में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।


जिला अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

- नोएडा में निजी कंपनी में नौकरी करता था इतिन

**घर का इकलौता चिराग था इतिन:** मृतक इतिन रस्तोगी घर का इकलौता चिराग था। बहन की शादी परिजनों ने कर दी थी। परिजन उसकी तबीयत खराब होने की जानकारी दे रहे हैं जबकि वह गुरुवार को रात को ही नोएडा से आया था। जिसके एक घंटे के बाद उनसे आत्महत्या कर ली। इससे जाहिर होता है कि कहीं न कहीं किसी बात को लेकर नोएडा में किसी न किसी से कोई ऐसी बात हुई है। जिसके बाद युवक ने एक घंटे के अंदर घर आकर मौत को गले लगा लिया, परिजन कुछ न कुछ छिपा रहे हैं।

### पापुलर के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**बिलासपुर/केमरी, अमृत विचार** : केमरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिघड़ियान के रहने वाले नेमचंद्र का 35 वर्षीय बेटा राजेश सैनी मजदूरी कर परिवार का पोषण करता है। परिजनों के मुताबिक राजेश गुरुवार शाम 4 बजे घर से लापता हो गया। देर शाम तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों को उसकी चिंता हुई। शुक्रवार सुबह पीलाखार डैम के निकट रेलवे क्रॉसिंग के पास किसान के खेत में पापुलर के पेड़ से युवक का शव लटका देख लोगों की भीड़ लग गई। उधर, सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की शिनाख्त राजेश सैनी के रूप में करने के बाद परिजनों को अवगत कराया गया। उधर, कुछ ही देर बाद घटनास्थल पर रोते बिलखते पहुंचे। पुलिस क्षेत्राधिकारी मिलक राजवीर सिंह परिहार ने बताया कि फॉरेंसिक टीम मौके पर बुलाई। घटना की जांच शुरू की गई है।



### 3 युवकों पर दुष्कर्म का लगाया आरोप

**रामपुर, अमृत विचार** : महिला ने रिश्तेदार के घर बुलाकर 3 लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मिलक पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बरेली के थाना मीरगंज के गांव निवासी महिला का कहना है कि मिलक में उसकी रिश्ते की भाभी रहती है। उसके यहां पर युवक का आना जाना था। जिस कारण से महिला की उससे मुलाकात हो गई। महिला की युवक ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे जान पहचान बना ली। महिला का कहना है कि एक वर्ष पहले आरोपी युवक ने किसी बहाने से भाभी के घर पर बुला लिया। उसके बाद जब महिला वहां पर पहुची तो पहले से वसीम और उसके दो रिश्तेदार मौजूद थे। जिसके बाद तीन लोग महिला को जबरन कमरे में ले गए। उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसकी वीडियो भी बना ली। इसके बाद वह काम करने के लिए महाराष्ट्र चली गई थी। लेकिन आरोपी जानकारी करने के बाद वहां पर भी पहुंच गया था। उसके साथ जबरन दुष्कर्म करता रहा। उससे ब्लैकमेल करके ढाई लाख रुपये ऐंठ लिए। परेशान हो जाने के बाद पीड़िता ने मिलक पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की है।

## सार संक्षेप

### नईम नजमी की पुस्तक के प्रकाशन पर दी बधाई



**रामपुर, अमृत विचार** : शायर नईम नजमी को उनकी गजलों और कविताओं के नए संकलन अल्फाज की महक शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक पर सपा नेता आसिम खां ने उन्हें बधाई दी। सपा नेता ने कहा कि उर्दू अदब की दुनिया में रामपुर को देहली और लखनऊ के बाद तीसरे स्कूल का स्थान प्राप्त है। उर्दू स्कूल के तालिब ए इल्म की हैसियत से 40 वर्ष पूर्व नईम नजमी ने शायरी का आगाज कर शेर कहना शुरू किए। उर्दू अदब की खिदमत का ये जज्बा उन्हें न सिर्फ रामपुर न सिर्फ हिंदोस्तान बल्कि मुल्क की सरहदों के पार ले गया। नईम नजमी ने अपने कलाम से उर्दू दुनिया में रामपुर का नाम रोशन किया है। नईम नजमी ने अपनी पुस्तक अल्फाज की महक बतौर तोहफा दिया। इस मौके पर उनके शागिर्द साजिद अली खां भी मौजूद रहे।

### युवक से मारपीट में चार भाईयों पर रिपोर्ट दर्ज

**भोट, अमृत विचार** : युवक से मारपीट करने व धमकाने में गांव निवासी 4 सगे भाई फंस गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के खौदपुरा गांव निवासी रियासत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि मंगलवार दोपहर एक बजे वह अपने घर जा रहा था। गांव निवासी राजपाल के घर के पास पहुंचते ही गांव का ही रहने वाला गुलवेश उसके साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अपने भाई साईम, सुऐब व जुनैद को भी मौके पर बुला लिया। इसके बाद सभी आरोपियों ने उसके साथ लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर ग्रामीणों को मौके की ओर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### पिता-पुत्र को पीटा, लूट का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार** : जौहर विवि के पास कुछ लोगों ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रोक लिया। उसके बाद मारपीट करके 17 हजार रुपये और मोबाइल छीनने का आरोप है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव ईश्वरपुर निवासी मोहम्मद हनीफ का कहना है कि मैं और मेरा लड़का नदीम 23 जून को एएसपी के यहां से किसी मामले में बयान दर्ज कराकर रात को 10 बजे बाइक से घर आ रहे थे कि जौहर विवि के पास कुछ लोगों ने बाइक को रोक लिया। उसके बाद पिता पुत्र से गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। तमंचे की बटों से घायल कर दिया। तमंचे के बल पर आरोपियों ने ग्रामीण से 17 हजार रुपये और मोबाइल तक छीन लिया। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गए। उसके बाद पीड़ित घर को चले गए। जहां सभी को सारा मामला बताया। उसके बाद थाने में जाकर तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला को मारपीट कर घायल किया

**मिलक, अमृत विचार** : मिलक के कृपया हप्पू निवासी नरपत देवी ने कोतवाली में मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिसमें महिला ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले जमीन के बंटवारे को लेकर रामधन उसके पुत्र पुष्पेंद्र और अमन ने उसे गालियां दीं। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं कोतवाली क्षेत्र के धनेली उत्तरी निवासी कृष्णा देवी ने पुलिस को तहरीर दी। उसने पुलिस को बताया कि रंजिश को लेकर रौरा निवासी अभिषेक, उसकी मां चमेली, बहन पिंकी और भाई रोहित घर के सामने आ गए। उसकी पुत्री उषा, उरमी और लक्ष्मी को देखकर गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली।

### पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर समर्थकों ने किया याद

**मिलक, अमृत विचार** : पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज की 33वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शोक संतप्त परिवार, उनके राजनीतिक सहयोगी और स्थानीय समर्थक ने एकत्रित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। पूर्व विधायक पत्नी बीना भारद्वाज ने कहा कि पूर्व विधायक ने गरीबों, किसानों और युवा वर्ग के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। उनके सामाजिक एवं शैक्षणिक कल्याण कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। इस दौरान बीना भारद्वाज, रजनी भारद्वाज, अपूर्व भारद्वाज, ज्योति भारद्वाज, अयांश भारद्वाज, महिपाल सिंह यादव, महेश तिवारी, छत्रपाल शर्मा, जियालाल गंगवार, केशव दत्त शर्मा, अनुज शर्मा, अरविंद शुक्ला, रामानंद शर्मा, विवेक शर्मा, अनूप गुप्ता, राजू गुप्ता, अक्षय पोरवाल रहे।

### चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार** : चोरी के सामान के साथ सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चला गया। 9 फरवरी को अज्ञात चोरों द्वारा महिला के घर से 15 हजार रुपये नगद व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज हुआ था। विवेचना के दौरान आरोपी गौरव, मुकेश के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने गौरव को 17 मार्च को पकड़ने के बाद जेल भेज दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने फरार आरोपी मुकेश को कपड़ा मिल के जंगल में मस्जिद से शिव विहार को जाने वाले कच्चे रास्ते से चोरी किए सामान 2 जोड़ी पायल सफेद धातु व एक जोड़ी कानों के कुंडल पीली धातु के साथ गिरफ्तार किया।

### दो दिनों में दो भाइयों की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार** : अजीमनगर थाना क्षेत्र में दो दिनों में दो भाइयों की मौत से कोहराम मच गया। एक भाई की मौत बीमारी के चलते हुई, जबकि दूसरे भाई को हार्ट अटैक आ गया था। मामला थाना क्षेत्र के करनपुर गांव का है। गांव निवासी रियासत अली उम्र 45 वर्ष की 2 दिन पहले मौत हो गई थी। भाई की मौत के अगले दिन छोटे भाई लियाकत अली उम्र 42 वर्ष को हार्ट अटैक आ गया। परिजन छोटे भाई को चिकित्सक के पास ले गए जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। 2 दिनों में दो भाइयों की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

### ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**बिलासपुर, अमृत विचार** : थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव अलवा नगला निवासी विवाहिता पवनदीप कौर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा है कि पांच साल पहले उसका विवाह गांव नवाबनगर थाना मिलक खानम निवासी विक्रमजीत सिंह के साथ हुआ था। विवाहिता ने बताया कि मायके वालों ने हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 28 फरवरी विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। कई बार पंचायती भी हुई, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वाले नहीं माने। बाद में महिला ने मायके पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताई। साथ ही पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि इस मामले में विक्रमजीत सिंह, सुरिंदर कौर, बलजीत कौर, गुरप्रीत सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### सेवन सीज होटल को मिली चार सितारा रेटिंग



**शाहबाद, अमृत विचार** : शाहबाद-बिलारी मार्ग पर स्थित होटल सेवन सीज को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से चार सितारा रेटिंग दी गई है। शुक्रवार को रामपुर कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें होटल को फॉर स्टार रेटिंग दी गई। होटल स्वामी व वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता ने बताया कि सहायक आयुक्त खाद्य की उपस्थिति में अपर जिलाधिकारी वित्त अरविन्द कुमार बिंद ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। बताया कि शाहबाद क्षेत्र में एफएसएसएआई द्वारा चार सितारा रेटिंग हासिल करने वाला या पहला रेस्तरां हैं।

### बीमारी के चलते अधिवक्ता का निधन

**रामपुर, अमृत विचार** : बीमारी के चलते अधिवक्ता सत्यव्रत पाल सिंह का निधन हो गया। निधन होने पर अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई, और वह पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ता के निधन होने पर बार एसोसिएशन के सभागार में शोक सभा की गई। अधिवक्ताओं ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार चौकीदार की मौत

संवाददाता, बिलासपुर

- बिलासपुर थाना क्षेत्र के डिबडिबा के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार** : गुरुवार रात अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार चौकीदार को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाए। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। ह


मृतक बख्शीश सिंह।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के डिबडिबा के मोहल्ला सुभाष कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय बख्शीश सिंह चौकीदारी करते थे। गुरुवार रात वह ड्यूटी खत्म करके स्कूटी से वापस घर जा रहे थे। गांव डिबडिबा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी। चीख पुकार सुनकर घटना स्थल पर राहगीरों सहित ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। मगर यहां उनकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया कि इलाज के दौरान शुक्रवार की तड़के उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कहा कि अभी मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी। उधर, अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। रुद्र विलास पुलिस चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि क्षेत्र के गांव सुभाषनगर कॉलोनी निवासी चौकीदार की हादसे में मौत हो गई। शव के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है। तहरीर आने के बाद कार्रवाई होगी।

# बड़े भाई की साली से शादी नहीं कराई तो पुल से चलती बस पर कूद गया युवक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : बड़े भाई की साली से शादी नहीं कराना युवक के परिवार वालों को भारी पड़ गया। युवक गुस्से में दोपहर के समय राम रहीम पुल पर आ गया। उसके बाद रोडवेज बस के ऊपर कूद गया। अचानक हुई आवाज से यात्री सहम गए। बस को किनारे रोका और युवक को बस से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जुनूबी निवासी फरमून का बड़े भाई की साली से प्रेम-प्रसंग है। युवक ने परिजनों से शादी करने की बात कही तो युवती के परिजनों ने मना कर दिया। युवक शुक्रवार को घर से निकल आया और दोपहर में सिविल लाइन थाने के सामने राम रहीम पुल पर आकर बैठ गया। कुछ देर बाद वहां से गुजर रही रोडवेज बस के ऊपर युवक कूद गया। आवाज सुनकर यात्री और चालक घबरा गए। बस को किनारे रोकर युवक को छत पर देखा तो पुलिस को बुलाया। उसको नीचे उतार अस्पताल ले जाया गया। सिविल लाइन थाने के सामने की घटना की वजह से पुलिस भी पहुंच गई। पहले गिरने वाले युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। सिविल लाइंस प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग का है। मामले की जांच की जा रही है।


रोडवेज की छत पर घायल होने के बाद पड़ा युवक। ● अमृत विचार

### लोगों ने बस पर कूदने के बाद बनाई वीडियो

युवक जैसे ही पुल से रोडवेज बस पर कूदा तो हडकंप मच गया। बस पर लेटे हुए युवक की लोगों ने वीडियो बनानी शुरू कर दी। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

# एसपी ने परेड का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट चेककर पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रूम (लाइब्रेरी), पुलिस म्यूजियम, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, गैस कार्यालय को चेक किया। उसके बाद जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी टांडा,लाइन एवं क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन भी रहे।

**वहीं, पुलिस अधीक्षक ने दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स** : एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें, किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, साझा न करें। सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें, अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें, ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें। पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें। ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें, साइबर बुलिंग और साइबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें। ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें तथा इस प्रकार की कोई भी घटना होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या बेवसाइट पर कॉल करके आनलाइल शिकायत दर्ज कराएं। थोड़ी सी जागरूकता और सावधानी से हम इन ठगों के जाल से बच सकते हैं।


निरीक्षण के दौरान लोगों से जानकारी लेते एसपी। ● अमृत विचार

### शाहजंहापुर में हादसे में रतनपुरा के युवक की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार** : अजीमनगर थाना क्षेत्र के रतनपुरा शुमाली गांव निवासी मुदस्सिर अपने भाई जुनैद के साथ शाहजहांपुर में लकड़ी का छिलका खरीदने के लिए गया था।



गुरुवार रात करीब 11 बजे दोनों भाई मीरानपुर कटरा क्षेत्र में हाईवे पर हादसे का शिकार हो गए। हादसे में मुदस्सिर उम्र 40 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। उसका छोटा भाई जुनैद घायल हो गया। देर रात को परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। शुक्रवार शाम मृतक का शव घर पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। हादसे में घायल छोटे भाई को हायर सेंटर रेफर किया गया है। मृतक के चार बच्चे हैं दो बेटे और दो बटियां। जिसमें बड़ी बेटी सिदरा 13 वर्ष, तामिस 11 वर्ष, आदिला 8 वर्ष व शिफान 5 वर्ष है।

# पिकअप ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दो घायल

संवाददाता, बिलासपुर

- घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा

**अमृत विचार** : बाइक सवार 3 दोस्तों को तेज रफ्तार पिकअप ने रौंद दिया। हादसे में एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। मामले में पुलिस का कहना है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

थाना शीशगढ़ के गांव रूस्तमनगर निवासी चंद्रपाल का 20 वर्षीय पुत्र निखिल शुक्रवार दोपहर गांव के दोस्त संतविंदर और मुनीश के साथ बाइक से स्वालेपुर गांव में आम तोड़ के लिए आया था। शाम करीब छह बजे तीनों दोस्त बाइक से वापस घर की तरफ लौट रहे थे। बेगमाबाद गांव के निकट पेट्रोल पंप के सामने तेजगति से आ रही पिकअप ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में तीनों दोस्त घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और आरोपी चालक मय वाहन के साथ मौका पाकर फरार हो गया।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने निखिल को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल संतविंदर और मुनीश को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है, तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### यादव जाति के अपमान से रोष, कार्रवाई की मांग

**शाहबाद, अमृत विचार** : अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष हरज्ञान सिंह ने इटावा मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को शाहबाद में यादव समाज के लोगों ने बैठक की। बैठक में समाज के नेताओं ने आरोप लगाया कि इटावा के गांव दांदरपुर में यादव समाज के लोगों पर कथा करने के बदले उनकी पिटाई करना आदि कृत्य निंदनीय व दंडनीय है। लोगों ने निर्णय लिया कि यादव समाज का कोई भी व्यक्ति भागवत कथा का आयोजन करेगा तो उसका कथा वाचक केवल यादव समाज का ही व्यक्ति होगा। बैठक में ग्राम प्रधान कुलदीप यादव, अमर सिंह, घनेंद्र यादव, मुनेश यादव, निधि यादव, सुनील यादव, श्रीपाल सिंह, शिशुपाल सिंह, मनोज यादव, बृजवासी यादव, बादाम सिंह यादव, सुनील यादव, सौदान सिंह यादव, बादशाह सिंह, सुरेंद्र सिंह, अतर सिंह, पप्पू यादव मौजूद रहे।

### सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति के गठन की मांग

**रामपुर, अमृत विचार** : अखिल भारतीय अनुसूचित जाति तथा शोषित वर्ग उत्थान समिति के जिला अध्यक्ष जसराज सिंह सागर ने होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति नियम 1995 का प्रदेश में क्रियान्वयन किए जाने के लिए सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति का गठन किए जाने की मांग की है।

### भारी वाहनों की आवाजाही पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**मसवासी, अमृत विचार** : टांडा-बाजपुर मार्ग पर निर्माणाधीन स्कूल परिसर के भराव के लिए शिकारपुर काजी का मजरा संपर्क मार्ग पर जेसीबी से डंपर भरक स्कूल भवन जा रहे थे जिससे संपर्क मार्ग टूटने लगा था। गुस्साए ग्रामीणों ने शुक्रवार को डंपरों को रोककर टायरों की हवा निकाल दी। ग्रामीणों ने खनन के आरोपियों के खिलाफ हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप था कि बाजपुर मार्ग से संपर्क मार्ग पर डंपरों के गुजरने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुका है। काफी दिनों बाद मार्ग का निर्माण हुआ है। इमरान अहमद, ग्राम प्रधान फरहान अहमद, साजिद हुसैन, शकील अहमद, असलम, इस्लाम, अफसर अली, राशिद हुसैन, हाजी अली अहमद, गुल मोहम्मद, नईम अहमद, आसिफ, आरिफ, मोबीन अहमद, मुरसलीन ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।

### स्वार पुलिस ने वापस कराए 1,17,998 रुपये

**स्वार, अमृत विचार** : साइबर सेल थाना स्वार टीम द्वारा साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को 1,17,998 रुपये की धनराशि खाते में वापिस कराई।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव अगलगा रोड के मोहल्ला रसूलपुर निवासी मुकी उर रहमान का कहना है कि 29 अप्रैल 2025 को साइबर ठगों कुल 1,17,998 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पीड़ित ने शिकायत साइबर पोर्टल पर 29 अप्रैल को की थी कि किसी व्यक्ति द्वारा कैंपा कोला की फ्रेंचाइजी के नाम पर आवेदक के साथ साइबर धोखाधड़ी कर कुल 1,17,998 रुपये की धनराशि ले ली थी, जब आवेदक को इसके बारे में जानकारी हुई तब आवेदक ने इसकी शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज करायी। साइबर सेल थाना स्वार द्वारा शुक्रवार को कुल धनराशि 1,17,998 रुपये आवेदक के खाते में वापस कराए। जिसके बाद पीड़ित ने स्वार प्रभारी प्रदीप मलिक का धन्यवाद किया।


माता रानी की ज्योत लेकर रामनगर के गर्जिया मंदिर पर पहुंचे माता के भक्त।

# देवी की ज्योत लेकर रामनगर गर्जिया मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार** : नगर के वार्ड तीन मोहल्ला भूबरा में माता रानी के जागरण के बाद कमेटी के पदाधिकारी माता रानी की ज्योत लेकर नैनीताल के रामनगर गर्जिया मंदिर पहुंचे और आशीर्वाद लिया।

बुधवार देर रात माता रानी के जागरण कार्यक्रम में बाजपुर महेशपुर के कलाकारों की धूम रही। माता रानी के भजनों पर भक्त झूमते रहे। माता रानी के गुणगान कार्यक्रम के बाद पूर्व सभासद अनुज गुप्ता के नेतृत्व में तमाम युवा माता रानी की ज्योत लेकर रामनगर के गर्जिया मंदिर पहुंचे। माता रानी की ज्योत को माता के मंदिर में पेश किया। युवाओं ने मन्नत मांगी। इस मौके पर सुमित कुमार, पंकज, प्रमोद कुमार, शिवा, सूरज, रंजीत, प्रशांत कुमार, अंकित, नितिन, विशाल, अनुज, विकास, मोहित, विपिन, पारस आदि साथ रहे।

### शिविर में मरीजों की जांच कर दवाएं दीं

**मसवासी, अमृत विचार** : नगर में व्यापार मंडल द्वारा उजाला हॉस्पिटल काशीपुर के चिकित्सकों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और मुफ्त दवाओं का वितरण किया। शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच जैसे कि रक्तचाप, मधुमेह और अन्य बीमारियों की जांच मुफ्त में की। चिकित्सकों ने मरीजों को निशुल्क जांच व दवा एवं स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। शिविर में फिजिशियन डॉ. अमित कुमार वत्सल व डॉ. अजय शर्मा आंखों के लिए डॉ. प्रदीप कुमार, नाक, कान व गले के लिए डॉ. राजकुमार भारती सहित नर्स स्टाफ में रोहित शुक्ला, कल्पना चौहान संजीव शर्मा, कैंप इंचार्ज कपिल शर्मा मौजूद रहे। व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, महामंत्री विनोद पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजनंदन सागर, अनिल दिवाकर, सुमित यादव, जमीर अहमद, राकेश मौर्य व वसीम अहमद पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, राजीव वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश में दंपती को पीटकर किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव खिरनी निवासी नरोत्तम और उसकी पत्नी ममता शुक्रवार को खेत में मजदूरों के साथ धान लगा रहे थे। आरोप है कि कुछ लोग लाठी डंडे लेकर खेत पर पहुंच गए। पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसमें नरोत्तम और ममता घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी।

### गाजियाबाद की किशोरी स्टेशन पर मिली

**चन्दौसी,अमृत विचार :** जीआरपी थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह बुधवार की रात जवानों के साथ प्लेटफार्म नंबर 2 पर गश्त कर रहे थे। बरेली की दिशा की ओर एकांत में एक किशोरी व युवक बातचीत करते मिले। जीआरपी दोनों को थाने ले आई। जानकारी करने पर पता चला कि किशोरी को डी ब्लाक विकास कुंज थाना लोनी जनपद गाजियाबाद व युवक शहनवाज पुत्र स्व. भूरे मास्टर गांव सुल्तानगढ़ थाना धनारी का निवासी है। जीआरपी ने सी प्लान के माध्यम से जानकारी की तो थाना लोनी के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किशोरी के अपहरण का मुकदमा पंजीकृत है। गुरुवार की रात थाना लोनी पुलिस व किशोरी के पिता के जीआरपी थाने पहुंचने पर दोनों को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

### युवती की गुमशुदगी दर्ज करने की गुहार

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि बुधवार को सुबह करीब 11 बजे उसकी 23 वर्षीय बहन कहीं चली गई। आसपास और रिश्तेदारी में तलाश किया गया लेकिन कहीं पता नहीं चला। युवक ने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज करने की गुहार लगाई है।

### आपात काल पर चर्चा

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, चन्दौसी :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के छाबड़ा मंडल के सभी 9 सेक्टरों में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने बैठक की। कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपात काल पर चर्चा की। सेक्टर बेरनी प्रभारी राम नरेश यादव आपात काल में क्या-क्या हुआ इसकी जानकारी दी गई। इस दौरान अंकित शर्मा, जेके शर्मा, केपी पाल, प्रदीप चौहान, बिजेंद्र सिंह राघव, आलोक चौहान, कमल वीर सिंह, बंटी गोस्वामी, वीरपाल सिंह, सुधीर मल्होत्रा, महेंद्र पाल, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

#### पीटीजेड कैमरे लगवाने से वाहन चालक करेंगे नियमों का पालन, चालान व्यवस्था में मिलेगी मदद

# चौराहों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए जाएंगे पीटीजेड कैमरे

गौरव वर्मा , संभल

**अमृत विचार :** संभल में निगरानी और सुरक्षा के नजरिये से प्रशासन अब प्रमुख चौराहों और स्थानों पर पीटीजेड कैमरे लगवाने पर मंथन कर रहा है। पीटीजेड कैमरे की खासियत यह है कि इसी फुटेज में 500 मीटर दूर की स्थिति साफ दिखाई देगी। इससे सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी ही इन कैमरों के जरिये नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान आसानी से किए जा सकेंगे।

पिछले वर्ष 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे के विरोध में हुई हिंसा के बाद से जिला प्रशासन संभल की संवेदनशीलता को लेकर और सतर्क हो गया है। 2 करोड़ से अधिक की लागत से 60 स्थानों पर 224 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।


सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी लेते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**● डीएम और एसपी ने गुरुवार को पैदल भ्रमण के दौरान कैमरों की व्यवस्था को देखा**

यह कैमरे सदर कोतवाली क्षेत्र और नखासा थाना क्षेत्र में लगवाए जाने हैं। कैमरों से संबंधित फर्म के हर्षित शर्मा ने कई दिनों पहले सीसीटीवी कैमरे लगवाना शुरू करा दिया था। कोतवाली क्षेत्र में 40 स्थानों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। गुरुवार को डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कांवड़ यात्रा एवं मोहर्रम पर ताजिये निकलने वाले मार्ग का पैदल भ्रमण किया तो उन्होंने सीसीटीवी कैमरे लगने के कार्य को भी देखा। डीएम और एसपी ने मंथन किया कि अस्पताल चौराहा समेत दूसरे प्रमुख चौराहों और स्थानों पर पीटीजेड कैमरे लगवाए जाएं जिससे सुरक्षा एवं निगरानी के साथ-साथ 500 मीटर दूर तक की तस्वीर साफ दिखाई देगी। इतना ही नहीं, अगर कोई वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करके जाएगा तो उसका चालान भी आसानी से किया जा सकेगा। बहरहाल, इस संबंध में संबंधित फर्म को निर्देशित कर दिया गया है।

### इन स्थानों पर पीटीजेड कैमरे लगाने का प्लान

वाजिदपुरम और सत्यवृत्त पुलिस चौकी के आगे की तरफ पीटीजेड कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा अस्पताल चौराहा, चंदौसी चौराहा, चंदौसी मार्ग पर पेट्रोल पंप, चौधरी सराय, रायसत्ती, हिंदूपुरा खेड़ा और सत्यवृत्त पुलिस चौकी के पीछे की तरफ भी पीटीजेड कैमरा लगाया जाएगा।

### कैमरे शिफ्ट करने के लिए तैयार हो रहे पोल

फर्म ने शहर में विभिन्न स्थानों पर बिजली विभाग या अन्य पोलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। अब मुख्य मार्ग पर कैमरों के लिए अलग से पोल की व्यवस्था कराई जा रही है। यह पोल मुरादाबाद मार्ग पर वाजिदपुरम से लेकर चौधरी सराय तक लगेंगे। अभी तक लग चुके कैमरों को नए पोल पर शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए 22 पोल तैयार कराए जा रहे हैं।

# यज्ञोपवीत संस्कृति का महत्वपूर्ण चिन्ह

#### प्रांतीय आर्यवीर दल प्रशिक्षण शिविर में 150 आर्य वीरों का किया गया यज्ञोपवीत संस्कार

कार्यालय संवाददाता,संभल/रजपुरा

**अमृत विचार:** आर्य वीर दल द्वारा आयोजित सात दिवसीय प्रांतीय आर्य वीर दल प्रशिक्षण शिविर में 150 आर्यवीरों का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। आर्य वीर दल के प्रदेश संचालक आचार्य पंकज आर्य ने कहा कि भारतीय वैदिक संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रतीक चिन्ह यज्ञोपवीत है। संस्कार ही शरीर के अवयवों को सुदृण तथा योग्य बनाने और हमें धर्मानुकूल आचरण करने के योग्य बनाते हैं।

रजपुरा विकासखंड के गांव भीकमपुर जैनी स्थित टीकम सिंह आर्य आदर्श विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में आचार्य पंकज आर्य ने कहा कि मानसिक वाचिक तथा आत्मिक उन्नति का एकमात्र साधन संस्कार ही है। मानवीय नैतिक मूल्यों से आच्छादित करने की धार्मिक विधि को ही संस्कार शब्द से जाना जाता है। सर्वदानंद संस्कृत


संभल के रजपुरा में यज्ञोपवीत संस्कार में भाग लेते बालक। ● अमृत विचार

महाविद्यालय साधु आश्रम के प्राचार्य डॉ. आचार्य जीवन सिंह ने कहा कि यज्ञोपवीत विद्या का चिन्ह है। यज्ञोपवीत के तीन धागे पितृ ऋण, ऋषि ऋण और देव ऋण का स्मरण दिलाते हैं। मनुष्य को अपने पुरुषार्थ से इन ऋणों से उऋण होना है। यज्ञोपवीत की उपेक्षा को अपराध की श्रेणी में माना जाता है। वैदिक संस्कृति में मानव की शारीरिक, बौद्धिक और आत्मिक दृष्टि से पूर्ण मानव संस्कारों से ही बनता है यज्ञोपवीत धारक ही यज्ञ करने का अधिकारी होता है। विभिन्न आर्य नेताओं, आर्य समाज, आर्य वीर दल के पदाधिकारियों ने शिविरार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

### युवाओं ने सीखा तलवार व भाला चलाने का हुनर

संध्या काल के सत्र में व्यायाम शिक्षक राजकुमार आर्य, सुभाष आर्य, नारायण आर्य, प्रशान्त, अजीत आर्य, विश्वजीत आर्य, प्रमुख आर्य ने युवाओं को तलवार भाला, लाठी, लेजियम, डम्बल आसान, स्तूप, रस्सा मलखम्ब, दंड बैठक आदि का अभ्यास कराया। प्रान्तीय सह संचालक दयाशंकर आर्य, जिला संचालक ज्योति वसु आर्य, ओमपाल आर्य, नरेंद्र पाल आर्य, ज्योतिवसु, यशपाल शास्त्री, अष्ट वसु, राजवसु, इंद्रवसु, राष्ट्र वसु आर्य, हेमन्त आर्य, गोविंद आर्य, भुवनेश कुमार शिक्षक, आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चन्दौसी को महायोजना 2031 में किया शामिल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** शासन ने चन्दौसी नगर को महायोजना-2031 में शामिल किया है।

उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव गुरु प्रसाद की ओर से संभल जनपद के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि काफी विचार के बाद निर्माण कार्य विनियमन के अंतर्गत जीआईएस आधारित शहर को महायोजना 2031 को स्वीकृत दिए जाने का निर्णय लिया गया है। महायोजना में अमृत योजना के तहत काफी विकास कार्य कराए जाएंगे। शहर के मानचित्रों सहित मुख्य नगर व ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

महायोजना 2031 के मानचित्रों को शासन को उपलब्ध कराया गया है। महायोजना के तहत शहर में काफी परिवर्तन के साथ विकास कार्य कराया जाएगा। शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को भी महायोजना से जोड़कर देखा जा रहा है।

# कांवड़ यात्रा में मानक के अनुसार ही डीजे लगाएं


डीजे संचालकों के साथ बैठक करते सीओ आलोक कुमार सिद्धू। ● अमृत विचार

**बहजोई,अमृत विचार:** कांवड़ यात्रा को लेकर डीजे संचालकों की बैठक में सीओ ने मानक के अनुसार डीजे के निर्देश दिए।

कोतवाली में बैठक में सीओ आलोक कुमार सिद्धू ने कहा कि अधिक ऊंचाई का डीजे लगाया तो सीज कर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने डीजे संचालकों से कहा कि कोई भी

**● सीओ ने नगर के डीजे संचालकों की बैठक में दिए निर्देश**

कितना भी आपसे अधिक ऊंचाई का डीजे लगाने की बात करे उसे साफ बता देना है कि मानक के अनुसार ही डीजे लगाया जाएगा। कार्रवाई से बचने के लिए यह कार्य अवश्य करें। इस दौरान कोतवाल हरीश कुमार, राजवीर सिंह, सत्येंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## नकाबपोश हमलावरों ने युवक को बेरहमी से पीटा

**बबराला, अमृत विचार:** इंदिरा चौक पर नकाबपोश युवकों ने एक युवक को तब तक पीटा जब तक कि वह लहूलुहान होकर नहीं गिर गया।

गांव कैल निवासी विराट उर्फ राजेश शुक्रवार सुबह इंदिरा चौक के पास बस अड्डे पर खड़ा था । वहां पहुंचे आधा दर्जन से ज्यादा युवकों ने पकड़ लिया और जमकर पिटाई की गई। विराट लहूलुहान हो बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। लोगों ने हमलावरों के चंगुल से उसे छुड़ाया। चौकी प्रभारी विशाल शर्मा ने हमलावरों की पहचान के लिए आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाले। घायल विराट की मां अनीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में धनारी के गांव नगला चतुर्भानपुर निवासी विजेंद्र, नरोत्तम, नीरेश और पांच छह अन्य नकाबपोशों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मिनी मालगोदाम से मक्का की पहली रैक धामपुर भेजी गई

संवाददाता,चन्दौसी

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के बराबर रेलवे की खाली भूमि पर शुक्रवार को मिनी मालगोदाम विधि विधान से आरंभ कर दिया। पहले दिन गोदाम से मक्का की रैक धामपुर के लिए रवाना हुई।

माल गोदाम रोड पर रेलवे का मालगोदाम बना है। पुराना भवन को ध्वस्त कर दिया गया। मगर अभी नए भवन का निर्माण नहीं किया गया है। वर्तमान में मंडी समिति रेलवे फाटक के ऊपर ओवरब्रिज निर्माण के चलते मार्ग पूरी तरह बंद है। जबकि कब्रिस्तान रेलवे फाटक के पास के सड़क निर्माण चल रहा है। यहां भी मार्ग पूरी तरह बाधित है। जिससे माल गोदाम से


रैक में मक्का की बोरी लोड करते मजदूर। ● अमृत विचार

**● विधि विधान से हुआ मिनी मालगोदाम का आरंभ**

माल आने व जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी परेशानी को देखते हुए क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के बराबर में रेलवे की काफी भूमि है। जिस पर पहले लोकोशेड था। इसी स्थान पर शुक्रवार को मिनी मालगोदाम का विधि विधान से आरंभ किया गया। अनेक व्यापारी भी कार्यक्रम में पहुंचे। पहले दिन रैक से मैंसर्स वरुण ओवरसीज दिल्ली का मक्का चन्दौसी से धामपुर के लिए रवाना की हुआ। व्यापारियों ने मिनी मालगोदाम तक पहुंचने मार्ग दुरुस्त कराने की मांग की है।

# एनकेबीएमजी कॉलेज मार्ग पर 3 दुकानें ढहाई


अतिक्रमण की जद में आई दुकानों से सामान हटाते लोग। ● अमृत विचार


नाले के ऊपर बनी दुकानों को तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** एनकेबीएमजी कॉलेज मार्ग पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिसमें नाले के ऊपर बनी पालिका की 3 दुकानों व अन्य अतिक्रमण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इसी मार्ग पर नाले के आगे बने मकान मालिकों से प्रशासन ने बैनामे दिखाने की बात कही। किसी ने बैनामे नहीं दिखाए। संभल गेट से कंपनी बाग जाने वाले मार्ग पर नाले के बराबर बनी दुकानों 8 मीटर तोड़ा जाएगा।

गुरुवार को एनकेबीएमजी कॉलेज पर नाले के ऊपर बने स्थायी अतिक्रमण का एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने निरीक्षण के उपरांत अतिक्रमण को ध्वस्त करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद नगर पालिका के कर्मचारियों ने जेसीबी

**● संभल गेट से कंपनी बाग के बीच 8 मीटर खाली कराया जाएगा मार्ग**

से नाले के ऊपर बने अतिक्रमण को ध्वस्त किया। इसी मार्ग पर नाले के ऊपर पालिका की 3 दुकानें बनी थीं। दुकानें खाली होने के बाद शुक्रवार को ध्वस्त कर दिया। साथ ही इसी मार्ग पर नाले के आगे बने मकानों के स्वामियों से एसडीएम ने गुरुवार को बैनामे दिखाने की बात कही थी। शुक्रवार को भी एसडीएम मौके पर पहुंचे, मगर मकान स्वामी बैनामे नहीं दिखा सके। संभल गेट से कंपनी बाग जाने वाले मार्ग पर नाले के बराबर 5 दुकानें बनी हैं। शुक्रवार को लेखपाल ने फीता डालकर नपत की जिसमें 8 मीटर जगह खाली करनी होगी। दुकानदारों से स्वयं ही दुकानों का सामान निकालना शुरू कर दिया। इसके बाद दुकानों को ध्वस्त कराया जाएगा।

## मोहर्रम का चांद दिखने पर शिया समुदाय में शोक शुरू


सिरसी में मातम करते शिया मुसलमान। ● अमृत विचार

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** मोहर्रम का चांद दिखाई देते ही शिया समुदाय के लोग गम में डूब गए।

गुरुवार को देर रात कदीमी अलम मुबारक का जुलूस निकाला गया जिसमें अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। अजादारों ने जियारत की। शुक्रवार से शिया समुदाय में दो महीने आठ दिन के लिए शोक शुरू हो गया। मोहर्रम की पहली तारीख को अजाखानों और घरों में मजलिसों मातम का सिलसिला शुरू हुआ। डॉ. मुहम्मद हुसैन जाफरी के मकान से गहवाराए अली असगर निकला। जिसमें सवारी वाकर मेहंदी ने पढ़ी। अंजुमन जुल्फकार ए हैदरी ने नौहाख्वानी की। गहवाराए इमाम बारगाह सादात में जाकर संपन्न हुआ।

## सार-संक्षेप

### समारोह पूर्वक मनाई गई बंकिम चंद्र की जयंती



**चन्दौसी,अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि भारत की आजादी एक बहुत लंबे स्वाधीनता आंदोलन की देन है, इसमें साहित्यकारों, कवियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों का भी विशेष योगदान रहा। बंकिम चंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम जैसी अमर रचना से न केवल आजादी की लड़ाई में नई जान फूंकी बल्कि भारतीय भाषाओं के साहित्य को मजबूती देते हुए नए आयाम प्रदान किए। बंकिम चंद्र डिप्टी मजिस्ट्रेट बने और बंगाल सरकार में सचिव पद पर भी रहे। डॉ. महेश कुमार गुप्ता, डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, अनमोल मिश्रा, विकास यादव, सरोज कुमारी, शिवानी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस चौकी के समर्थन में भाकियू बीआरएसएस



**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के मनोटा पुल पर पुलिस चौकी निर्माण को लेकर भाकियू के दो गुट आमने सामने आ गये हैं। भाकियू शंकर ने पुलिस चौकी का विरोध किया है वहीं भाकियू बीआरएसएस ने पुलिस चौकी निर्माण शुरू कराने की मांग की है। मनोटा पुल के निकट पुलिस चौकी बनवाई जा रही है। भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में 21 जून को कार्यकर्ताओं ने समाधान दिवस में ज्ञापन दिया कि गांव दबोई में किसान मकान निर्माण कार्य करा रहा है। पुलिस उसकी जमीन के आगे चौकी बनवाना चाहती है जो गलत है। शुक्रवार को भाकियू बीआरएसएस कार्यकर्ताओं ने युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम विकास चंद्र को ज्ञापन सौंपकरचौकी बनवाने की मांग रखी। जिलाध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी, मिंकू चौधरी, शिवनारायण सैनी, अनमोल कुमार, मेहंदी हसन, अमनजीत चौधरी, सूफियान, मास्टर साबिर अली, होराम सिंह, मोहम्मद असलम, विनोद सैनी, आयशा राजपूत, अतलेश देवी आदि रहे।

### समर कैंप में बच्चों को किया सम्मानित



**बहजोई,अमृत विचार :** भारत विकास परिषद शाखा मंगलम के बाल संस्कार शिविर के समापन पर बच्चों को सम्मानित किया गया। सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे संस्कार शिविर के समापन समारोह के मौके पर हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया गया। अध्यक्ष दिवाकर गुप्ता, राहुल वार्ष्णेय एडवोकेट, संभव जैन, विनीत कुमार सर्राफ, राजीव कुमार सिंह, सुनील कुमार रस्तोगी, जिला समन्वयक सोम प्रकाश वार्ष्णेय, कपिल दीवाना, नवीन कुमार वार्ष्णेय, संदीप शर्मा, एकांश गुप्ता, साधना गुप्ता आदि ने सहयोग किया। संचालन लव कुमार आर्य ने किया।

### सत्संग भवन निर्माण के विरोध में तीसरे दिन भी धरना

**बहजोई,अमृत विचार :** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर मेले की भूमि में सत्संग भवन निर्माण कार्य को लेकर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने धरना तीसरे दिन भी जारी रखा। नगर पालिका परिषद द्वारा बंदन योजना के तहत श्री भगवंतपुर देवी मंदिर के सामने मेले की भूमि में सत्संग भवन सहित सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा था। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने विरोध में अपना धरना तीसरे दिन भी जारी रखा। उनका कहना था कि नगर पालिका मेले की भूमि पर कब्जा करना चाहती है। निर्माण कार्य रोकने का सरकारी आदेश नहीं आ जाता तब तक वे धरना जारी रखेंगे। अरुण गोस्वामी, गौरवकांत शर्मा, मनोज बजाज, कन्हैया लाल वार्ष्णेय, राजू शर्मा, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### जुमे की नमाज शांतिपूर्ण अदा की गई

**संभल, अमृत विचार :** संभल में शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। शहर की जामा मस्जिद सहित दूसरी मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की और दुआ मांगी। इस बीच सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम रहे। संभल की जामा मस्जिद में सर्वे के विरोध में 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद से जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहता है। शुक्रवार को भी जामा मस्जिद सहित दूसरी मस्जिदों और अन्य प्वाइंटों पर पुलिस बल तैनात किया गया। दोपहर में निर्धारित समय पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जामा मस्जिद में नमाज अदा करते हुए दुआ मांगी। दूसरी मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी हालत पर निगाह रखे रहे।

### सीओ ने आगामी त्योहारों को लेकर बैठक की



**चन्दौसी, अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर आगामी त्योहार को लेकर डीजे संचालक व कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्किल के तीनों थानों के प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे। सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि आगामी सावन माह में कांवड़ यात्रा आरंभ हो जाती है। शिव भक्त गंगा घाटों से कांवड़ में गंगा जल लेकर आते हैं । सीओ क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि मोहर्रम पर निकलने जुलूस में डीजे की ऊंचाई भी 10 फिट रहेगी। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### गाय आने पर पलटा केमिकल लदा ट्रक, चालक घायल



**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना के सिरसी के पास संभल-मुरादाबाद मार्ग पर हकीम रहीस मेडिकल कॉलेज के सामने गाय सामने आने पर ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया जिससे ट्रक चालक घायल हो गया। राजस्थान से केमिकल लेकर ट्रक सितारगंज के लिए जा रहा था। गुरुवार को देर रात संभल-मुरादाबाद मार्ग पर हकीम रईस मेडिकल के सामने अचानक गाय आ गई। ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक रामबली पुत्र रतन निवासी गांव तिलकपुर थाना लक्ष्मण गंज जिला अलवर घायल हो गया।

अनिर्वेदः श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा है। जिसके तहत हम भारत के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वाशिंगटन में है। भारतीय दल की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और 9 जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त पारस्परिक शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

गौरतलब है कि दोनों देश एक बड़े व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें भारत के लिए अमेरिकी बाजार में और अधिक पहुंच की उम्मीद है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल-विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। 2030 तक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए अगले पांच साल में 250 से 270 अरब डॉलर के अतिरिक्त व्यापार की आवश्यकता होगी। अगर दोनों देशों का ये लक्ष्य पाना है तो विशिष्ट क्षेत्रों के लिए एक स्पष्ट नीति तैयार करनी होगी। दोनों देशों को एक दूसरे की चिंताओं को दूर करने और एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# अग्निशमन हेतु स्पेस टेक्नोलॉजीज का व्यावसायीकरण जरूरी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

दिल्ली के रिठाला गांव में एक तंग गली के चार मंजिला मकान में प्लास्टिक प्रोसेसिंग फैक्ट्री में गत बुधवार शाम भयानक आग धधकने से चार लोग ज़िंदा जल गए। इस घर में फायर सेफ्टी के लिए कोई इंतजाम नहीं थे। हिंदुस्तान में गैर वाजिब तरीके से लाखों कार्य-स्थलों पर इंडस्ट्रियल वर्क्स या प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित हैं जिन्हें अनाधिकारिक तरीके से स्थापित किया और चालू रखा जाता है। म्युनिसिपल कमेटियों और कारपोरेशन के अधीन काम करने वाले अग्निशमन विभाग किसी रिहायशी या इंडस्ट्रियल एरिया में एक्सपर्ट्स को भेजकर सर्वेक्षण रिपोर्ट्स कभी तैयार नहीं करवातीं। कैसे करें? स्टाफ और इक्विपमेंट ही पूरा नहीं है।

बरसों पहले नयी दिल्ली में कनाट प्लेस के निकट बाराखंबा मार्ग पर एक बहुमंजिला इमारत में लगी आग को मैंने खुद देखा था। कुछेक लोग आग की तीव्रता से बचने के लिए खिड़कियों में खड़े हो गए थे और बचाव के लिए हड़बड़ी में आठवीं मंजिल से नीचे कूद गए या संलग्न भवन की दूसरी खिड़की पर पाइप लगाकर बन्दर की तरह उसे पकड़ कर दूसरी ओर जाने के प्रयास में हाथ छूटने से नीचे गिर कर मर गए थे। दिल्ली का कनाट प्लेस स्थित फायर स्टेशन हाई राइज बिल्डिंग्स में आग लगने पर बचाव कार्य के लिए मैनपावर और तकनीकी तौर से क्षमतावान है, लेकिन गुड़गांव की सैंकड़ों की संख्या में बनाई गई बहुमंजिला इमारतें ज्यादातर मामलों को लेकर असुरक्षित है। भारत के अन्य महानगरों को छोड़िए, नोएडा व मयूर विहारजैसे उभरे इलाकों में भी 10-12 मंजिल ऊंची इमारतों में आग लगने के बाद स्थानीय म्युनिसिपल कारपोरेशन बचाव के लिए उन्नत और सक्षम टेक्नोलॉजी और इक्विपमेंट के मामले में ज्यादातर कमज़ोर है।

हम अभी तक फायर रिटार्डेंट्स और फ्लेम एक्स्टिंग्विशर के लिए परंपरागत तरीके ही इस्तेमाल करते हैं हालांकि मेट्रो कोच और वायुयानों में अंदरूनी पेंट करने से पहले इसमें अग्निशामक रेजिन मिलाया जाता है। कुछ भवनों में अंदरूनी वाल फिटिंग्स और फर्नीचर पेंट के लिए भी इसका इस्तेमाल अब हो रहा है। लेकिन बड़ी आग को बुझाने के लिए ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की सिफारिशों के अनुसार ही रसायन युक्त घोल का इस्तेमाल करना उचित है।

> एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है।

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। अग्निशमन कारकों के मानक ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की साईट पर उपलब्ध हैं। लेकिन कोई तब भी नहीं देखता कि जिस भवन में वह रहता है वहां कैसे आग्नेय पदार्थ हैं और आग लगने पर इनके शमन के लिए उचित प्रकार का मानक अग्निशामक उपलब्ध है या नहीं।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 14 दिन बिताने और कुछ तजुर्बे करने के लिए भारत की ओर से शुभांशु शुक्ला ने फाल्कन राकेट में लगे एक्सिओम स्पेस कैप्सूल में बैठ कर गत बुधवार की आधी रात के कुछ मिनट बाद उड़ान भरी और वे आईएसएस से अपने यान को जोड़ने के बाद अंदर प्रवेश करेंगे। आईएसएस की स्थापना से पहले इसके डिजाइन में यह ध्यान रखा जाता है कि किसी भी समय, किसी कारण से या अंदरूनी इलेक्ट्रिकल सिस्टम के खराब या शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाएगी तो कैसे इसे कंट्रोल करेंगे और आग से हुई क्षति के बाद किस पद्धति अर्थात स्टैंडर्ट ऑपरेटिंग प्रोसीजर से सफाई करेंगे। अंत में बीस साल पहले उपलब्ध टेक्नोलॉजी के ज्ञान के अनुसार जितना संभव हुआ उतना उन्नत एक एनवायरनमेंट कंट्रोल एंड लाइफ सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया गया जो पूरी तरह से आटोमेटिक, लेकिन मैन्युअली कंट्रोल्ड भी है।

पृथ्वी के निकट की कक्षा या लो-अर्थ ऑर्बिट या एलईओ में स्थापित किए गए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बीस वर्षों की निरंतर मानवीय उपस्थिति की वजह से इसमें स्थापित की गई ईसीएलएसएस अथवा स्थायी पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली में निरंतर सुधार किया गया है, जो बाहरी अंतरिक्ष के खतरनाक वातावरण में जीवित रहने के लिए आवश्यक सभी तत्वों को कवर करता है। आईएसएस में कार्बन डाइऑक्साइड से ऑक्सीजन को पुनर्प्राप्त करने के लिए एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम (एआरएस) की दक्षता किसी भी मिशन की अवधि के लिए एक थ्रेशहोल्ड या ऊपरी सीमा निर्धारित करती है। एआरएस द्वारा प्रदत्त समय सीमा से अधिक अवधि तक मिशन चलाने के कारण खतरे की नियति से बचना असंभव है। अंतरिक्ष यान में ऑक्सीजन की मात्रा एक निश्चित स्तर से नीचे गिर जाती है, तो चालक दल जीवित नहीं रह सकता है। खतरा केवल निगरानी उपकरण के स्वचालन या ऑटोमोटिव सिस्टम की तकनीकी खराबी या स्थायी विफलता के कारण उत्पन्न होता है। नतीजतन, एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम को प्रमाणित दक्षता के साथ डिज़ाइन किया जाता है और मिशन की योजना उसी के अनुसार बनाई जाती रही है। सही परिरक्षण प्रौद्योगिकियों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप ताप स्रोतों, ऑक्सीजन और ईंधन की उपस्थिति में, अंतरिक्ष यान या जमीन पर आग लगने का जोखिम निश्चित है, और अगर रोकथाम की अनदेखी की जाती है, तो आग लग जाएगी।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है। उक्त परिदृश्य में भारत द्वारा खुद के स्पेस स्टेशन के डिजाईन में सभी बातों का ध्यान रखा जाएगा और हो सकता है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन के स्पेस स्टेशन से उन्नत टेक्नोलॉजी हम इसमें लगा पाएं। स्पेस टेक्नोलॉजीज में निरंतर सुधार और उन्नत प्रणालियों के विकास से ऐसा संभव है।


अगर स्पेस स्टेशनों में आग लगने से बचने और अग्नि लगने के बाद इसके त्वरित रूप से फैलने से रोके जाने की नियंत्रण प्रणालियों का विकास संभव है तो इन्हें सिविलियन इस्तेमाल के लिए व्यावसायिक तरीके से बाज़ार में उपलब्ध करवाने की तत्परता क्यों नहीं दिखाई जाती? इस समय मार्किट में जो भी फायर अलार्म या आग बुझाने की ऑटोमैटिक प्रणालियां उपलब्ध हैं वे खर्चीली हैं और सालभर की अवधि में कम से कम दो बार परिरक्षण या मेंटेनेंस की मांग करती हैं। इसे केवल सरकार के बड़े और महत्वपूर्ण दफ्तर, सिक्योर वॉल्ट्स, पानी के अन्दर या जमीन पर चलाने वाले और हवा में उड़ने वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स या अत्यंत ऊंचे स्तर की सुरक्षा की मांग करने वाले स्थल या एन्क्लोजर्स जैसे कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों या डिफेन्स कार्रवाई के संचालन के लिए बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल रूम्स और गलियारे हों, या फिर बहुत जोखिम वाली इंडस्ट्रीज और धनाढ्य वर्ग अथवा हाई राइज बिल्डिंग्स बनाने वाले ही इन्हें इस्तेमाल करने के लिए भारी खर्च वहन करने में सक्षम हैं। यह देख कर ताज्जुब होता है कि सोलर पॉवर लगाने के लिए सरकार बहुत सब्सिडी देती है, लेकिन जोखिम वाले उद्योगों के लिए एक प्रभावी और कारगर फायर फाइटिंग सिस्टम इंस्टाल करने के लिए उन्नत तकनीकों के लिए एक पैसा भी सब्सिडी के तौर से दिए जाने की सोच मौजूद नहीं है। हमने स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी टेक्नोलॉजिकल मार्वेल्स को तो बना दिया लेकिन धरती पर जहां उन्नत टेक्नोलॉजी की करोड़ों इंडस्ट्रियल यूनिट्स में उन्नत अग्निशमन यंत्र प्रणालियों और गैजेट्स की जरूरत है, उसके बारे में नहीं सोचा। अंतरिक्ष की तरफ सर उठाकर देखने के बाद हमें पृथ्वी पर मानव सुरक्षा को भी देखने की जरूरत है।

## प्रसंगवश

# इतनी चर्चा में क्यों हैं जोहरान ममदानी

मंगलवार के दिन न्यूयॉर्क सिटी के मेयर के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' हुई थी। प्राइमरी अमरीकी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। भारत में किसी चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुनता है। अमेरिका में नहीं। वहां पार्टी के स्थानीय सदस्य मतदान कर अपने उम्मीदवार को चुनते हैं। मंगलवार को हुए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ज़ोहरान ममदानी विजयी रहे। यानी न्यू यॉर्क के मेयर के चुनाव में ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहेंगे।

महत्वपूर्ण चुनाव है। वित्तीय वर्ष 2025 का न्यूयॉर्क सिटी का बजट 111.62 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.15 लाख करोड़ रुपये का है; तुलना के लिए वित्तीय वर्ष 2025 का महाराष्ट्र का बजट 7 लाख करोड़ से कुछ अधिक का है। अमेरिकन शहरों की पुलिस भी वहां के मेयर के अधीन काम करती है, और ममदानी ने घोषणा कर रखी है कि यदि वे मेयर बने और इज़राइल के बेन्यामिन नेतन्याहू उनके कार्यकाल में न्यूयॉर्क आए तो वे नेतन्याहू को गिरफ्तार कर लेंगे। वे इतने भारत विरोधी हैं कि कांग्रेस के अभिषेक मनु संघवी ने भी कहा है कि जिस दिन ममदानी भारत पर बोलते हैं उस दिन पाकिस्तान के पीआर विभाग को छुट्टी ले लेनी चाहिए। ज़ोहरान ममदानी भारतीय मूल के हैं। उनके पिता महमूद ममदानी का जन्म मुंबई में हुआ था। उनकी माता विख्यात फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं, जिनका जन्म राउरकेला में हुआ था, जहां मीरा के पिता एक आईएएस अधिकारी थे। ज़ोहरान के पिता गुजराती मुसलमान हैं और माता पंजाबी हिन्दू परिवार से आती हैं। ज़ोहरान अभी न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य हैं। प्राइमरी में उनका मुकाबला एंड्रू क्वोमो के साथ था जो हाल तक न्यूयॉर्क स्टेट के गवर्नर रहे थे। क्वोमो कुछ बेआबरू होकर महफ़िल से निकले हैं। उनके ऊपर सेक्सुअल मिसकंडक्ट के अनेक आरोप लगे, कुछ स्थापित भी हुए। मजे की बात है कि न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स ने गवर्नर क्वोमो के ऊपर लगे आरोपों की पूरी जांच कराई थी। औपचारिक रूप में प्राइमरी के नतीजे शायद पहली जुलाई को घोषित हों किन्तु मंगलवार के ही दिन क्वोमो ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली थी। न्यूयॉर्क के वर्तमान मेयर एरिक एडम्स ने प्राइमरी में भाग नहीं लिया था। उन्होंने अप्रैल में ही घोषणा कर दी थी कि अगला चुनाव वे बतौर एक स्वतंत्र उम्मीदवार लड़ेंगे। मंगलवार के ही दिन हुए रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में कर्टिस स्लीवा विजयी रहे। नवम्बर में हो रहे मेयर के चुनाव में तिकोनिया संघर्ष देखने को मिलेगा - रिपब्लिकन स्लीवा, डेमोक्रैट ममदानी और स्वतंत्र एरिक एडम्स। न्यूयॉर्क शहर डेमोक्रैट गढ़ माना जाता है। बीसवीं सदी की शुरुआत से आज तक यानी पिछले 125 वर्षों में बस 36 वर्ष न्यूयॉर्क के मेयर रिपब्लिकन रहे हैं। दो तीन बार स्वतंत्र मेयर भी रहे हैं यानी जो किसी दल से संबद्ध नहीं थे। ममदानी फिलिस्तीनों के पक्षधर हैं और नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात करते हैं फिर भी प्राइमरी जीत गए इससे विश्लेषकों को पूरा विश्वास हो गया है कि न्यूयॉर्क में (शायद पूरे यूएसए में) यहूदी दो खेमों में बंट चुके हैं, एक इज़राएल के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है और दूसरा नहीं। अमरीकी चुनावों में बहुत पैसे खर्च होते हैं। कितने डेमोक्रैट धनकुबेर ममदानी के साथ रहेंगे यह स्पष्ट नहीं है। एक डेमोक्रैट वित्तपोषक, हेज फण्ड मैनेजर, अरबपति बिल ऐकमैन स्वतंत्र उम्मीदवार एरिक एडम्स के साथ हैं। ममदानी लोकप्रिय हैं। उनका मुद्दा शहर को 'अफोर्डेबल' बनाना है। वे कहते हैं, आज कोई पांच लाख बच्चे न्यूयॉर्क में भूखे सोते हैं। वे शहर की सरकार द्वारा संचालित खाने पीने के सामान बेचने वाली दुकानों की योजना ला रहे हैं। घरों के किराए वे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं और अगले तीन वर्षों में दो लाख 'अफोर्डेबल' घर बनाना चाहते हैं। (मेयर का कार्यकाल चार वर्षों का होता है।) वे पांच साल तक के बच्चों के लिए 'यूनिवर्सल चाइल्डकेयर' का प्रस्ताव ला रहे हैं और सरकारी कॉलेजों में ट्यूशन फी माफ़ करना चाहते हैं। यदि भारत से तुलना की जाए तो उनकी योजनाएं आप पार्टी की याद दिलाती है। कुछ वर्षों से एक यहूदी विरोधी नारा, "ग्लोबलाइज़ द इन्तिफ़ादा", अमेरिका में सुना जा रहा है। ममदानी भी इससे संबद्ध बताए जाते हैं और पूछने पर भी उन्होने अपने को इस नारे से विलग नहीं बताया। चुनाव महत्वपूर्ण है और तैतीस वर्ष के ममदानी के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

# एससीओ के मंच से भारत का सख्त संदेश



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

> अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

चीन में आयोजित संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन में भारत ने कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरुरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जो दी मिली है। मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान दोनों को सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब भारत एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। याद होगा वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरुरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इंकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उलंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है।

फिलहाल चीन एससीओ की मेजबानी से बहुत उत्साहित है। लेकिन जिस तरह भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है उससे चीन-पाकिस्तान दोनों के नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया है। चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष मं जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतर्राष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा।

गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों का भारत से अति निकटता है ऐसे में उम्मीद किया जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रुस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

## सोशल फोरम

# शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा

शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अपनी टीम (क्रू) के साथ पहुंच गए हैं। 41 वर्षों बाद भारत को यह गौरव मिला है जब राकेश शर्मा के बाद एक और अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तिरंगा फहराया है। मगर इसरो को इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी है। 548 करोड़ उड़ान प्रायोजक एक्सिओम स्पेस को देना पड़ा है। यह एक साझा कार्यक्रम (नासा, इसरो, स्पेस एक्स, एक्जियम सम्मिलित) होने के बावजूद एक व्यावसायिक उड़ान है।

विचारणीय यह है कि इतनी भारी राशि भारत को मात्र एक अंतरिक्ष यात्री के प्रशिक्षण पर खर्च करना क्या उचित था? हमारे पड़ोसी चीन ने धेला भर किसी को नहीं दिया और अपना समानान्तर अंतरिक्ष स्टेशन टियागांग स्थापित ही नहीं किया बल्कि वहां नियमित अंतरिक्ष यात्रियों की आवाजाही होती है।

भारत भी ऐसा कर सकता था मगर हम इस क्षेत्र में अपेक्षानुसार बढ़त नहीं बना पाए। हालांकि आश्चर्यजनक रुप से हमने मंगल तक गैर मानव यात्रा अत्यल्प बजट में करके एक कीर्तिमान बना दिया। मगर समानव अंतरिक्ष यात्रा की तैयारी में पिछड़ते गए। आज वैश्विक शक्तियों के लिए अंतरिक्ष मे आवागमन एक आम बात हो गई है। अमेरिका की ब्लू ओरिजिन जैसी कई निजी व्यावसायिक कंपनियों ने अंतरिक्ष में मौज मस्ती के लुभावने प्रस्ताव शुरु कर दिए हैं। अगले वर्ष भारत का गगनयान अंतरिक्ष यान उड़ने वाला है। जाहिर है शुभांशु शुक्ला को उसी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब वैश्विक प्राथमिकता केवल अंतरिक्ष भ्रमण की ही नहीं है। अमेरिका रुस और चीन मंगल और चांद तक की समानव यात्राओं की तैयारी में जुटे हैं। एलॉन मस्क एलान कर चुके हैं कि अगले कुछ वर्षों में वे मंगल पर समानव आरोहण के साथ ही बस्तियां बनाएंगे।


आज पूरे भारत में सुखानुभूति की लहर है। संवेदना और भारतीयता के आधार पर यह ठीक है मगर भारत को अपने समानव अंतरिक्ष यात्रा को अपने दम पर नियोजित करने के लिए कमर कसना होगा अन्यथा 'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

-फेसबुक वॉल से

# असंभव प्रतीत होता है जलवायु परिवर्तन को रोक पाना



तनवीर जाफरी
स्तंभकार

> उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है।

इस समय पूरी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बुरी तरह जूझ रही है। मानवजनित इस समस्या के चलते इसी पृथ्वी के किसी न किसी भूभाग से कोई न कोई दिल दहलाने वाली ख़बरें अक्सर आती रहती हैं। ज़ाहिर है दुनिया में बढ़ता जा रहा वायु प्रदूषण ही जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारक है। और यही ग्लोबल वार्मिंग और इसके कारण होने वाला जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान समझे जाने वाले मानव रुपी प्राणी की ही देन है।

इन समस्याओं से जूझने के लिए स्वयं को विश्व के ज़िम्मेदार समझने वाले नेता व शासकगण वातनुकूलित वातावरण में दुनिया में कहीं न कहीं इकठ्ठा होते रहते हैं और पृथ्वी के इन दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हालात पर चिंता व्यक्त करने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। इसके लिए विश्व स्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रस्तावित हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन एक ऐसा ही प्रमुख मंच है जहां विश्व के नेता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने पर सहमत होने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह सम्मेलन दुनिया के देशों को जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करते भी नज़र आता है। इस सम्मेलन में शामिल देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं।

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। इसी तरह पृथ्वी शिखर सम्मेलन है जोकि पर्यावरण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज की स्थापना की गई थी। इसी तरह कभी दुनिया के प्रमुख विकसित और विकासशील देशों का एक समूह जी 20 शिखर सम्मेलन भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का मंच बन जाता है। निकट भविष्य में भी ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर में 10-21 नवंबर 2025 तक संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसी तरह मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सऊदी अपरन्तु इन सभी वैश्विक प्रयासों के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि 50 वर्षों से भी अधिक समय से ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने व जलवायु संरक्षण के नाम पर होने वाले वैश्विक प्रयासों का आख़िर अब तक नतीजा क्या निकला है? सिवाय इसके कि स्वयं को विकसित कहने वाले देश विकास के नाम पर स्वयं को तो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ज़िम्मेदार बनने से रोक नहीं पा रहे जबकि अन्य विकाशील व ग़रीब देशों को फ़ंड देकर उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वही देश इस पर नियंत्रण करें? विकासशील देशों से वृक्षारोपण अभियान चलाने की उम्मीद की जाती है जबकि विकसित देश हथियारों की होड़ व गगनचुम्बी इमारतों को बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे रहते हैं। विकासशील देश नित नये उद्योग, वाहन व यातायात के अन्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बनाने में मशग़ूल रहते हैं जबकि अन्य देशों को प्रवचन देते हैं कि ईंधन की खपत करने वाले 10-15 वर्ष पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के क़ानून बनाएं? आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई यात्रा कम से कम करें, कारों का इस्तेमाल न करें या इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें, मांस व डेयरी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम से कम करें, घरेलू व औद्योगिक ज़रूरतों में ऊर्जा खपत में कटौती करें, कम से कम ऊर्जा ख़पत वाले उपकरण ख़रीदें, अपने घरों को तापावरोधी बनायें तथा गैस सिस्टम से इलेक्ट्रिक हीट पंपों पर स्विच करें, आदि आदि। यानी जलवायु सम्मेलनों के नाम पर इकठ्ठा होने वाले देशों में भी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' वाली कहावत चरितार्थ होते दिखाई देती है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है और जिस ऐमेज़ॉन क्षेत्र के वर्षावन पृथ्वी को लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन प्रदान करते थे उसी ऐमेज़ॉन क्षेत्र के सैकड़ों किलोमीटर के जंगल कुछ वर्ष पूर्व ही विकास की भेंट चढ़ गए? इन परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग व इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोक पाना लगभग असंभव सा प्रतीत होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### रामगंगा पोषक नहर में युवक का शव मिला

**बिजनौर, अमृत विचार** :रामगंगा पोषक नहर में एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। मृतक मेहंदी रंग के अंडरवियर और काले रंग के बनियान में है शव का रंग गेहुआ आंख नाक कान कद औसत शव के दाहिने हाथ में लाल रंग का कलावा पहना है। पुलिस आसपास के गांवों में भी युवक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। युवक की उम्र लगभग 25-30 वर्ष बताई जा रही है।

### मेडिकल स्टोर से लिए दवाओं के सैंपल

**संभल, अमृत विचार** : मेडिकल स्टोर में अनाधिकृत दवाओं को बेचने और अस्पताल चलाने की शिकायत पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी और औषधि निरीक्षक ने गांव सौंधन मोहम्मदपुर के सहारा मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। मेडिकल संचालक भाग निकला। औषधि निरीक्षक ने मेडिकल से कुछ दवाओं के सैंपल लिए। नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी ने बताया कि मेडिकल स्टोर के पिछले हिस्से (परिसर) को सील कर दिया गया। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

### ग्रामीण पर किया जानलेवा हमला, दी तहरीर

**संभल/मनोटा, अमृत विचार** : ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव बाबूखेड़ा निवासी नासिर गांव में ही मोहन के यहां मकान निर्माण में काम करने गया था। आरोप है कि पहले से बैठे तीन लोगों ने नासिर के साथ मारपीट शुरू कर दी। नासिर ने शोर मचाया तो परिजन पहुंच गए। इस बीच एक व्यक्ति ने चाकू से नासिर की गर्दन पर वार करके उसे घायल कर दिया। नासिर की पत्नी आसमा ने पुलिस को तहरीर दी।

### युवक की मौत पर पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

**संभल, अमृत विचार** : हयातनगर निवासी मनोज (26 वर्ष) गुरुवार रात नशे की हालत में था। परिजनों ने उसे खाना खिलाया तो सो गया। शुक्रवार को सुबह मनोज नहीं उठा तो परिजनों ने देखा लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पत्नी मायके से पहुंची और हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना रहा कि मनोज की पत्नी ज्यादातर मायके में रहती थी जिस कारण मनोज शराब पीने लगा था।

### चुनावी रंजिश में युवक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार** : असमोली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला निवासी मोहम्मद आलम पुत्र अली अहमद बुधवार की दोपहर घर के आगे खड़ा था। आरोप है कि फरमान, समीर, मुशारिब ने चुनावी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। गले में बेल्ट डालकर जान से मारने का प्रयास किया। पड़ोस के लोगों ने बचाया। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को परिवहन विभाग से किश्त जारी होने का इंतजार

# बिजलीघर में 2 एकड़ भूमि पर 8 करोड़ से बनेगा बस स्टैंड

- वर्तमान में आजाद रोड पर हो रहा रोडवेज बस स्टैंड का संचालन

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



रोडवेज बस स्टैंड के लिए पॉवर हाउस में चयनित भूमि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिजलीघर में रोडवेज बस स्टैंड के लिए 2 एकड़ भूमि का चयन कर लिया गया है। परिवहन विभाग की ओर से निर्माण की जिम्मेदारी लखनऊ की सीएनडीएस संस्था को दी गई है। कार्यदायी संस्था को धनराशि जारी होने के बाद नए रोडवेज का निर्माण आरंभ करा दिया जाएगा।

कई दशकों से आजाद रोड से रोडवेज बस स्टैंड का संचालन किया जा रहा है। स्थान सीमित होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही माल गोदाम रोड से बदायूं चुंगी तक जाम की स्थिति रहने से परेशानी होती है। बदायूं चुंगी के पास एक रेलवे क्रासिंग भी पड़ता है। रेलवे फाटक बंद होने से मुसीबत और बढ़ जाती है।

इसे देखते हुए परिवहन विभाग ने पॉवर हाउस में रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण को 2 एकड़ भूमि का चयन कर प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। चिंहित भूमि की भार वहन क्षमता के लिए मिट्टी की जांच पूरी हो चुकी है। रोडवेज बस स्टैंड निर्माण की जिम्मेदारी लखनऊ की सीएनडीएस संस्था को सौंपी गई है। बस स्टैंड का निर्माण लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। फिलहाल कार्यकायी संस्था को शासन की ओर से किश्त जारी नहीं की गई है। किश्त जारी होने पर निर्माण कार्य आरंभ करा दिया जाएगा।

> पॉवर हाउस में 2 एकड़ भूमि पर रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण किया जाना है। लखनऊ की संस्था को पहली किश्त जारी नहीं हो सकी है। किश्त जारी होने पर निर्माण कार्य आरंभ करा दिया जाएगा।
> **-प्रेम सिंह**, एआरएम, पीतल नगरी डिपो, मुरादाबाद

# गंगा किनारे देर रात जलीं मां और दोनों बेटियों की चिताएं

## मां और बहनों के शवों को मुखाग्नि देते समय कांप रहे थे सचिन के हाथ

- कर्ज से परेशान हो ग्रामीण, पत्नी और बेटियों ने खा लिया था जहर
- ग्रामीण अस्पताल में जिंदगी के लिए जंग लड़ रहा

**कार्यालय संवाददाता, बिजनौर**

**अमृत विचार:** बिजनौर के नूरपुर क्षेत्र के गांव टंडेरा में कर्ज और कलह से जूझ रहे परिवार की त्रासदी का अंतिम अध्याय गुरुवार की रात लिखा गया। मां और दो बेटियों के शवों का देर रात गंगा किनारे अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों की आंखें नम थीं, माहौल बेहद भावुक। इस दर्दनाक क्षण में परिवार के इकलौते पुत्र सचिन ने ही मां रमेशिया और दोनों बहनों अनीता व शीतू के शवों को मुखाग्नि दी।

गुरुवार सुबह जहरीला पदार्थ खाने के बाद इस परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई थी, जबकि पिता पुखराज अब भी मेरठ के एक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। पुखराज को अब तक इस बात की खबर नहीं दी गई कि उसकी पत्नी और दोनों बेटियां इस दुनिया को अलविदा कह चुकी हैं। परिवार का अंतिम संस्कार गुरुवार रात लगभग 12 बजे टंडेरा के पास गंगा नदी किनारे की गई। तीन चिताएं एक साथ जलीं। बेटे सचिन की आंखें नम थीं और बड़ी बहन पूनम व बुआ रामवती का रो-रो कर बुरा हाल था। प्रशासन की ओर से पर्याप्त पुलिस सुरक्षा के बीच यह अंतिम संस्कार कराया गया।

### विवाहित बेटी ने तहरीर में सूदखोरों पर लगाए आरोप

पुलिस ने मृतक पुखराज की विवाहित बेटी पूनम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर में सूदखोरों और फाइनेंस एजेंटों द्वारा लगातार मानसिक प्रताड़ना, दबाव और धमकी दिए जाने की बात कही गई है। पूनम ने यह भी आरोप लगाया है कि पिछले कई दिनों से घर में तनाव का माहौल था और सूदखोर दरवाजे पर आकर धमकी दे रहे थे। एसडीएम नितिन तेवतिया, एसपी देहात विनय कुमार और सीओ देश दीपक सिंह द्वारा गांव में पहुंचकर जांच की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को पति ने जमकर पीटा

- सीता रोड पर निजी हॉस्पिटल में प्रेमिका से मिलने पहुंचा था प्रेमी तभी पति ने पकड़ लिया

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** निजी हास्पिटल में नर्स को अपने प्रेमी से बात करते पति ने रंगे हाथ पकड़ लिया। हंगामा होने पर हास्पिटल प्रबंधन ने प्रेमी व पति को बाहर निकाल दिया। इसके बाद दोनों में जमकर मारपीट हुई। घटना हॉस्पिटल के लग रहे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बाद में कुछ लोगों ने दोनों में समझौता करा दिया।

कोतवाली क्षेत्र के सीता रोड पर एक निजी हॉस्पिटल में शहर की एक महिला नर्स का कार्य करती है। महिला का मुरादाबाद निवासी युवक से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। युवक भी एक निजी हॉस्पिटल में कार्य करता है। दोनों में अक्सर फोन पर बात होती है। शुक्रवार की रात फोन पर बात होने के बाद प्रेमी सीता रोड स्थित निजी हॉस्पिटल में नर्स से मिलने पहुंच गया। तभी किसी ने नर्स के पति सूचना दे दी। मौके पर पहुंचे पति ने दोनों को बातचीत करते पकड़ लिया। दोनों में कहासुनी के बाद हंगामा शुरू हो गया।

हॉस्पिटल प्रबंधन ने दोनों को बाहर निकाल दिया। इसके बाद कहासुनी के बाद दोनों मारपीट शुरू कर दी। जिसमें प्रेमी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों समझौता करा दिया।

# शिक्षामित्र ने हड़प ली बीमा क्लेम की रकम, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/कैला देवी,अमृत विचार :** शिक्षा मित्र ने कैंसर पीड़ित की पत्नी को बीमा क्लेम दिलाने का झांसा देकर ठगी कर ली। पति की मौत हुई तो महिला को एक भी पैसा बीमा क्लेम का नहीं दिया। शिक्षा मित्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

सौंधन मोहम्मदपुर गांव निवासी साबरी का कहना है कि उसका पति शरीफ कैंसर से पीड़ित था। शिक्षामित्र जाकिर हुसैन ने कहा कि पति की मौत निश्चित है। पति का बीमा करा लो। वह बातों में आ गई और बीमा करा दिया। मुरादाबाद में बैंक में खाता खुलवाया और कई बार मुरादाबाद के चक्कर लगवाए। 14 मई को पति की मौत हो गई। जाकिर घर पहुंचा और खाते में पैसे आने की बात कही। कहा कि पैसे आधे-आधे होंगे। उसने महिला के बैंक खाते पर एटीएम भी जारी करा लिया जिसमें अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराया। बाद में खाते पैसे नहीं आने की बात कही। महिला ने जानकारी लेनी चाही तो जेल भिजवाने की धमकी दी। महिला ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जाकिर हुसैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# डीएम ने एसडीएम और तहसीलदार कोर्ट का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने संभल में तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। जिसमें पंजिकाओं, धारा 24 पंजिका, धारा 67 पंजिका को चेक किया। लंबित वाद, पेशी पंजिका को देखकर जवाब आपत्ति को लेकर निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि किसी कार्य दिवस पर कोर्ट है तथा बैठक में भी सम्मिलित होना है तो अपने उच्च अधिकारी को सूचित किया जाए। इसके बाद डीएम ने एसडीएम न्यायालय का निरीक्षण किया। वहां भी पंजिकाओं को देखा। कोर्ट परिसर को आईएसओ सर्टिफाइड कराने के निर्देश दिए। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के सत्यापन पर भी चर्चा की। डीएम ने निर्देश दिए कि जिन वादों को 45 दिन में निस्तारण होना है, उनकी 15 दिन में रिपोर्ट आ जाए तथा अन्य वादों की रिपोर्ट एक माह में आ जाए। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एसडीएम विकास चंद्र, एसओसी चकबंदी मातवर सिंह, तहसीलदार धीरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार आदि रहे।

### वेयर हाउस में कक्षों का होगा दीमक ट्रीटमेंट

डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। समें वेयर हाउस की साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि व्यवस्थाओं को देखा। कृषि विभाग के माध्यम से दीमक ट्रीटमेंट कराने के निर्देश दिए। ईओ नगर पालिका को कक्षों एवं भवन की साफ ली। धिकारियों के अलावा सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी व अन्य राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि रहे ँ।


Admission Open
Session 2025-26
BIU College of Pharmacy BIUCOP Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



FOPS Faculty of Paramedical Sciences Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
▪ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
▪ BRIT (Intake-80 Seats)
▪ BPT (Intake-40 Seats)
▪ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
▪ BOTT (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
▪ MPT (Intake-20 Seats)
▪ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
▪ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
▪ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
▪ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
▪ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


## सार संक्षेप

### भाकियू ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों के द्वारा बिजली के निजीकरण व दरों को लेकर जिला अध्यक्ष राहुल सिद्धू के नेतृत्व में गजरौला में अधिशासी अभियंता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिजली निजीकरण को लेकर उत्तर प्रदेश के किसानों में रोष है। सरकार ने फैसला वापस नहीं लिया तो आंदोलन किया जाएगा। जिन लोगों से दो वक्त की रोटी नहीं कमाई जा रही सरकारी राशन के ऊपर उनका परिवार पल रहा है। ऐसे लोग डिजिटल मीटर का बिल नहीं भर सकते। जिला उपाध्यक्ष नितिन चौधरी,अंकुर चौधरी,पंचम सिंह,विजयवीर सिंह,चंद्रपाल सिंह,अरुण सिद्धू, जुनैद चौधरी आदि किसान लोग मौजूद रहे।

### दवाई डाल जलाई खेतों में लगी धान की पौध



**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर के गांव अल्लीपुर बुजुर्ग उर्फ बड़ा गांव निवासी अजय कुमार व संजय कश्यप तथा गांव आटा निवासी अर्जुन सिंह के प्रहलादपुर के रकवे में धान की पौध लगी है। किसी अराजक तत्व ने तीनों किसानों के खेत में दवाई डाल दी। जिससे किसानों के खेत में लगी धान की पौध जल गई। जिससे अजय कुमार को 20 हजार रुपये, संजय कश्यप को 15 व अर्जुन सिंह को 45 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ितों की ओर से थाने में तहरीर दी गई है।

### बंदरों ने वृद्धा को किया गंभीर घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार** : धनारी थाना क्षेत्र के गांव हरफरी निवासी वृद्धा गीता पर शुक्रवार को बंदरों ने हमला कर दिया। गीता ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। परिजनों ने बंदरों को भगाकर उन्हें बचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ने उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया। बंदरों के आतंक के कारण ग्रामीणों में खौफ है। बताते हैं कि पांच दिनों में बंदर दो दर्जन से अधिक लोगों को काट चुके हैं। फिर भी जिम्मेदार बंदरों को पकड़ने की ज़हमत नहीं उठा रहे हैं।

### ग्राम चौपाल में उठी बंदरों से निजात दिलाने की मांग

**संभल/मनोटा, अमृत विचार** : विकास खंड असमोली की ग्राम पंचायत दबोई कला में ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों की सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बंदरों से निजात दिलाने की मांग उठाई। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने शिकायती पत्र मिलने पर बीडीओ रिजवान हुसैन और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शौकीन अहमद को बंदरों की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। डॉ. अनुज कुमार से गोल्डन कार्ड के बारे में जानकारी की और सूची मांगी लेकिन नहीं दिखा सके। सीडीओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए समय से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने गोल्डन कार्डों की सूची नहीं मिलने पर सीएचओ विजेंद्र सिंह को फटकार लगाई। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों को अन्नप्राशन कराया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**चन्दौसी/ कुढफतेहगढ, अमृत विचार** : थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र में बिलारी-आसफपुर मार्ग पर डारनी और भूडी चौराहे के बीच सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार मीट बिक्रेता सपीक पुत्र रसीद निवासी चन्दौसी तथा पीछे बैठा बच्चा अलीशान पुत्र नदीम निवासी सम्भल घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी चन्दौसी भिजवाया, सपीक की हालत गम्भीर होने पर मुरादाबाद रेफर कर दिया गया है। ट्रैक्टर व बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**संभल, अमृत विचार** : सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरी सराय निवासी शाकिर चौधरी की संभल-गवां मार्ग पर मोतीनगर में पौधों की नर्सरी है। तसलीम नर्सरी की देखभाल करता है। शुक्रवार को तसलीम नर्सरी से निकलकर किसी काम से सड़क पर आया तो अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। हादसे में तसलीम घायल हो गया। लोगों की सूचना पर शाकिर चौधरी भी पहुंच गया। जिसके बाद तसलीम को जिला अस्पताल लाकर उपचार शुरू कराया गया। वहीं हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग गया।

### पत्नी बोली-दूसरी महिला को ले आया पति

**संभल/ओबरी, अमृत विचार** : असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि उसकी शादी 20 फरवरी 2010 को एक गांव के व्यक्ति के साथ हुई थी। शादी के बाद से दहेज के लिए मारपीट की जाती है। खर्चे के लिए भी प्रताड़ित किया जाता है। महिला केचार बच्चे हैं। महिला का कहना है कि 25 जून को पति किसी अन्य महिला को घर ले आया। उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। त महिला ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### मां-बेटी के साथ मारपीट, तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**संभल/ओबरी, अमृत विचार** : असमोली थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी निवासी चांदनी ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि चाचा पप्पू, गुड्डु व चाची लोकेश देवी से जमीन बेचने को लेकर दो दिन पहले कहासुनी हुई। शुक्रवार को आरोपियों ने घर के दरवाजे पर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव के लिए मां राकेश देवी पहुंची तो उसे भी पीटा। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम का क्लिनिक पर छापा

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला में स्थित सिटी आयुष क्लीनिक पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस के साथ छापेमारी की। स्वास्थ्य विभाग को क्लीनिक में मरीजों को भर्ती करके इलाज किए जाने की शिकायत मिली थी। दस्तावेज देखने के बाद टीम लौट गई। टीम में डॉ.प्रदीप कुमार, डॉ. उन्नति, डॉ.दीपा अग्रवाल, चौकी इंचार्ज मंसूरपुर माफी ओम सिंह रहे।

# जल निगम के कर्मी खोल ले गए जनरेटर, बैटरा, पानी सप्लाई ठप



पानी सप्लाई के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**ढबारसी, अमृत विचार :** गारवपुर गांव में चोर ओवरहेड टैंक के उपकरण चोरी कर रहे हैं। पुलिस जल निगम के कर्मचारियों को हड़का रही है। पुलिस से सुरक्षा न मिलने की वजह से जल निगम के कर्मचारी वृहस्पतिवार की रात जनरेटर, बैटरा व सोलर पैनल आदि खोल कर ले गए जिससे गांव की जल आपूर्ति ठप हो गई।

ग्रामीणों को जल निगम कर्मियों द्वारा सामान ले जाने की सूचना मिली तो वे हंगामा करने लगे। मौके पर मौजूद चौकीदार नरेश कुमार ने अधिकारियों को अवगत कराया तो अधिकारियों ने ग्रामीणों को शीघ्र जल आपूर्ति करने का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। चौकीदार ने बताया कि कुछ माह पूर्व जनरेटर का बैटरा चोरी हो गया था जिसकी सूचना आदमपुर पुलिस को दी गई थी लेकिन पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम रही। बुधवार की रात्रि चोरों ने अपरेटर कक्ष का ताला तोड कर चोरी का प्रयास किया था। जाग होने पर चोर भाग गए थे। पुलिस ने जल निगम के कर्मचारियों को ही हड़का दिया। जल निगम के जिला परियोजना प्रबंधक कपिल कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा सुरक्षा न मिलने की वजह से सामान को हटवा दिया था। पान मिलने पर हंगामा करने वालों में अनमोल , ग्राम प्रधान राजवीर सिंह, मलखान सिंह ओमपाल सिंह,अरूण शर्मा, मोहित शर्मा, फूलसिंह,रवि चौधरी, महीपाल सिंह, रंजीत कुमार, योगेश कुमार, मनवीर सिंह आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### तीन कंपनियों को दी जाएगी 169.60 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार की ओर से अलीगढ़, हरदोई और बाराबंकी की तीन कंपनियों को 169 .60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सौंपी जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस कड़ी में मेसर्स जेके सीमेंट लि. अलीगढ़ को 21 करोड़ 39 लाख 13 हजार 970 रुपये, मेसर्स वरूण बेवरेजेज लि. हरदोई को 66 करोड़ 34 लाख 22 हजार 136 रुपये और मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्रा. लि. बाराबंकी को 81 करोड़ 87 लाख 03 हजार 25 रुपये की प्रोत्साहन प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।

### बरेली में पशुपतिनाथ मंदिर का होगा पर्यटन विकास

अमृत विचार, लखनऊ : नाथ कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बरेली के पशुपतिनाथ मंदिर का विकास कराया जाएगा। करीब 2 .30 करोड़ रुपये से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ ही आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, बिजनौर में गोगा जाहरवीर मेला स्थल के पर्यटन विकास के लिए 38 लाख रुपये जारी किए गए हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।

### समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर सहमति

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर विभागीय मंत्री असीम अरुण की सहमति मिली है। इससे पहले शुक्रवार को भागीदारी भवन में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विकास संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से सम्बंधित मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों की मांगे और समस्याएं सुनने के बाद समाज कल्याण मंत्री ने मंच से ही कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण को निर्देश दिया कि इनकी मांगों को पूरा किया जाये।

# बेहतर कानून व्यवस्था और समान अवसर देने से अग्रणी बना यूपी : योगी


## मुख्यमंत्री ने की 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा की। कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था और सभी समुदायों को समान अवसर देने के कारण ही यूपी देश में अग्रणी बन रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 55 हजार युवाओं को 5 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण और 10 प्रतिशत सरकारी अनुदान प्रदान किया गया है। बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 1 लाख से अधिक परंपरागत कारीगरों को टूलकिट और सस्ते ऋण प्रदान किए गए हैं।

योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला इंटरनेशनल ट्रेड शो यूपी के एमएसएमई उत्पादों को वैश्विक खरीदारों तक पहुंचाने का मंच प्रदान करेगा। बताया कि यूपी के 77 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है और 75 नए आवेदनों पर कार्य चल रहा है। इस अवसर आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो से संबंधित एक लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया।



लखनऊ के लोक भवन सभागार में उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री राकेश सचान व अन्य। अमृत विचार

### इन औद्योगिक इकाइयों को दिए आवंटन पत्र

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आख्यान खैमई अलीगढ़ की पांच औद्योगिक इकाइयों और उनके प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र वितरित किया। इस दौरान मेसर्स मैक्स बोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सत्येन्द्र शुक्ला और विशाल गुप्ता, मेसर्स मानसरोवर इंगट प्राइवेट लिमिटेड की अदिति और अंशिका मित्तल, मेसर्स मैडवाई इंडिया के पवन ओझा, मेसर्स प्रभा इंटरनेशनल के अतुल शर्मा, मेसर्स गायत्री बिल्डिंग मैटेरियल के कुलदीप आर्य को आवंटन पत्र वितरित किया।

### प्रोत्साहन नीति के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित

मुख्यमंत्री ने एमएसएमई प्रोत्साहन नीति के लाभार्थियों को चेक वितरित किया। इसमें मेसर्स स्किम ग्लासेज़ वाराणसी से प्रशांत लालवानी, जय मां दुर्गा प्लाईवुड इंडस्ट्रीज रायबरेली के जितेन्द्र बहादुर सिंह, मां अम्बे राइस मिल महाराजगंज के राजेश मधेशिया, सावित्री इंडस्ट्रीज गोरखपुर के गोविंद प्रसाद, तिरुपति बालाजी प्रिंट पैक प्रालि संत कबीर नगर के नमन वैश्य को डमी चेक वितरित किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव एमएसएमई आलोक कुमार, एसएलवीसी के कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने लिया राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी का जायजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों हवाई सर्वेक्षण के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बाद में समीक्षा बैठक निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें। आयोजन ऐसा हो जो राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए। पिपरी में बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 1 जुलाई को करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व योगी ने लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

# अधिकतम चार घंटे में होगा पोस्टमार्टम

## संवेदनशील मामलों में डॉक्टर व अधिकारी बरतें सावधानी : ब्रजेश पाठक



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवारों को अब अधिक इंतजार नहीं करना होगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दुःख की घड़ी में परिवारीजनों की पीड़ा कम करने के लिए पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम की नई गाइड लाइन जारी कर दी है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराएं, ताकि परिवारीजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जाए। जल्द से जल्द शव के साथ संबंधित अभिलेख भी पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की कृत्रिम व्यवस्था की जाए। दूसरे जरूरी संसाधन भी पर्याप्त हों, ताकि 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे। उन्होंने बताया कि हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराएं जाएं। हालांकि अपरिहार्य कारणों में जिला मजिस्ट्रेट व उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति पर रात में भी पोस्टमार्टम कराया जा सकता है।

### वीडियोग्राफी का पैसा परिवार से न लिया जाए

कानून व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, एनकाउंटर, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु आदि में रात में होने वाले पोस्टमार्ट की वीडियोग्राफी कराई जाए। शासनादेश के मुताबिक, पैनल के तहत होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाए। इसका पैसा पीड़ित परिवारीजनों से नहीं लिया जाए। वीडियोग्राफी का भुगतान रोगी कल्याण समिति व अन्य मदों से किया जाए।

### ऑनलाइन जारी की जाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट

पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ऑनलाइन जारी की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पोस्टमार्टम हाउस में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर व दो डाटा इंट्री ऑपरेटर सीएमओ द्वारा तैनात किए जाएं। शव को अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस ले जाने के लिए वाहन का इंतजाम किया जाए। सीएमओ हर जिले में दो शव वाहन की व्यवस्था करें।

### पैनल में महिला डॉक्टर शामिल की जाएं

महिला अपराध, रेप, विवाह के प्रथम 10 वर्षों के भीतर महिला की मृत्यु की दशा में पोस्टमार्टम पैनल में महिला डॉक्टर अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। अज्ञात शव की पहचान के लिए डीएनए सैंपलिंग कराई जाए।

# बाल वाटिका कक्षा के लिए नियुक्त किए जाएंगे ईसीसीई एजुकेटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 8800 ईसीसीई एजुकेटर की जिला स्तर पर होगी नियुक्ति शासनादेश जारी

**अमृत विचार :** शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे बच्चों (3 से 6 साल) के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका (प्ले ग्रुप) संचालित होंगे। परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका कक्षा चलेंगी, जिसमें छह साल तक के बच्चों को पूर्व माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 8800 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' (ईसीसीई एजुकेटर) की नियुक्ति होगी। इसके लिए केंद्रांश के रूप में राज्य सरकार द्वारा एक अरब 13 करोड़ 62 लाख 44 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आनन्द कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बाल वाटिका कक्षा के लिए ईसीसीई एजुकेटर संविदा पर सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध किए जाएंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उप्र. की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति निगरानी करेगी। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे, जबकि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा बतौर सदस्य होंगे।

बालवाटिका कक्षा में तीन से छह साल की आयु के बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करना है, बच्चों के भौतिक, मानसिक, सामाजिक संवेगात्मक एवं अकादमिक विकास के लिए वातावरण सृजन करना होगा।

### आवेदक की अर्हता

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि ईसीसीई एजुकेटर की संविदा पर 11 माह के लिए नियुक्ति होगी, जिसे प्रतिमाह 10 हजार 313 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। आवेदक की अधिकतम आयु 40 वर्ष, गृह विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना जरूरी है, आरक्षित वर्ग को नियमानुसार अंकों में पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा नर्सरी अध्यापक शिक्षा, सीटी आदि कम से कम दो वर्ष की अवधि का डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता जरूरी है।

# फ्लैट में छाप रहे थे जाली नोट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एटीएस ने हापुड़ के पिलखुआ में गिरोह को पकड़ा
- 3.9 लाख के जाली नोट समेत तीन गिरफ्तार



गजेंद्र यादव

**अमृत विचार :** हापुड़ के पिलखुआ स्थित फरीदनगर रोड दिनेश नगर कालोनी में जाली नोट छापने का काला कारोबार चल रहा था। जानकारी होने पर गुरुवार देर शाम को एटीएफ (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) ने छापा मारकर सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। फ्लैट के अंदर से 3.90 लाख रुपये जाली भारतीय मुद्रा बरामद की है। आरोपी जाली नोट छापकर प्रदेश के कई जिलों में फैले अपने नेटवर्क के जरिये खपा रहे थे। एटीएस की टीम गिरोह के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक, जाली नोट खपाने वाले गिरोह के बारे में जानकारी मिली। टीम ने पिलखुआ के फरीदनगर, भोजपुर रोड के पास एक कार की घेराबंदी कर गजेंद्र यादव और सिद्धार्थ झा को पकड़ा। कार के अंदर काफी मात्रा में जाली भारतीय मुद्रा रखी थी। दोनों इस जाली नोट को एक पार्टी को देने जा रहे थे। दोनों की निशानदेही पर टीम ने दिनेश नगर स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा। जहां से उनका साथी विजय वीर पकड़ा गया। फ्लैट में जाली नोट छापने के सामान व जाली नोट का जखीरा मिला। आरोपियों के खिलाफ एटीएस थाना लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों गिरोह का सरगना बुलंदशहर के जीवन गीत गजौरी का रहने वाला गजेंद्र यादव है। गजेंद्र लाखन रेलवे स्टेशन पिलखुआ पर प्वाइंट मैन के पद पर तैनात है। इसके अलावा नई दिल्ली गाजीपुर का सिद्धार्थ झा और बुलंदशहर के रसूलपुर का विजय वीर चौधरी गिरफ्तार किया गया है।

# 23 वन अफसरों के तबादले, डीएफओ पद पर नई नियुक्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन को लेकर किया बदलाव

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने राज्य वन सेवा के 23 अफसरों के तबादले कर दिए हैं। गुरुवार देर शाम जारी शासनादेश के अनुसार इन तबादलों में कई जिलों में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) के पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं, जबकि कुछ अफसरों को अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन, और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन की नजर से लिया गया है। कुछ तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, जबकि अन्य 1 जुलाई और 1 अगस्त से प्रभावी होंगे।

तबादलों के इस क्रम में संजय कुमार मल्ल को मैनपुरी का प्रभारी डीएफओ नियुक्त किया गया है। चंद्र प्रताप सिंह को औरैया का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से प्रभावी होगा। राजीव कुमार को फर्रुखाबाद का डीएफओ नियुक्त किया गया है। विनीता सिंह को अमरोहा का डीएफओ बनाया गया है। उनका कार्यभार 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

वहीं, संजीव कुमार को कासगंज में डीएफओ का पद सौंपा गया है। अमरकांत शुक्ला को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनाती मिली है। तौफीक अहमद को उत्तर प्रदेश वन निगम में स्थानांतरित किया गया है। आशुतोष पांडेय को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर भेजा गया है। प्रदीप कुमार वर्मा को बदायूं में डीएफओ के रूप में नियुक्त किया गया है।

अमित सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। उमेश तिवारी को अंबेडकरनगर का डीएफओ नियुक्त किया गया है। दिलीप कुमार तिवारी को ओबरा में डीएफओ का कार्यभार दिया गया है। मानेंद्र सिंह को फिरोजाबाद का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। हरिकेश नारायण यादव को संतकबीरनगर भेजा गया है। राकेश कुमार को मिर्जापुर का डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से लागू होगा।

इसी क्रम में प्रोमिला को जौनपुर में डीएफओ का पद सौंपा गया है। प्रीति यादव को संभल का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। अर्शी मलिक को हापुड़ भेजा गया है। शिरीन को बस्ती का डीएफओ नियुक्त किया गया है। हरेंद्र सिंह को बुलंदशहर में डीएफओ पद पर तैनात किया गया है। यह आदेश 1 अगस्त से प्रभावी होगा। राकेश चंद्र यादव को हाथरस भेजा गया है। कमल कुमार को रेनुकूट तो वहीं विनोद कुमार को शाहजहांपुर का डीएफओ बनाया गया है।

# छह शहरों की संवरेगी सूरत, 71 करोड़ से बनेगा रीजनल प्लान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर हरदोई, उन्नाव व रायबरेली का होगा विकास
- एलडीए में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष किया गया प्रस्तुतिकरण

**अमृत विचार :** लखनऊ जल्द दिल्ली-एनसीआर की राह पकड़ेगा। स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के अंतर्गत लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली में नियोजित रूप से विकास व अवस्थापना के कार्य कराए जाएंगे। इससे इन जनपदों में लोगों को निवास के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। आर्थिक विकास को भी रफ्तार मिलेगी।

शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में शुक्रवार को हुई एक अहम बैठक में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष इस योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपी एससीआर के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में एईकॉम इंडिया प्रालि एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रालि के कंसोर्टियम का चयन किया गया है। 71 करोड़ की लागत से कंसल्टेंट कंपनी द्वारा एक वर्ष में रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। साथ ही अगले पांच वर्ष में रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं को चिन्हित करते हुए उनका डीपीआर तैयार करेंगी। स्थल पर परियोजनाओं को क्रियान्वित कराने का काम कराएंगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि एससीआर का क्षेत्रफल लगभग 26,700 वर्ग किमी होगा। आधारभूत सुविधाओं को उच्चीकृत किया जाएगा। जनपदों के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी का प्रावधान किया जाएगा। इसके तहत मिसिंग रोड नेटवर्क को पूर्ण किया जाएगा, रैपिड रेल, रिंग रोड व एक्सप्रेस-वे का काम कराया जाएगा। आवागमन तेज और सुगम होने से औद्योगिक व व्यावसायिक विकास को बल मिलेगा।

### एससीआर के लिए वर्ल्ड बैंक करेगा मदद

बैठक में वर्ल्ड बैंक की टीम भी मौजूद रही। इनके सदस्यों ने बताया गया कि वर्ल्ड बैंक की सहभागिता से कई विकसित देशों के शहरों में इस तरह का नियोजित विकास किया गया है। वह एससीआर को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए इस तरह की सफल परियोजनाओं की सूचनाएं साझा करेंगे। एससीआर के रीजनल प्लान में हेरिटेज व सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जाएगा।

## वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1.1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बाँधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।

3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।

5.1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह


6. दांतों की तरह उभरी कंघी

7.1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।

8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।

9. दुहिता, पुत्री, बेटी।

**ऊपर से नीचे**



2.1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।

3.1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।

4.1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।

5.1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।

### वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वे | ■ | 2 अ | 3 प | क | ृ | ष |
| शा | ■ | ■ | रि | ■ | ■ | ■ |
| 4 ख | ट | रा | ग | ■ | ■ | 5 ना |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | ■ | ■ | क |
| श | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | ■ | र |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया-09 .53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। विवेक और चतुराई से काम करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**वृष** – आज दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर अपने रिश्ते खराब न करें। जॉब में बदलाव करने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अस्त-व्यस्त रहेगी। घर वालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार में मन लगायेंगे।

**कर्क** – आज मन में उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में अपयश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या** – आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है।

**तुला** – आज आर्थिक मामलों में किसी पर विश्वास न करें। अपनी योग्यता और क्षमता का विस्तार कर सकते हैं। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। नये लोगों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक** – आज विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे। मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ट विषयों पर चिन्तन-विमर्श करेंगे। समय का भरपूर लाभ उठायेंगे।


**धनु** – आज जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। विरोधियों से आपको सावधान रहना चाहिए।

**मकर** – आज व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। परिवार का खर्च बढ़ सकता है। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनन्द उठायेंगे। विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। जॉब में उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिये जा सकते हैं। नये प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिए। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 06 .35 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

## सुडोकू -22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 1 | | | | 6 | |
| 7 | | | | | 6 | | | |
| | | 9 | | 8 | 5 | | 4 | 3 |
| | 5 | | | | 9 | 3 | | 7 |
| 9 | 2 | | | | | | 8 | 1 |
| 1 | | 3 | 8 | | | | 5 | |
| 3 | 9 | | 5 | 4 | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |
| | 8 | | | | 7 | 2 | | |

### सुडोकू - 21 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 7 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 |

## एक नजर

### अल्काराज का सामना फोगनिनी से तो कोको भिड़ेंगी यास्त्रेमस्का से

**लंदन :** दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है। तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विम्बलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था।

### डब्ल्यूपीएल टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच लुईस से नाता तोड़ा

**नई दिल्ली :** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच जॉन लुईस से नाता तोड़ने का फैसला किया है जो 2023 से उनके साथ थे। डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वारियर्स तालिका में निचले स्थान पर रही थी। टीम ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कोच से अलग होने की जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। कोच जॉन लुइस दिल से, सयंम से और भरोसे से मार्गदर्शन करने के लिए आपका धन्यवाद। आप हमेशा वारियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे। इंग्लैंड के लिए एक टेस्ट, 13 वनडे और दो टी20 खेलने वाले लुईस के मार्गदर्शन में यूपी वारियर्स 2023 में टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ तक पहुंची थी।

### अविनाश साबले की निगाह विश्व चैंपियनशिप पर

**बेंगलुरु :** पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैम्पियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है।

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर में इवन पार 73 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। दीक्षा ने पहले दौर में 69 का कार्ड बनाया था और वह पहले दिन संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर थीं। लेकिन 36 होल में चार अंडर के स्कोर से वह संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गई। अन्य भारतीयों में वाणी कपूर दूसरे दौर में एक अंडर 72 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर बनी हुई हैं। अवनि प्रशांत संयुक्त 39वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 52वें स्थान पर हैं। इन दोनों को दीक्षा और वाणी के साथ कट हासिल करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। स्नेहा सिंह और अमनदीप द्राल संयुक्त 106वें, हिताशी बख्शी संयुक्त 114वें, नेहा त्रिपाठी संयुक्त 129वें और विधात्री उर्स संयुक्त रूप से 131वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### अनीश भानवाला ने रैपिड फायर पिस्टल ट्रायल जीता

देहरादून : ओलंपियन अनीश भानवाला ने ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के तीसरे और चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में लगातार दूसरा ट्रायल जीता जबकि तमिलनाडु की नर्मदा नितिन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में बाजी मारी । नर्मदा ने 24 शॉट के फाइनल में 253 .7 अंक बनाकर विश्व कप फाइनल रजत पदक विजेता सोनम उत्तम मस्कर को 1 .7 अंक से हराया । दिल्ली की राजश्री अनिल कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। क्वालीफिकेशन में नर्मदा छठे स्थान पर रही थी। विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेत मेहुली घोष क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी।

### दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की कोशिश करेगी महिला हॉकी टीम

**बर्लिन :** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी। लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई।

# सिर पर चोट लगने से खिलाड़ी सात दिन रहेगा बाहर

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सभी प्रारूपों में नये नियमों की घोषणा की, वाइड-बाल का बदला नियम गेंदबाजों की करेगा मदद

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा करी दी। इसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरुआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे, जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी।

**'कनकशन' पर दो नियम :** 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा। आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए। आईसीसी ने कहा कि पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा।

**वाइड-बॉल नियम :** वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम लागू किया गया है। जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए। ईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में पीटीआई को बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है। आईसीसी ने कहा कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।

**गंभीर चोट लगने पर बदलेगा खिलाड़ी :** एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किया जाना है। इसमें टीमें अंतिम एकादश में चुने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है। संचालन संस्था ने टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक लाना', बाउंड्री कैच के नियम में बदलाव और वनडे मैच में 34वें ओवर के बाद केवल एक गेंद का नियम लागू करने के अन्य बड़े बदलावों की भी घोषणा की है।

### कैच का नियम बदला

आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर पगबाधा की भी जांच करेंगे। अगर बल्लेबाज पगबाधा आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों रूपों में लागू होगा। नये नियम के तहत संदिग्ध कैच की जांच की जाएगी।



सिर पर चोट की सांकेतिक फोटो।

### अब ऐसा होगा पावर प्ले

आईसीसी ने टी-20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों में बदलाव किए हैं। इनमें यह स्पष्ट किया गया है कि अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए गए हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर कम कर दिए जाएंगे। नये नियम के तहत वर्षा प्रभावित मैचों में पांच ओवर के मैच के लिए 1 .3 ओवर का पावरप्ले होगा। छह ओवर के लिए 1 .5, सात ओवर के लिए 2 .1, आठ ओवर के लिए 2 .2, नौ ओवर के लिए 2 .4, दस ओवर के लिए तीन ओवर, 11 ओवर के लिए 3 .2, 12 ओवर के लिए 3 .4, 13 ओवर के लिए 3 .5, 14 ओवर के लिए 4 .1, 15 ओवर के लिए 4 .3, 16 ओवर के लिए 4 .5, 17 ओवर के लिए 5 .1, 18 ओवर के लिए 5 .2 तथा 19 ओवर के लिए 5 .4 ओवर पावरप्ले के होंगे। इस दौरान ओवर के बीच हुए बदलाव को लेकर अंपायर संकेत देंगे। ये नियम जुलाई से लागू होंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी-20 टूर्नामेंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है।

### शार्ट रन लेने पर जुर्माना



इस तरह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए शॉर्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले पांच रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज अतिरिक्त रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर क्षेत्ररक्षण टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। पांच रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा।

### लार पर प्रतिबंध जारी

गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। गलती से लार लगाने पर गेंद बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर केवल उसी स्थिति में गेंद बदलेंगे जब गेंद बहुत गीली हो या उसमें अतिरिक्त चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों प्रारूपों के लिए है।

### ओवर-रेट पर नियंत्रण

टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो-बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना, घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खिलाड़ी स्थानांतरण की मंजूरी देना तथा पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं। इनमें से कुछ नए नियम विश्व टेस्ट टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के नए चक्र में पहले से लागू हो चुके हैं। सफेद गेंद क्रिकेट से संबंधित नियम दो जुलाई से प्रभावी होंगे। टी-20 प्रारूप में पावरप्ले के दौरान केवल दो खिलाड़ी ही 30 गज के बाहर होते हैं। इसके बावजूद टी 20 मैचों को और स्पष्ट और निष्पक्ष बनाने के लिए इसे सख्ती से लागू करने की बात कही गई है।

# सूर्यवंशी का धमाल, भारत ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

**होव, एजेंसी**

- भारत ने अंडर-19 में पहला मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 दौरे के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।

भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली। वनडे सीरीज के बाद 12 जुलाई से दो युवा टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने छठे ओवर में जैक होम की गेंदों पर तीन छक्के जड़े और फिर जेम्स मिंटो की गेंदों को धुनते हुए 18 गेंद में 48 रन बना डाले। पर उनकी तूफानी पारी अगली ही गेंद पर समाप्त हो गई। स्पिनर राल्फी अल्बर्ट की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने की कोशिश की और ताजीम चौधरी अली के हाथों लपके गए।

# विश्व कप की तैयारी होगी इंग्लैंड से मुकाबले में

**नॉटिंघम, एजेंसी**

### पहला टी20 मैच आज शाम 7:00 बजे से



- पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलकर भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के वातावरण में ढलने का प्रयास करेगी

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग।

भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी।

आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी।

भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट साइवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।



कोलंबो में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या शॉट खेलते हुए। • एजेंसी

# श्रीलंका पारी की जीत से चार विकेट दूर

**कोलंबो (श्रीलंका), एजेंसी**

बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट गंवाकर 115 रन बनाए जिससे श्रीलंका को पारी से जीत दर्ज करने के लिए महज चार विकेट की दरकार है।

श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल की थी जबकि बांग्लादेश की टीम अब भी 96 रन से पीछे है और उसके सिर्फ चार विकेट बाकी हैं। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में अनामुल हक (19), शादमान इस्लाम (12), मोमिनुल हक (15), कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (26), मुश्फिकुर रहीम (26) और मेहदी हसन मिराज (11) के विकेट गंवा दिए। स्टंप तक लिटन दास 13 रन बनाकर खेल रहे थे। श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या (दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इससे पहले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (158 रन) ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में 150 से ज्यादा रन बनाए और श्रीलंका को बढ़त हासिल करने में मदद की।

# प्रशंसक की यात्रा का खर्च उठाएंगे नीरज

**नई दिल्ली :** एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रुपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरु यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया।

# राष्ट्रीय खेलों की पदक विजेता ट्विंकल डोपिंग के लिए निलंबित

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है।

एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था। इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस ताजा निलंबन से देश की मुसीबतें बढ़ना जारी है।

# यूरोप जाने के पहले ही संन्यास का लिया था फैसला : ललित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिए कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली। ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिए। मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।


**कोई दबाव नहीं था :** यह क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा यह फैसला मैंने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैंने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया। भारत के लिए 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिए। टीम का अच्छा साथ रहा। लेकिन अब समय हो गया था। एफआईएच प्रो लीग के लिए यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा। लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा। प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सपना भी टूट गया।

**स्टिंग में आया था नाम :** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया । एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था। उस घटना को अपने कैरियर की सबसे कड़वी याद बताते हुए ललित ने कहा मैं 17 बरस का था और भारत के लिए खेलने का सपना लेकर आया था। उस घटना के बाद टीम से बाहर हुआ था।

### मां की मदद करने के लिए अपनाई थी हॉकी

ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था। उन्होंने कहा परिवार की स्थिति बहुत खराब थी। पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी। ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिए हॉकी थामी थी। मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई . तीन सौ रुपये मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी। उन्होंने कहा स्टिंग में नाम आने के बाद घर भी नहीं जा सकता था कि लोग क्या कहेंगे। ऐसे में मां ने कहा कि सही हो तो हॉकी मत छोड़ना । अच्छा खेलकर नौकरी हासिल कर लो और तभी मैचे सोचा कि अब भारत के लिये हर हालत में खेलना है इसके बाद एयर इंडिया के लिये खेला और लोगों ने मेरी प्रतिभा को पहचानना शुरू किया।

## भारतीय नौसेना की शान



भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस टेग दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में परिचालन तैनाती के तहत पोर्ट विक्टोरिया में है। इस पोर्ट कॉल का उद्देश्य भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। आईएनएस टेग सेशेल्स तटरक्षक बल के साथ आधिकारिक बातचीत और संयुक्त निगरानी अभियानों में भी शामिल होगा। **एजेंसी**

# भारत में भाषाओं का विवाद

## आजादी जितना ही पुराना है

भारत की भाषाई विविधता एक ओर जहां उसकी सांस्कृतिक समृद्धि की प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यही विविधता समय-समय पर विवादों और राजनीतिक बहस का कारण भी बनती रही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने की नीति और कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी-अंग्रेज़ी का वर्चस्व एक बार फिर से भाषाई असंतुलन की बहस को तेज कर रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और कई पूर्वोत्तर राज्यों में क्षेत्रीय दलों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार हिंदी को राष्ट्रीय भाषा की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि संविधान में स्पष्ट है कि भारत की कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। विरोधी इसे हिंदी थोपने की नीति बता रहे हैं, जिससे गैर-हिंदी भाषी राज्यों की संस्कृति, शिक्षा और प्रशासनिक स्वायत्तता को खतरा है। जानिए क्या है भाषा विवाद का इतिहास और एक फिर कैसे ये राजनीतिक मुद्दा बन रहा है।




### फिर बना राजनीतिक मुद्दा

हाल ही में केंद्र सरकार के हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रमों का फिर दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में विरोध हो रहा है। यूपीएससी और अन्य परीक्षाओं में भी हिंदी व अंग्रेजी को प्राथमिकता देने को लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की अनदेखी का आरोप लग रहा है। फिल्म, मीडिया, ओटीटी और शिक्षा में हिंदी की प्रधानता को हिंदी थोपने के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत की सैकड़ों भाषाएं

जनगणना 2011 के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में 122 प्रमुख भाषाएं और 1599 उपभाषाएं बोली जाती हैं। लगभग 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त है। देश में करीब 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। इसके अलावा प्रमुख भाषाओं में बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, उड़िया और पंजाबी भाषाएं शामिल हैं।

### भाषा विवाद का इतिहास

भारत में 1960 के दशक में हिंदी विरोध आंदोलन हुआ था। 1965 में हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में लागू करने का प्रयास हुआ जिसका दक्षिण भारत खासतौर पर तमिलनाडु में भारी विरोध हुआ। इसी दौरान हिंदी थोपने के खिलाफ द्रविड़ आंदोलन का उभार हुआ। इसके बाद केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि अंग्रेजी और हिंदी दोनों आधिकारिक भाषाएं बनी रहेंगी।

### अलग-अलग मत

- कुछ लोगों का मानना है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा, बल्कि यह एक स्वाभाविक रूप से बढ़ती भाषा है। इसके अलावा अंग्रेजी पहले से सभी क्षेत्रों में प्रभावी है, लिहाजा हिंदी वर्चस्व की बात अतिरंजित है।
- हिंदी समर्थकों का कहना है कि एक राष्ट्र, एक भाषा से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना जरूरी है। दक्षिण भारतीय और द्रविड़ पार्टियों का कहना है कि हिंदी थोपना लोकतंत्र और क्षेत्रीय संस्कृति के खिलाफ है। बहुभाषी नीति ही भारत के लिए उचित है।
- पूर्वोत्तर राज्य अपनी भाषाओं को भी संवैधानिक मान्यता और संरक्षण देने की आवाज उठाते रहे हैं। उधर, शिक्षाविदों और भाषा विशेषज्ञों का कहना है कि मातृभाषा में शिक्षा सर्वोत्तम होती है। साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं को सशक्त बनाना चाहिए।
- नई शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा पर जोर, लेकिन क्रियान्वयन कठिन। डिजिटल माध्यम हिंदी और अंग्रेजी पर केंद्रित, इसलिए क्षेत्रीय भाषाएं पिछड़ रही हैं। एआई तकनीकी उपकरणों में हिंदी का वर्चस्व।

## एक नजर

### हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट के घर में चोरी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में एक घर में सेंधमारी और चोरी की घटना सामने आई है जो दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट का बताया जाता है। पिट फिलहाल अपनी नयी फिल्म "एफ1" के प्रचार के लिए विदेश यात्रा पर हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने पुष्टि की कि बुधवार रात 11 बजे उसे लॉस फेलिज में नॉर्थ एजमोंट स्ट्रीट में स्थित घर में हुई सेंधमारी के बारे में सूचना मिली। अधिकारी ड्रेक मेडिसन ने कहा कि तीन संदिग्ध आगे की खिड़की से घर में घुसे, चोरी की और कई चीजें लेकर भाग गए। मेडिसन ने कहा कि अभी चोरी हुई चीजों के बारे में भी जानकारी नहीं मिली है।

### कोलंबिया भूस्खलन में मृतकों की संख्या 14 हुई

**बोगोटा।** उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है तथा अन्य 12 अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गये हैं और करीब एक हजार लोग बेघर हो गये हैं। मेयर लोरेना गोंजालेज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहत और बचाव दल बेलो शहर के प्रभावित एल पिनार इलाके में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, ताकि जीवित बचे हुए लोगों की तलाश की जा सके। गोंजालेज ने कहा, बचाव ऑपरेशन जारी है।

### पाकिस्तान में भारी वर्षा के कारण सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में भारी बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में सात लोगों की मौत हो गई और 27 घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने देर रात बताया कि झेलम नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ओकारा और बहावलनगर में वर्षा जनित घटनाओं में एक-एक बच्चे की मृत्यु की खबर है। मुजफ्फरगढ़ में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी और खानेवाल में बिजली गिरने से एक जान चली गई।

### रूस-यूक्रेन ने एक दूसरे पर दागे लंबी दूरी वाले ड्रोन

**कीव।** रूसी सेना ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर 363 ड्रोन एवं आठ मिसाइलों से हमला किया, इनमें शाहिद और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं। इसके साथ ही यूक्रेन की वायु सेना ने चार ड्रोन को छोड़कर बाकी ड्रोनों और छह क्रूज मिसाइलों को मार गिराया है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर कई क्षेत्रों में 39 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए, जिनमें रोस्तोव क्षेत्र में 19 और वोल्गोग्राद क्षेत्र में 13 ड्रोन शामिल हैं। दोनों क्षेत्र यूक्रेन के पूर्व में स्थित है।

# अमेरिका से बातचीत के मूड में नहीं ईरान

## विदेश मंत्री अराघची ने कहा- अमेरिकी हमलों से मामला जटिल, वार्ता के लिए कोई समझौता भी नहीं

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले से गंभीर क्षति की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि उनके देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ नई वार्ता की संभावना जटिल हो गई है। अमेरिका 2015 के उस परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान ने प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम का दायरा सीमित रखने पर सहमति जताई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान एकतरफा रूप से अमेरिका के इस समझौते से बाहर निकल जाने के बाद यह समझौता विफल हो गया था। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह ईरान के साथ नए सिरे से वार्ता में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह मिलेंगे।

ईरान के सरकारी टेलीविजन पर बृहस्पतिवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस संभावना को खुला छोड़ दिया कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर फिर से वार्ता में शामिल होगा, हालांकि उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि यह वार्ता जल्दी नहीं होगी। उन्होंने कहा, वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई सहमति नहीं की गई है, न कोई समय निर्धारित किया गया है, न ही कोई वादा नहीं किया गया है। हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में भी बात नहीं की है। अराघची ने कहा कि सैन्य हस्तक्षेप करने के अमेरिकी निर्णय ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता को और अधिक जटिल और कठिन बना दिया है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निदेशक राफेल ग्रॉसी ने रेडियो 'फ्रांस इंटरनेशनल' से कहा कि अगर यह सच भी हो जाए, तो भी फोर्दो के ठिकाने को हुआ नुकसान "बहुत, बहुत, बहुत अधिक है"। अराघची ने खुद स्वीकार किया कि 'नुकसान का स्तर बहुत ज्यादा है, और यह गंभीर क्षति है।' उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि नुकसान का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों को अंदर आने दिया जाए या नहीं, हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल बाहर रखा जाएगा।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ क्षेत्रों में वह अपने परिचालन लक्ष्यों से आगे निकल गया है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम किसी भ्रम में नहीं हैं, दुश्मन ने अपने इरादे नहीं बदले हैं। हालांकि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पर नुकसान को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया था।



तेहरान एविन जेल में इजराइली हमले के बाद तबाही की तस्वीर। फाइल फोटो

### परमाणु अप्रसार संधि से निकलने पर कर रहे हैं विचार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि परमाणु ठिकानों को हुए गंभीर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरानी संसद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से बाहर होने पर विचार कर रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने यह युद्ध शुरू किया जबकि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को तैयार था।

### हमले से पहले ही फोर्डो से हटा दिया था यूरेनियम भंडार

**तेहरान।** ईरान ने अपने समृद्ध यूरेनियम भंडार को 22 जून के अमेरिकी हवाई हमलों से पहले फोर्डो केन्द्र से स्थानांतरित कर दिया था। यह जानकारी फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को यूरोपीय अधिकारियों द्वारा साझा किए गए प्रारंभिक खुफिया आकलन के आधार पर दी। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, अगर इस कदम की पुष्टि हो गई तो इसका मतलब होगा कि ईरान का 60% शुद्धता वाला समृद्ध यूरेनियम का 408 किलोग्राम का अधिकांश भंडार सुरक्षित है। हांलाकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स ने यूरोपीय संघ अधिकारियों के हवाले से कहा कि जिस समय हमला हुआ उस समय ईरान का भंडार संभवत: कई स्थलों पर वितरित था और फोर्डो में केंद्रित नहीं था। एक प्रारंभिक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया कि क़ोम के निकट भूमिगत फ़ोर्डो सुविधा में व्यापक क्षति हुई है, लेकिन पूरा विध्वंस नहीं हुआ।

### ईरान ने पूर्ण हवाई क्षेत्र खोलना आज तक के लिए टाला

**तेहरान।** ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से खोलने का निर्णय शनिवार दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने शुक्रवार को ईरानी सड़क एवं शहरी विकास मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अखवान के हवाले से कहा कि यह निर्णय यात्रियों और उड़ानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा देश के पूर्वी हवाई क्षेत्र को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए पुन: खोलने के मद्देनजर लिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी भागों में हवाई क्षेत्र शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 14:00 बजे (1030 जीएमटी) तक बंद रहेगा।

# कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक विधि महाविद्यालय की एक छात्रा के साथ संस्थान के भीतर एक पूर्व छात्र ने बलात्कार किया, दो वरिष्ठ छात्रों ने इसमें उसकी सहायता की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष गोपनीय बयान प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी चल रही है। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की भयावह यादें ताजा कर दीं।

कॉलेज सूत्रों ने बताया कि मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है और अलीपुर पुलिस एवं सत्र न्यायालय में फौजदारी का वकील है। दो अन्य आरोपी मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मुख्य आरोपी को हाल में 45 दिनों की अनुबंध अवधि के लिए संस्थान में अस्थायी गैर-शिक्षण कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्य आरोपी के सोशल मीडिया हैंडल से पता चला है कि वह कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है।



कोर्ट में पेश किया गया मुख्य आरोपी।

- **मुख्य आरोपी और उसके दोनों सहयोगी गिरफ्तार**

### आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया

पुलिस ने बताया कि बलात्कार की घटना 25 जून की शाम को कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय के बगल में एक गार्ड के कमरे में हुई। पीड़िता शैक्षणिक फॉर्म भरने के लिए दोपहर बाद पहुंची थी। आरोपी उसे शाम को कॉलेज के भूतल स्थित कमरे में ले गए जहां रात करीब 10 बजे तक उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बलात्कार के दौरान उसका वीडियो भी बनाया गया।

# भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

अभिनेता-फिल्मकार कमल हासन, बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' की लेखिका-निर्देशक पायल कपाड़िया उन 534 कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष अमेरिका की 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' (ऑस्कर एकेडमी) के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस वर्ष की सूची में हॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की विभिन्न विधाओं से कई प्रभावशाली नाम शामिल हैं, जिनमें कई भारतीय कलाकार भी हैं। हासन, खुराना और कपाड़िया के अलावा सूची में फिल्म 'गली बॉय' के कास्टिंग निदेशक करण माली, 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' के सिनेमैटोग्राफर रणबीर दास और कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर मैक्सिमा बसु के नाम भी हैं।

अकादमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने कहा, ''हम इन प्रतिष्ठित कलाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को अकादमी में आमंत्रित कर बेहद उत्साहित हैं। इन्होंने फिल्म निर्माण और वैश्विक सिनेमा समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।'' वर्ष 2025 के आमंत्रित वर्ग में 41 प्रतिशत महिलाएं, 45 प्रतिशत प्रतिनिधित्वविहीन समुदायों से और 55 प्रतिशत लोग अमेरिका से बाहर के 60 देशों व क्षेत्रों से हैं।



- **कमल हासन, आयुष्मान खुराना और पायल कपाड़िया इनमें शामिल**

# ट्रंप प्रशासन ने सेना को दी दक्षिणी सीमा पर घुसपैठियों को गिरफ्तार करने की अनुमति

**सांता फे (अमेरिका)।** अमेरिका का रक्षा विभाग देश की दक्षिणी सीमा पर एक सैन्य क्षेत्र का विस्तार कर रहा है, जहां सैनिकों को अवैध रूप से अमेरिका में घुसने वाले लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार दिया गया है ताकि उन पर राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ के आरोपों पर मुकदमा चलाया जा सके।

- **सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के बाद बढ़ाई गई सैन्य तैनाती**

वायुसेना ने सोमवार को टेक्सास में सीमा के साथ 400 किलोमीटर लंबे एक संकरे हिस्से को अपने क्षेत्र में शामिल करने की घोषणा की। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किए जाने के बाद बढ़ रही सैन्य तैनाती का हिस्सा है। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नौसेना को भी सीमा पर एक नया राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि नए राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में सेना की जिम्मेदारियों में बेहतर निगरानी और पहचान और घुसपैठ करने वाले लोगों को अस्थायी रूप से हिरासत में लेना एवं उन्हें संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपना शामिल है।

# योजनाओं में कटौती के मुद्दे पर लेबर पार्टी में विद्रोह

**लंदन, एजेंसी**

- **पराजय के डर से अपने रुख से पलटे ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टॉर्मर**

ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को राजनीतिक दबाव के आगे झुकते हुए और अपनी ही पार्टी के सांसदों के हाथों पराजय से बचने के लिए योजनाबद्ध कल्याणकारी सुधारों को लेकर अपना रुख बदल लिया। यह खर्च में कटौती और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के परस्पर विरोधी लक्ष्यों के बीच फंसी वामपंथ की तरफ झुकाव वाली सरकार की ओर से मजबूरी में लिया गया नया 'यू-टर्न' है।

सरकार ने अगले सप्ताह संसद में एक विधेयक लाने की योजना बनाई है जो एक प्रमुख विकलांगता लाभ के लिए पात्रता को सख्त करेगा, जिससे दीर्घकालिक शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों से जूझ रहे हजारों लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता भुगतान (पीआईपी) लाभ से वंचित हो जाएंगे। कम आय वाले लोगों द्वारा प्राप्त एक अन्य स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी योजनाओं के तहत कम हो जाएगा।

सरकार ने कहा कि प्रस्तावित बदलाव लोगों को नौकरी खोजने में मदद करेंगे जबकि उन लोगों के लिए सुरक्षा जाल को संरक्षित करेंगे जो कभी काम नहीं कर सकते। यह कोविड-19 महामारी के बाद से बढ़े हुए कल्याण मद से अनुमानित पांच अरब पाउंड (सात अरब अमेरिकी डॉलर) की प्रति वर्ष की बचत भी करेगा। लेकिन लेबर पार्टी के कई सांसदों ने इन बदलावों पर आपत्ति जताई, जिसके बारे में 'इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल स्टडीज' थिंक टैंक ने अनुमान लगाया कि 2030 तक 32 लाख लोगों की आय में कटौती होगी।

# चीन के नौसेना प्रमुख ली और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक लियू एनपीसी से निष्कासित

**बीजिंग।** चीन में शुक्रवार को नौसेना प्रमुख और एक शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से निष्कासित कर दिया गया। हांगकांग के अखबार 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और देश के राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को एनपीसी से निष्कासित कर दिया गया है।

- **शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को भी केंद्रीय सैन्य आयोग से हटाने के लिए हुआ मतदान**

ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ हाल में कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया। केंद्रीय सैन्य आयोग चीनी सेना का सर्वोच्च कमान है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति शी चिनफिंग करते हैं।

# न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया जोहरान ममदानी की जीत ने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है।

दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है।

'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान खींच रहा है। नवंबर तक का वक्त रोमांचक होगा। इस चुनाव पर सबकी नजरें होंगी।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सलाहकार रहे अजय भूटोरिया ने कहा कि न्यूयॉर्क सिटी डेमोक्रेटिक मेयर पद के प्राइमरी चुनाव में ममदानी की ऐतिहासिक जीत समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। जमीनी स्तर पर समर्थन प्राप्त उनका अभियान क्वीन्स के दक्षिण एशियाई इलाकों से लेकर ब्रुकलिन के प्रगतिशील केंद्रों तक न्यूयॉर्क वासियों के बीच खूब चर्चा में है। हालांकि, भूटोरिया ने कहा कि वह ममदानी की पुलिस की फंडिंग बंद करने की नीति को लेकर चिंतित हैं, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।



- **बौखलाहट में ट्रंप ने ममदानी को सौ प्रतिशत पागल वामपंथी कहा**

**शोध** — जलवायु मॉडल की भविष्यवाणी से अधिक गर्मी अपने अंदर रोक रही है पृथ्वी, 20 वर्ष में दोगुनी हुई दर

# पूरी तरह बिगड़ चुका है पृथ्वी का अंदरूनी ऊर्जा संतुलन

## निष्कर्षों का इशारा- आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में आ सकती है और तेजी

**सिडनी, एजेंसी**

आप जलवायु परिवर्तन को कैसे मापते हैं। एक तरीका है कि लंबे समय तक विभिन्न स्थानों में तापमान दर्ज करना। यह विधि कारगर है, लेकिन प्राकृतिक उतार-चढ़ाव के कारण लंबे समय की प्रवृत्तियों को समझना कठिन हो सकता है। लेकिन एक और तरीका यह स्पष्ट रूप से बता सकता है कि क्या हो रहा है: यह मापना कि पृथ्वी के वायुमंडल में कितनी गर्मी प्रवेश करती है और कितनी गर्मी बाहर निकलती है। इसे ही पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन कहा जाता है और यह अब पूरी तरह से असंतुलित हो चुका है।

हालिया शोध में पाया गया है कि पिछले 20 वर्षों में यह असंतुलन दोगुने से भी अधिक हो गया है। यह असंतुलन अब जलवायु मॉडल द्वारा सुझाए गए असंतुलन से कहीं अधिक है। साल 2000 के दशक के मध्य में, ऊर्जा असंतुलन औसतन 0.6 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यह हाल के वर्षों में, औसतन 1.3 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यानी पृथ्वी की सतह के पास ऊर्जा के संचय की दर दोगुनी हो गई है।

निष्कर्षों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में तेजी आ सकती है। इससे भी बुरी बात यह है कि यह चिंताजनक असंतुलन तब भी उभर रहा है जब अमेरिका में वित्तपोषण की अनिश्चितता गर्मी के प्रवाह पर नजर रखने की हमारी क्षमता को खतरे में डाल रही है। अंदर आने वाली ऊर्जा, बाहर जाने वाली ऊर्जा: पृथ्वी की ऊर्जा संतुलन प्रणाली कुछ हद तक आपके बैंक खाते की तरह काम करती है जैसे उसमें पैसा आता है और खर्च होता है। अगर आप कम खर्च करें, तो आपके खाते में पैसे जमा होने लगते हैं। इसी तरह, ऊर्जा इस प्रणाली की मुद्रा है। पृथ्वी पर जितनी ऊर्जा सूरज से आती है, उतनी ही ऊर्जा वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, पृथ्वी पर जीवन इस संतुलन पर निर्भर करता है। लेकिन जब अंदर आने वाली ऊर्जा बाहर जाने वाली ऊर्जा से अधिक हो जाती है, तो पृथ्वी पर गर्मी जमा होने लगती है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग होती है।



### आने वाले सालों में और गंभीर होंगी जलवायु आपदाएं

निष्कर्षों से पता चलता है कि हाल के वर्षों में पड़े अत्यधिक गर्म साल कोई अपवाद नहीं हैं, बल्कि वे आने वाले दशक या उससे भी लंबे समय तक गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दर्शा सकते हैं। इसका मतलब होगा कि भयंकर हीटवेव, सूखा और अत्यधिक वर्षा जैसी जलवायु आपदाएं जमीन पर और भी ज्यादा गंभीर होंगी। साथ ही समुद्रों में तेज और लंबे समय तक चलने वाली समुद्री हीटवेव भी और ज्यादा तीव्र हो सकती हैं। उपग्रह विशेष रूप से हमारे लिए एक अग्रिम चेतावनी प्रणाली का काम करते हैं, जो हमें ऊष्मा संग्रहण में हो रहे बदलावों की जानकारी अन्य तरीकों की तुलना में लगभग एक दशक पहले ही दे देते हैं।